खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, बुधवार 8 अप्रैल 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 232 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 16°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2083 | 19 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



खड़गे का हिमंत पर हमला, लगाए भ्रष्टाचार के आरोप पेज 2



गुजरात को जीत की तलाश, दिल्ली की नजरें जीत की हैट्रिक पर खेल टाइम्स




क्यों कम हुई हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों की विश्वसनीयता सम्पादकीय



ईरान समर्थित समूहों का अमेरिकी ठिकानों पर ड्रोन हमला पेज 12



केरल विधानसभा चुनाव से पहले, वायनाड जिले के पदिनजरथारा में कांग्रेस महासचिव और वायनाड सांसद प्रियंका गांधी ने एक नुक्कड़ सभा को संबोधित किया।

## लैंगिक समानता के चश्मे से नहीं देखी जा सकती जरूरी धार्मिक प्रथाएं: केंद्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश से जुड़े 2018 के फैसले की समीक्षा याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई शुरू हो गई है। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि सभी संवैधानिक प्रश्नों को केवल लैंगिक समानता के दृष्टिकोण से नहीं देखा जा सकता और 10 से 50 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध का बचाव किया।



■ सुप्रीम कोर्ट में सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश से जुड़े 2018 के फैसले की समीक्षा याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई शुरू

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता में नौ न्यायाधीशों की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। पीठ में न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना, एमएम सुंद्रेश, अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, अरविंद कुमार, ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह, प्रसन्ना बी. वराले, आर. महादेवन और जॉयमाल्या बागची शामिल हैं। केन्द्र और केरल सरकार ने अपने पक्ष में कहा कि यह प्रतिबंध मंदिर के देवता की प्रकृति से जुड़ा एक आवश्यक धार्मिक आचरण है, जो न्यायिक समीक्षा के दायरे से बाहर है। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि भारत में धार्मिक विविधता है और विभिन्न धर्मों तथा संप्रदायों की अपनी-अपनी परंपराएं हैं, जिन्हें समझते हुए अदालत को निर्णय करना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अदालत धार्मिक सिद्धांतों की जांच नहीं कर रही है बल्कि संवैधानिक व्याख्या कर रही है और इसमें विविधता को ध्यान में रखना जरूरी है। गौरतलब है कि 28 सितम्बर 2018 को सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की पीठ ने 4:1 के बहुमत से मंदिर में महिलाओं के प्रवेश पर आयु संबंधी प्रतिबंध हटा दिया था।

### जस्टिस नागरत्ना बोलीं: महिला को महीने के तीन दिन 'अछूत' मानें, चौथे दिन नहीं, ऐसा क्यों



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि इस मामले में 'अनुच्छेद 17' यानी छुआछूत के खिलाफ अधिकार पर दलील किस तरह पेश की जाए, यह मेरी समझ से बाहर है। एक महिला होने के नाते मैं यह कहना चाहूंगी कि ऐसा नहीं हो सकता कि हर महीने 3 दिन तक तो महिला को अछूत माना जाए और चौथे दिन अचानक कोई अछूतपन न रह जाए। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि अगर कोई सामाजिक बुराई है, जिसे धार्मिक प्रथा का नाम दे दिया गया हो, तो अदालत उनके बीच फर्क कर सकती है कि वह एक सामाजिक बुराई है या कोई अनिवार्य धार्मिक प्रथा है। इस पर केंद्र ने कहा कि संवैधानिक दृष्टि से इसका जवाब यह होगा कि इसका समाधान अनुच्छेद 25(2)(इ) में है, यानी संसद इस पर कानून बना सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमरावती को आंध्र की राजधानी बनाने वाले अधिनियम को राष्ट्रपति की मंजूरी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अमरावती को आंध्र प्रदेश की नई राजधानी बनाने से संबंधित आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) अधिनियम, 2026 को मंजूरी दे दी है। विधि और न्याय मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर कहा है कि राष्ट्रपति ने इस अधिनियम को मंजूरी दे दी। अधिसूचना में कहा गया है कि इस अधिनियम को आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) अधिनियम, 2026 कहा जा सकता है और यह आगामी 2 जून से लागू माना जाएगा। दो जून से अमरावती विधिवत रूप से आंध्र प्रदेश की राजधानी बन जाएगी।

### मणिपुर: बम हमले में दो बच्चों की मौत के बाद हिंसा

**इंफाल।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में मोइरांग ट्रोंगलाओबी इलाके में सोमवार देर रात उग्रवादियों ने एक घर में बम फेंक दिया। जिसमें 5 साल के एक लड़के और छह महीने की बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ऑफिसर ने बताया कि जब घर में बम फटा, तब बच्चे अपनी मां के साथ बेडरूम में सो रहे थे। मां घायल है। स्थानीय लोगों ने घटना के विरोध में मंगलवार सुबह प्रोटेस्ट किया। इलाके में एक पेट्रोल पंप के पास दो ऑयल टैंकर और एक ट्रक में आग लगा दी। उन्होंने मोइरांग पुलिस स्टेशन के सामने टायर जलाए और एक पुलिस चौकी को तोड़ दिया। इसके बाद भीड़ ने घटनास्थल से 100 मीटर दूर सीआरपीएफ कैंप पर भी हमला कर दिया। जवाबी फायरिंग में 2 की मौत हो गई, पांच घायल हो गए।

### लश्कर के अंतर राज्यीय आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन लश्कर-ए-तैयबा के एक अंतर-राज्यीय आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी भी शामिल हैं। पुलिस ने इस मॉड्यूल के पकड़े जाने के संबंध में अभी तक आधिकारिक तौर पर कोई बयान जारी नहीं किया है। पिछले कई हफ्तों से चल रहे एक अभियान के दौरान पुलिस ने जम्मू-कश्मीर के बाहर से लश्कर-ए-तैयबा के दो पाकिस्तानी आतंकवादियों को गिरफ्तार किया।

# ईरान में आज रात पूरी सभ्यता होगी खत्म: ट्रम्प

## कहा: ईरान की सभ्यता को फिर कभी वापस नहीं लाया जा सकेगा

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार रात ईरान की पूरी सभ्यता खत्म करने की धमकी दी है। उन्होंने कहा कि मंगलवार रात एक पूरी सभ्यता खत्म हो जाएगी, जिसे फिर कभी वापस नहीं लाया जा सकेगा।

उन्होंने कहा कि मैं नहीं चाहता कि ऐसा हो, लेकिन शायद ऐसा ही होगा। हालांकि, अब वहां सत्ता पूरी तरह बदल चुकी है, जहां अलग, ज्यादा समझदार और कम कट्टर सोच वाले लोग मौजूद हैं। कौन जानता है कि शायद कुछ बहुत शानदार और क्रांतिकारी हो सकता हो? ट्रम्प ने दावा किया कि मंगलवार रात हम दुनिया के लंबे और जटिल इतिहास के सबसे अहम पल के गवाह बनेंगे। 47 सालों की ज्यादती, भ्रष्टाचार और मौत का सिलसिला आखिरकार खत्म हो जाएगा। ईश्वर ईरान के लोगों की रक्षा करे। अमेरिका और इजरायल ने मंगलवार को ईरान में कई जगहों पर हमला किया। सबसे बड़ा हमला खर्ग आइलैंड पर हुआ, जहां आयल टर्मिनल को निशाना बनाया गया। ईरान का करीब 80 से 90 फीसदी कच्चा तेल यहीं से एक्सपोर्ट होता है। इसी दौरान कोम और कशान में भी पुलों को निशाना बनाया गया। काशान के पास यहयाबाद रेलवे पुल पर हमले में 2 लोगों की मौत हो गई और 3 लोग घायल हुए हैं। इसके अलावा उत्तर-पश्चिम ईरान में तबरीज-जंजान हाईवे के पुल पर भी हमला किया गया। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि अगर ईरान ने मंगलवार को रात 8 बजे (अमेरिका समयानुसार) तक होर्मुज स्ट्रेट नहीं खोला, तो उसके जरूरी ठिकानों पर हमला किया जाएगा। इन हमलों के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए यूएई के शारजाह में हमला किया। ईरान पहले ही कह चुका था कि अब वह चुप नहीं बैठेगा। अमेरिका और उसके सहयोगियों के ठिकानों को निशाना बनाएगा। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि ईरान के साथ चल रहे युद्ध में अमेरिका ने अपने ज्यादातर सैन्य टारगेट हासिल कर लिए हैं।

### समयसीमा से पहले ही ईरान पर अमेरिका के ताबड़तोड़ हमले





■ खर्ग द्वीप-पुल को बनाया निशाना, एक साथ 50 ठिकाने तबाह
■ IRGC ने अमेरिका को लक्ष्मण रेखा पार न करने की चेतावनी दी



**तेहरान।** ईरान के खर्ग द्वीप पर मंगलवार को ताबड़तोड़ हमले किए गए हैं। कोम शहर के पास एक पुल को भी निशाना बनाया गया। आईआरजीसी ने अमेरिका को लक्ष्मण रेखा पार न करने की चेतावनी दी है। प्रांत के डिप्टी गवर्नर मोर्तेजा हेदरी ने जानकारी दी कि मंगलवार को अमेरिका और इजरायल ने ईरान के कोम शहर के पास एक पुल पर हमला किया। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, खर्ग द्वीप पर 50 ठिकानों को निशाना बनाया गया है। सरकारी टेलीविजन चैनल के अनुसार, तेहरान के दक्षिण में स्थित कोम के बाहर यह हमला हुआ। डिप्टी गवर्नर मोर्तेजा हेदरी ने कहा कि कुछ मिनट पहले कोम की संपर्क लाइनों में आने वाले एक पुल को निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा कि यह हमला अमेरिकी और जायनिस्ट दुश्मनों के प्रोजेक्टाइल से किया गया। हमले के बाद इलाके में तनाव बढ़ गया है। ईरान के पूर्वोत्तरी शहर मशहद में रेल सेवाएं अचानक रोक दी गई हैं। यह फैसला सुरक्षा कारणों से लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शहर के गवर्नर ने केंद्रीय रेल स्टेशन से चलने वाली सभी ट्रेनों को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। मेहर न्यूज एजेंसी के अनुसार, यह एक एहतियाती कदम है। अगले आदेश तक यह फैसला लागू रहेगा।

# शिक्षामित्रों-अनुदेशकों का मानदेय बढ़ा

## योगी सरकार ने दी 49 नए बस अड्डों को मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में 22 अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए मंत्रियों ने शिक्षा, परिवहन, औद्योगिक विकास समेत कई क्षेत्रों में बड़े निर्णयों की घोषणा की।

कैबिनेट के सबसे महत्वपूर्ण फैसलों में अंशकालिक शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि शामिल है। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि शिक्षामित्रों का मानदेय 10,000 रुपये से बढ़ाकर 18,000 रुपये किया गया है। उन्होंने बताया कि अनुदेशकों का मानदेय 9,000 रुपये से बढ़ाकर 17,000 रुपये कर दिया गया है। यह बढ़ोतरी एक अप्रैल से लागू मानी जाएगी और मई से बढ़ा हुआ भुगतान खातों में आना शुरू होगा। प्रदेश में लगभग 1.42 लाख शिक्षामित्र और करीब 24 हजार अनुदेशक कार्यरत हैं। इस निर्णय से राज्य सरकार पर करीब 217 करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ेगा। परिवहन क्षेत्र में भी बड़ा फैसला लिया गया है। पीपीपी मॉडल पर 49 नए बस अड्डों के निर्माण को मंजूरी मिली है। पहले चरण में 23 बस अड्डों की प्रक्रिया जारी थी, अब कुल 52 जनपदों को इससे जोड़ा जाएगा। बस अड्डों को एयरपोर्ट जैसी आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। इसके अलावा हाथरस (सिकंदराराऊ), बुलंदशहर (डिबाई) और बलरामपुर (तुलसीपुर) में विभिन्न विभागों की जमीन बस अड्डा निर्माण के लिए हस्तांतरित करने को भी स्वीकृति दी गई। मंत्री असीम अरुण ने बताया कि 'डा. बीआर अंबेडकर मूर्ति विकास योजना' के तहत समाज सुधारकों की मूर्तियों के आसपास छतरी, बाउंड्री और सौंदर्यकरण का कार्य कराया जाएगा। इसमें डा. भीमराव अंबेडकर सहित अन्य महापुरुषों के स्थल शामिल होंगे। कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि औद्योगिक विकास विभाग से जुड़े 8 निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी गई, जिनमें, शाहजहांपुर में एग्रो केमिकल्स प्लांट (589 करोड़), गोरखपुर में एथेनॉल उत्पादन क्षमता विस्तार (669 करोड़) और बुंदेलखंड व यमुना अथॉरिटी क्षेत्र में सोलर प्लांट (3805 करोड़) शामिल है।

■ शिक्षामित्रों का मानदेय 10,000 से बढ़ाकर 18,000 रुपये किया गया

## रसोई गैस के बाद अब पीएनजी भी महंगी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण रसोई गैस (एलपीजी) के बाद अब पाइपलाइन के जरिये किचन तक आने वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) के दाम भी बढ़ गए हैं।

दिल्ली-एनसीआर के साथ कानपुर, मेरठ, अजमेर जैसे कई शहरों में घरों में पीएनजी की आपूर्ति करने वाली कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने एक अप्रैल से पीएनजी की कीमत बढ़ाकर दिल्ली में 49.59 रुपये प्रति मानक घन मीटर (एससीएम) कर दिया है। इससे पहले एक जनवरी 2026 से इसकी कीमत 47.89 रुपये प्रति एससीएम थी। इस प्रकार राष्ट्रीय राजधानी में पीएनजी 1.70 रुपये प्रति एससीएम महंगी हो गई है। एनसीआर के दूसरे शहरों में भी कीमत 1.70 रुपये प्रति एससीएम बढ़ाई गई है, जबकि दूसरे शहरों में पीएनजी एक रुपये महंगी की गई है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में एक एससीएम पीएनजी की कीमत 47.76 रुपये से बढ़ाकर 49.46 रुपये कर दी गई है। मुजफ्फरनगर, मेरठ और शामली में 48.35 रुपये, किए गए।

■ IGL ने बढ़ाए दाम

## एयर इंडिया के टिकट आज से होंगे महंगे

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया और उसकी सहायक कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस ने बुधवार 8 अप्रैल से टिकट पर ईंधन शुल्क बढ़ाने की घोषणा की है। एयरलाइंस ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि देश में और वैश्विक स्तर पर विमान ईंधन की कीमतों में पिछले कुछ समय में आई तेजी को देखते हुए ईंधन शुल्क बढ़ाना अनिवार्य हो गया था। घरेलू मार्गों पर 8 अप्रैल या उसके बाद बुक कराई गई टिकटों पर पांच सौ किमी तक की दूरी के लिए 299 रुपये ईंधन शुल्क लगेगा।

# मथुरा में सीएम योगी के कार्यक्रम का टेंट आंधी में उड़ा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश के 20 से ज्यादा राज्यों में आज से आंधी-तूफान और बारिश की संभावना है। मंगलवार से नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय हो गया है। बैक-टु-बैक दो सिस्टम एक्टिव होने से मौसम में बदलाव है। यूपी के लखनऊ, मेरठ और गाजियाबाद में मंगलवार दोपहर बारिश हुई।

मथुरा में तेज आंधी से सीएम योगी के कार्यक्रम का टेंट उड़ गया। वहीं राजस्थान के रेगिस्तानी जिले नागौर में बारिश के साथ ओले गिरे। जयपुर, बीकानेर और टोंक में भी तेज बारिश हुई। इधर, मध्य प्रदेश में अगले 3 दिन आंधी-बारिश और ओले गिरने की संभावना रहेगी। ग्वालियर में मंगलवार को बारिश हुई, जबकि 34 जिलों में अलर्ट है। हिमाचल प्रदेश के चंबा में मंगलवार सुबह लैंडस्लाइड से एक निर्माणाधीन पुल टूट गया। भरमौर और होली क्षेत्र को जोड़ने वाला सिंयूर पुल रावी नदी में समा गया। इसके बाद क्षेत्र के कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और चमोली में मंगलवार को बर्फबारी हुई। दिल्ली-एनसीआर में भी मंगलवार को बारिश हुई।

■ राजस्थान के रेगिस्तान में ओले गिरे, मप्र में बारिश, हिमाचल में लैंडस्लाइड से पुल नदी में गिरा



नई दिल्ली: इंडिया गेट पर हल्की बूंदाबांदी के बीच बदले मौसम का लुत्फ उठाते पर्यटक।

# कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा के घर पहुंची असम पुलिस

**नई दिल्ली।** असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा की ओर से कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा के खिलाफ दर्ज कराई गई प्राथमिकी के सिलसिले में पूछताछ के लिए असम पुलिस की एक टीम श्री खेड़ा के राष्ट्रीय राजधानी स्थित आवास पर पहुंची है।

श्री खेड़ा ने हाल ही में यह आरोप लगाया था कि श्रीमती सरमा के पास तीन विदेशी पासपोर्ट और अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अघोषित संपत्तियां हैं। मुख्यमंत्री और उनकी पत्नी ने इन आरोपों को पूरी तरह गलत और निराधार बताया था। श्रीमती सरमा ने इन आरोपों पर श्री खेड़ा के खिलाफ असम की क्राइम ब्रांच में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

■ हिमंत सरमा की पत्नी की प्राथमिकी के बाद जांच के सिलसिले में होगी पूछताछ

# सरदार सतवंत सिंह सलूजा बने प्रदेश प्रभारी

## व्यापारियों में खुशी की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** स्टेशन रोड स्थित एक होटल में पश्चिमी उ.प्र. उद्योग व्यापार मंडल (धामपुर) द्वारा आयोजित व्यापारी सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में व्यापारियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही और आयोजन अत्यंत सफल एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल एवं अति विशिष्ट अतिथि एसपी पूर्वी अमित किशोर श्रीवास्तव, सीओ अभय पांडे, कोतवाल मृदुल कुमार, विशिष्ट अतिथि रूप में प्रदेश महामंत्री (महिला विंग) मोनिका रुस्तम यादव, प्रदेश कोषाध्यक्ष अलीशा हुसैन सिद्दीकी, प्रदेश प्रभारी युवा जनाब तसलीम इदरीसी, जिलाध्यक्ष विनीत राजपूत, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा जगमीत कौर, मंडल प्रभारी/अध्यक्ष जावेद रहमान शम्सी, नगर अध्यक्ष शेरकोट अंसार अहमद, ऐश्वर्या चौधरी, प्रशांत गुप्ता, अतुल गुप्ता, सुगम जैन, शिवेंद्र अग्रवाल, सुगम जैन, रुस्तम यादव, दिनेश चंद्र नवीन, नवीन गुप्ता, शफक्कत एस भारती रहे। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार सतवंत सिंह सलूजा को प्रदेश प्रभारी बनाए जाने की घोषणा की गई। जिससे व्यापारियों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए सरदार सतवंत सिंह सलूजा ने प्रदेश अध्यक्ष रवि प्रकाश अग्रवाल एवं प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त किया गया, ओर विश्वास दिलाया के वो ऐसे ही व्यापारियों के हक की लड़ाई लड़ते रहेंगे ओर संगठन को ओर मजबूत करने का काम करते रहेंगे।

इसी के साथ व्यापार मंडल ने प्रशासन द्वारा नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने ओर बीते त्योहारों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए एसपी पूर्वी अमित किशोर श्रीवास्तव, सीओ अभय पांडे, कोतवाल मृदुल कुमार को सम्मानित किया। गुलफाम बिजनौरी को भी स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके बाद नए जुड़े व्यापारियों को मनोनयन पत्र व पहचान पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का संचालन इरशाद धामपुरी ने किया। कार्यक्रम सफल बनाने में नगर अध्यक्ष धामपुर एसपी सलूजा, असलम फरीदी, मुनीश गर्ग, सुहैल डिजाइनर, सलमान फरीदी, अमित गुप्ता, मौहम्मद आसिफ, श्यान शम्सी, सुलेमान इदरीसी, हाजी हसन खान, रवींद्र सिंह सिडाना, साजिद खान, मौहम्मद नदीम, अजीत चावला, मुकेश सैनी, शोएब मैक्स, अशोक दुआ, रमेश अग्रवाल, महेश मल्होत्रा, नासिर लिबर्टी, अख्तर मुल्तानी, रियासत मालिक, मौहम्मद शाकिर, मौहम्मद हसन, आसिफ मालिक आदि का योगदान रहा।

# धामपुर फ्लेम-बी ने जीता क्रिकेट मैच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** बीएस क्रिकेट क्लब धामपुर की ओर से सिंदर पाल जुनेजा मेमोरियल टूर्नामेंट का आयोजन केएम इंटर कॉलेज के ग्राउंड में रितेश जुनेजा व युवा सर्राफा संघ धामपुर के अध्यक्ष योगेश रस्तोगी उर्फ बाबू भैया द्वारा कराया जा रहा है।



सोमवार को नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में सीओ धामपुर अभय कुमार पांडे व एसएचओ धामपुर अपनी पूरी टीम के साथ टूर्नामेंट में पहुंचे और फीता काटकर मैच का शुभारंभ किया। दूसरे दिन भी दो मैच का आयोजन कराया गया पहला मैच महल सराय क्लब व धामपुर फ्लेम क्लब-बी के बीच हुआ। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए महल क्लब धामपुर ने आठ ओवर में 100 रन बनाए। जिसमें सादिक ने 30 रन तालिब ने 22 रन, सुहेल उर्फ सेमी ने 12 बनाए। दूसरी टीम धामपुर फ्लेम-बी ने रनों का पीछा करते हुए आसानी से जीत हासिल की। जिसमें यश 14, जीशान ने 34, अनुराग ने पहले ओवर में ही सादिक के ओवर में 34 बना कर मैच वन साइड कर दिया। अम्पायर आमिर अंसारी एड. व प्पपू कप्तान रहे। दूसरा मैच ग्राम बमनोली व बिजनौर क्लब के बीच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए बिजनौर क्लब मात्र 65 रनो पर ऑल आउट हो गई। सादिक 16 रन, मोहित आठ रितिक जैक्सन 17 बनाये।

दूसरी पारी में ग्राम बमनोली के कप्तान गोतम ने शानदार कप्तानी की। टीम के ओपनर बल्लेबाज सादिक खान ने पहले ओवर में ही लगातार चार बॉल पर चार छक्के मारे टोटल 35 रन बनाए। अंकुश ने 17 रन, शाहिद 1 रन, ग्राम बमनोली मात्र तीन ओवर में ही मैच जीत गई। दूसरे मैच के अम्पायर रितेश जुनेजा व आमिर अंसारी एड. रहे। बीएस. क्रिकेट क्लब धामपुर के सदस्य जिनके द्वारा यह है नाइट क्रिकेट टूरनामेंट का आयोजन किया जा रहा है। आमिर अंसारी एड.सलीम उर्फ पप्पू कप्तान रितेश जुनेजा, योगेश रस्तोगी, कॉमेंटेटर दिलावर रजा व मौहम्मद शादाब रहे।

## एक नजर

### भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

**कोतवाली देहात।** भाकियू (अराजनैतिक) की मासिक बैठक ब्लाक सभागार में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश काकरान ने कहा कि ग्राम सिकंदरपुर उर्फ सभाचुंदपुर केशो में सात ट्यूबवैल से मोटर चोरी की गई है। चोरी की घटनाओं का तुरंत खुलासा होना चाहिए। किसानों के नुकसान की भरपाई होनी चाहिए। ग्राम जगन्नाथपुर के बिजेंद्र सिंह के ट्यूबवैल पर भी चोरी हो गई है। ग्राम सिकंदरपुर में लगभग एक महीने पहले टंकी पर चोरी हुई एवं चोरी हुए हाई सिक्योरिटी कैमरे के आईएमइआई नंबर को ट्रैक करके खुलासा किया जाए। ग्राम शेरनगर नरैनी में सगीर अहमद के 90 यूकेलिप्टिस के पेड़ अज्ञात लोगों के द्वारा उखाड़े गए हैं। मामले में कार्रवाई होनी चाहिए। ब्लॉक कोतवाली देहात में स्थित गोशाला की गोचारा की भूमि पर कब्जा हुआ है। सभी भूमि कब्जा मुक्त कराई जाए। बैंक में खाताधारकों को पेमेंट न मिलने की समस्या का समाधान कराया जाए। चोरी की घटनाओं का शीघ्र खुलासा करने के लिए थाना अध्यक्ष कोतवाली देहात को ज्ञापन सौंपा गया। बैठक को धर्मपाल सिंह, मुकुल त्यागी, विजेंद्र सिंह, समर पाल सिंह, अनुज तोमर, संदीप त्यागी, निपेंद्र ठाकरान, बाबूराम सिंह, कार्मेंद्र तोमर, सगीर अहमद आदि ने संबोधित किया।

### झूले से गिरकर युवक घायल



**नजीबाबाद।** रायपुर तिराहे के पास लग रही नुमा. इश में झूले से गिरकर एक युवक गंभीर घायल हो गया। जलालाबाद के मौहल्ला इस्लाम नगर निवासी अजीम पुत्र अनीस अपने परिवार के साथ रायपुर तिराहे पर लग रही नुमाइश में घूमने आया था। वह नुमाइश में लगे नाव वाले झुले पर झूल रहा था। अचानक से वह झूले से गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस द्वारा उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर देखते हुए ऋषिकेश एम्स भेज दिया गया। सूचना मिलने पर नवीन मंडी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

### गायत्री मंत्र की दीक्षा दी

**हल्दौर।** मौहल्ला चमनवाला में शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में आयोजित 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव का आयोजन पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ जारी है। चार दिवसीय इस आयोजन के तीसरे दिन आज विभिन्न वैदिक संस्कार सम्पन्न कराए गए। शांतिकुंज टोली के प्रमुख प्रो. डा. अशोक ने 60 पुरुषों एवं 35 महिलाओं को गायत्री मंत्र की दीक्षा प्रदान कर उन्हें पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य को गुरु रूप में स्वीकार करने का संकल्प दिलाया। इसके साथ ही सात पुंसवन संस्कार, दस विद्यारंभ संस्कार, पांच अन्नप्राशन तथा तीन मुंडन संस्कार विधिवत संपन्न कराए गए। प्रवचन देते हुए डा. अशोक ने कहा कि शिखा और यज्ञोपवीत भारतीय संस्कृति की पहचान हैं और गुरु-शिष्य परंपरा हमारे राष्ट्र की महान धरोहर रही है। उन्होंने रामकृष्ण परमहंस-विवेकानंद, विरजानंद-दयानंद, संद. ीपन-ख्रष्ण और विश्वामित्र-राम जैसे उदाहरणों के माध्यम से इस परंपरा की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी कहा कि नारी को भी यज्ञोपवीत धारण करने, गायत्री मंत्र जपने और यज्ञ करने का पूर्ण अधिकार है। वैदिक काल में मैत्रेयी, घोषा और विश्ववारा जैसी विदुषी महिलाओं ने वेदों की रचना कर समाज को दिशा दी। कार्यक्रम में गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक डा. दीपक कुमार ने कार्यकर्ताओं से घर-घर गायत्री एवं गांव-गांव यज्ञ के प्रसार का आह्वान किया। इस दौरान अमिता यादव, इंद्रदेव शर्मा, पंडित सोमेश्वर दत्त शर्मा, कृष्णा देवी चौहान, नीतू, कौशल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# फिट इंडिया मैराथन एवं रक्तदान शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में 'फिट इंडिया मिनी मैराथन' का भव्य आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ संस्था की चेयरपर्सन डा. नीलम अग्रवाल, महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनिरुद्ध अग्रवाल एवं रजिस्ट्रार राजीव कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। यह मैराथन सुबह 6 बजे 'एचपी पेट्रोल पंप' नींदडू से प्रारंभ होकर कालेज परिसर में समाप्त हुई। जिसमें 667 प्रतिभागियों ने भाग लिया।



संस्था के संयुक्त सचिव अनिरुद्ध अग्रवाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाना तथा फिटनेस को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना है। मैराथन के प्रतिभागियों के लिए नकद पुरस्कार रखे गये। जोकि बालक वर्ग व बालिका वर्ग के लिए अलग-अलग दिया गया। जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 5100 रु., द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 2100 रु. एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी कों 1100 रु. का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिसमें बालिका वर्ग में प्रथम स्थान आशीष पुत्र प्रीतम सिंह, द्वितीय स्थान अनुज पुत्र चमन सिंह एवं तृतीय स्थान तरूण राज सिंह पुत्र राजवीर सिंह एवं बालिका वर्ग में प्रथम स्थान सगरिका पुत्री राजू सिंह, द्वितीय स्थान तृप्ति पुत्री नरेश कुमार एवं तृतीय स्थान शमाना पुत्री मौहम्मद रईस हैदर ने प्राप्त किया।

संचालन संस्था की प्रवक्ता रश्मि शर्मा एवं प्रभात कुमार के द्वारा किया गया। प्राचार्य फार्मेसी डा. विमल कुमार भारती ने सभी प्रतिभागियों एवं बाहर से आए सभी आगंतुकों को आभार व्यक्त किया।

अकेडमिक इंचार्ज अमित विश्नोई, प्राचार्य डा. दुष्यंत जैन, प्राचार्य फार्मेसी डा. विमल भारती, फैकल्टी एवं स्टाफ जीत सिंह (मीडिया प्रभारी), गौरव मलिक (चीफ प्रोक्टर), डा. समीर अहमद (ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड), बृजनेश सिसौदिया, नरेशपाल सिंह, प्रीति विश्नोई, मोनू कुमार, डा. एकता मलिक, मधुलिका राजपूत, नाजिश, निधि चौहान, परमजीत कौर, नीशू सिंह, राजेश कुमार, सतेंद्र शर्मा, जितेंद्र सिंह, मानशी, मंशा अग्रवाल, नमन कौशिक, जसवंत सिंह, ललित कुमार, शिवम कुमार, सुनैना राजपूत, रजत चौहान, संजना राजपूत, अंजली, गौतम, सूर्यप्रताप सिसौदिया, वैभव कटारिया, आकांक्षी, सचिन कुमार, संदीप विश्नोई, विशाल गुप्ता, सचिन कुमार, अवनीश कुमार, दिव्यांश अग्रवाल, रीना देवी, दीपक शर्मा, रजनीश कुमार, प्रशांत कुमार, रितिका शर्मा आदि का पूर्ण सहयोग रहा।

## फाइनल में भनेड़ा की टीम विजेता, मंडावली की टीम उपविजेता रही

**नजीबाबाद।** मंडावली क्रिकेट क्लब की ओर से क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद की कई टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट में भनेड़ा व मंडावली की टीम फाइनल मैच में पहुंची। रविवार को दोनों टीमों के बीच मुकाबला हुआ। पहले मंडावली की टीम ने खेलते हुए 10 ओवर में 90 रन बनाए। जवाबी बल्लेबाजी में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए भनेड़ा की टीम ने मात्र 7 ओवर में 90 रनों का टारगेट पूरा कर ट्रॉफी पर कब्जा कर फाइनल मैच जीत लिया। दर्शकों ने मैच देख खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। मुख्य अतिथि आसपा के वार्ड दो से संभावित जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी वाजिद मकरानी व ग्राम पंचायत सदस्य प्रत्याशी वाजिद मकरानी व ग्राम प्रधान प्रत्याशी मुजाहिद अली मकरानी ने संयुक्त रूप से विजेता टीम भनेड़ा के कप्तान नावेद अहमद, उपविजेता टीम मंडावली के कप्तान प्रिंस चौहान को ट्राफी देकर सम्मानित कर शुभकामनाएं दीं। मैन ऑफ दा मैच इसरार व मैन ऑफ दा सीरीज शादाब अहमद चुने गए। दोनों टीमों के सभी खिलाड़ियों को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर शमशाद आरजू, डॉक्टर मुजाहिद हुसैन, नाजिम मकरानी, जैनुल मकरानी, मौहम्मद इकबाल, इसरार, उमर, गुजाहिद, अफजाल जैदी, बुंदु मकरानी, नसीम अहमद आदि मौजूद रहे।

# उलमा-ए-किराम ने दिए दीन व इंसानियत के पैगाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** सहसपुर मार्ग स्थित बैंकट हॉल में आयोजित भव्य जश्न ए जलसा व जश्न-ए-नतीजा कार्यक्रम अकीदत के साथ सम्पन्न हुआ।



कार्यक्रम का आयोजन जामिया अबू बक्र लिल बनात द्वारा गया। जिसमें नगर सहित आसपास क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत कर दीन की महफिल से फैज हासिल किया। कार्यक्रम का शुभारंभ तिलावत-ए-कुरआन से हुआ। जिसके बाद नात ए पाक और उलमा ए किराम की तकरीरों का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। जलसे में पहुंचे वक्ताओं ने दीन ए इस्लाम की शिक्षाओं इंसा. नियत भाईचारे शिक्षा की अहमियत और समाज में अमन ओ शांति कायम रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण मदरसे का जश्न-ए-नतीजा रिजल्ट समारोह रहा। जिसमें मदरसे की विद्यार्थियों के उत्कृष्ट शैक्षिक परिणाम घोषित किए गए। बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को मंच पर सम्मानित कर उनकी हौसला अफ्जाई की गई। इस मौके पर हिबा इलाही एवं उदा इलाही सहित कई छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं दुआओं के साथ सम्मानित किया गया। उलमा-ए-इकराम ने कहा कि बेटियों की दीनी तालीम समाज के नैतिक निर्माण में अहम भूमिका निभाती है और ऐसे संस्थान कौम के उज्ज्वल भविष्य की नींव तैयार करते हैं। इस मौके पर मुफ्ती अकील ने कहा कि इल्म ही इंसान को सही पहचान और मुकाम देता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों खासकर, बेटियों की तालीम पर विशेष ध्यान दें। क्योंकि शिक्षित पीढ़ी ही समाज को तरक्की और सही राह दिखा सकती है। उन्होंने कहा कि दीनी और दुनियावी शिक्षा का संतुलन इंसान को बेहतर नागरिक बनाता है। कार्यक्रम में शहर इमाम मौलाना काबिल कासमी, मौलाना अरशद हक्की, मौहम्मद हाजी इलियास, बसपा युवा नेता इफ्तिखार चौधरी, अफजल चौधरी, मुफ्ती अकील, सूफी साहिल, मौलाना इम्तियाज, शाकिर, कारी जिशान एवं कारी नवाजिश आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम आयोजकों ने सभी मेहमानों एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त किया। जलसे के समापन पर मुल्क की तरक्की अमन-चैन और खुशहाली के लिए विशेष दुआ कराई गई।

## एक नजर

### तीन चोर दबोचे, सामान बरामद



**स्योहारा।** मलकपुर बुजुर्ग निवासी महिला द्वारा घर में घुसकर ताला तोड़कर चोरी किए जाने की शिकायत पुलिस से गई थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की घटना को स्वीकार करते हुए अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना बताया। इनके कब्जे से चोरी किए गए दो सोलर पैनल, एक बैटरी, स्टेबलाइजर, कपड़े एवं एक गैस सिलेंडर बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी आकाश पुत्र करन वीर, तालिब पुत्र मतलूब व नरेश कुमार पुत्र हरिओम निवासीगण मलकपुर बुजुर्ग को न्यायालय भेजा गया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक उमेश चंद्र, कांस्टेबल राहुल, सुरेंद्र राणा एवं अमित भाटी मौजूद रहे।

### हर्ष कश्यप ने किया नाम रोशन



**कोतवाली देहात।** ग्राम शादीपुर निवासी किसान राजपाल कश्यप के पुत्र हर्ष कश्यप का चयन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मुंबई में एमएससी गणित में हुआ है। हर्ष ने ऑल इंडिया 128 रैंक के साथ प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है। हर्ष कश्यप वर्धमान कॉलेज में बीएससी अंतिम वर्ष का छात्र है। हर्ष ने अपनी माध्यमिक शिक्षा राजकीय इंटर कॉलेज बिजनौर से प्राप्त की है। हर्ष ने बताया कि आईआईटी बॉम्बे देश के अग्रणी संस्थानों में से एक है। उन्होंने यह परीक्षा 128वीं रैंक के साथ उत्तीर्ण की है। हर्ष अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता तथा गुरुजनों को देते हैं। हर्ष का सपना देश की सेवा करने का है।

### भाकियू की मासिक पंचायत



**धामपुर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक की मासिक पंचायत जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत राणा की अध्यक्षता में और युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह के निर्देशन में ठाकुर अभय प्रताप सिंह चयनित पीसीएस के निवास स्थान ग्राम मटौरा दर्गा में संपन्न हुई। बसंगठन द्वारा आज हमारे क्षत्रिय समाज के बेटे ठाकुर अभय प्रताप का सम्मान हमारे सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया और अपने समाज के बच्चों से सही रास्ते पर चलने का आह्वान किया गया और हमारे कार्यकर्ताओं पर पुलिस द्वारा झूठे मुकदमे दर्ज करने पर रोज व्यक्त किया गया। बैठक में युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अतुल बालियान, जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत राणा, ब्लॉक अध्यक्ष धामपुर अजय राजपूत, भानु प्रताप राणा, अरविंद राजपूत, वीरेंद्र कुमार, विजयपाल सिंह, सुभाष चौहान, सुशील कुमार, संगठन मंत्री सुरेश कुमार, तहसील महासचि सुनील प्रधान, संजय कुमार, दिनेश प्रधान, कुशल पाल सिंह, जयप्रकाश सिंह, उत्तम सिंह, रणवीर सिंह आदि सैकड़ों की संख्या में किसान साथी मौजूद रहे।

# दलित वोट पर टिकी भाजपा सपा-बसपा की उम्मीदें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ **सवर्ण वोटों की नाराजगी के बीच सभी दलों ने कसी कमर**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले सियासी तपिश अभी से देखी जा रही है। यूजीसी के नए नियमों को लेकर सवर्ण वोटों की नाराजगी के बीच इस बार सत्ता के केंद्र में दलित वोट बैंक बना हुआ है। प्रदेश की करीब 21 प्रतिशत दलित आबादी न सिर्फ आरक्षित सीटों बल्कि सामान्य सीटों पर भी निर्णायक भूमिका निभाती है। यही कारण है कि भाजपा, सपा और बसपा तीनों ही दल इस वर्ग को अपने पक्ष में करने के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं।

वर्तमान में यूजीसी के नए नियमों को लेकर सवर्ण समाज के बीच भाजपा के प्रति असंतोष देखा जा रहा है। हालांकि भाजपा इस तरह की नाराजगी से इंकार कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर यह मुद्दा बातचीत का हिस्सा बन चुका है। इसी बीच विकल्प के तौर पर बसपा सुप्रीमो मायावती के बयान और उनके शासनकाल के कानून-व्यवस्था की चर्चाएं ग्रामीण इलाकों में फिर सुनाई देने लगी हैं। हालांकि चुनाव अभी दूर हैं और राजनीतिक समीकरण समय के साथ बदल रहते हैं। भाजपा ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी रणनीति बदलते हुए गैर-जाटव दलितों जैसे पासी, वाल्मीकि और अन्य समुदायों पर खास फोकस किया है। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं, जैसे मुफ्त राशन, आवास, शौचालय और आयुष्मान योजना के जरिए भाजपा ने लाभार्थी वर्ग तैयार किया है, जिसे वह वोट में बदलने की कोशिश में है।

# यूपी में जाम से निजात पाने के लिए 20 जिलों में सी-आरटीसी योजना लागू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्णा ने कहा है कि प्रदेश में तेजी से बढ़ते ट्रैफिक जाम की समस्या से निपटने के लिए यातायात निदेशालय द्वारा सी-आरटीसी (सिटी रेड्यूसिग ट्रैफिक कंजेशन) योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत पहले चरण में प्रदेश के 20 जिलों के 172 प्रमुख मार्गों को चिन्हित कर उन्हें जाम मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है।



पुलिस राज्य मुख्यालय के सिग्नेचर बिल्डिंग में मंगलवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में श्री कृष्णा ने कहा कि समस्या के समाधान के लिए योजना के तहत प्रदेश में उन मार्गों को चिन्हित किया गया है, जहां पीक आवर्स में सबसे अधिक जाम लगता है। चिन्हित मार्गों में आगरा, अयोध्या, बरेली, गोरखपुर, कानपुर, लखनऊ, मेरठ, वाराणसी, प्रयागराज सहित 20 जिले शामिल हैं। इन मार्गों पर यातायात को सुचारू बनाने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि योजना की सबसे अहम कड़ी 'रूट मार्शल' प्रणाली है। 'एक रूट, एक रूट मार्शल' के सिद्धांत पर प्रत्येक मार्ग के लिए एक जिम्मेदार अधिकारी नियुक्त किया जाएगा, जो उस मार्ग पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पूरी तरह उत्तरदाई होगा। आवश्यकता अनुसार एक अधिकारी को एक से अधिक मार्गों की जिम्मेदारी भी दी जा सकती है। डीजीपी राजीव कृष्णा ने कहा कि इस योजना में एआई आधारित आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है, जिससे चिन्हित मार्गों पर न्यूनतम, अधिकतम और औसत ट्रैवल टाइम का विश्लेषण किया जाएगा। यह प्रणाली रियल टाइम में जाम की स्थिति को मैप पर प्रदर्शित करेगी, जिससे नोडल अधिकारी अपने स्मार्टफोन के माध्यम से किसी भी समय ट्रैफिक की स्थिति की निगरानी कर सकेंगे।

# खड़गे का हिमंता पर हमला लगाए भ्रष्टाचार के आरोप



**नई दिल्ली।** असम विधानसभा चुनाव मतदान से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रेस वार्ता कर भारतीय जनता पार्टी सरकार पर निशाना साधा। श्री खड़गे ने राज्य की जनता से अपील की कि वे अपने वोट के जरिए ष्सबसे भ्रष्ट सरकारष को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएं। उन्होंने आरोप लगाया कि हिमंता बिस्वा सरमा के नेतृत्व में असम में भ्रष्टाचार बढ़ा है और मुख्यमंत्री केवल अपने निजी हितों को साध रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य में ष्सिडिकेट राजष चल रहा है, जिसमें जमीन उनके करीबी लोगों और कॉरपोरेट्स को सौंपी जा रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि एक तरफ भाजपा नेता भ्रष्टाचार के खिलाफ होने का दावा करते हैं, जबकि दूसरी ओर असम में कथित भ्रष्टाचार पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। उन्होंने कांग्रेस नेताओं गौरव गोगोई और पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई का जिक्र करते हुए कहा कि उनका रिकॉर्ड साफ रहा है और उन्होंने कभी इस तरह के आरोपों का सामना नहीं किया। श्री खड़गे ने असम के गायक जुबिन गर्ग से जुड़े मामले में न्याय में देरी का मुद्दा भी उठाया।

# तालिब बंधुओं की आरा मशीन पर छापा

## वन विभाग की टीम ने वहां रखी कीमती लकड़ियां अपने कब्जे में ली





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भाजपा नेताओं द्वारा प्रशासन पर बनाए जा रहे दबाव का असर साफ दिखाई देने लगा है। प्रशासन पूरी तरह से तालिब बंधुओं के पीछे पड़ गया है। इसी क्रम में आज सुबह वन विभाग की टीम ट्रैक्टर ट्रालियां व क्रेन लेकर तालिब बंधुओं की आरा मशीन पहुंचीं। वहां रखी करोड़ों रुपए मूल्य की लकड़ियों को वन विभाग की टीम ने क्रेन की मदद से अपने साथ लाई गई ट्रैक्टर ट्रालियां में रखवा लिया। वन विभाग रेंजर महेश गौतम ने बताया कि लगातार शिकायतें मिल थी। उन्होंने बताया कि सील की गई आरा मशीन से लकड़ियां हटाई जा सकती है और हटाई भी जा रही है। उन्होंने बताया कि लकड़ियों की सूची तैयार की जा रही है। इस प्रक्रिया को पूरा होने में अभी टाइम लगेगा।

दूसरी तरफ शरारती तत्वों द्वारा यह अफवाह फैलाई गई कि तालिब बंधुओं के कर्मचारियों ने वन विभाग की टीम के साथ मारपीट की है। सूत्रों कहना है कि तालिब बंधुओं से रंजिश रखने वालों के द्वारा उन्हें ज्यादा परेशान करने की नियत से यह अफवाह फैलाई गई थी। रेंजर महेश गौतम ने बताया कि आरा मशीन के पास स्थित धर्म कांटे पर एक ठेकेदार व ट्रैक्टर ट्राली चालक के बीच कहासुनी हुई थी। उन्होंने बताया कि इसे मारपीट का रूप दे दिया गया।

### तालिब बंधुओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बिजनौर।** जनपद में शासकीय आदेशों की अवहेलना करते हुए वन विभाग द्वारा सील की गई आरा मशीन के अवैध संचालन के गंभीर प्रकरण में प्रशासन द्वारा कठोर कार्रवाई की गई है। डीएम जसजीत कौर द्वारा बताया गया सील्ड आरा मशीन के संचालन के संबंध में प्राप्त सूचना के आधार पर जांच की गई। जिसमें यह तथ्य प्रकाश में आया कि जानी चौराहा क्षेत्र स्थित आरा मशीन, जिसे पूर्व में वन विभाग सक्षम प्राधिकारियों द्वारा विधिवत सील किया गया था, को जानबूझकर क्षतिग्रस्त कर पुनः संचालित किया जा रहा था। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि आरा मशीन स्वामी हुमा तालिब, उनके पति तथा परिवार के अन्य सदस्य मौहम्मद खालिद, मौहम्मद आबिद एवं मौहम्मद तालिब द्वारा जान-बूझकर मशीन की सील को क्षतिग्रस्त कर संचालन किया गया। साथ ही, आरा मशीन का नवीनीकरण भी नहीं कराया गया था तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा सील न खोलने के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद उसका उल्लंघन किया गया। अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने पर संबंधित सभी व्यक्तियों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश आरामिल स्थापना विनियमन (षष्ठम संशोधन)-2018 के नियम-5/8 के अंतर्गत विधिक कार्रवाई की गई है। साथ ही, थाना कोतवाली शहर में इस प्रकरण में एफआईआर संख्या 0265 दिनांक 04.04.2026 पंजीकृत की गई है, जिसमें भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धाराएं 223, 329(4) एवं 346 के अंतर्गत अभियोग दर्ज किया गया है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा तत्काल मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है, इसके अतिरिक्त सील्ड आरा मशीन संचालन के संबंध में वन विभाग के अधिकारियों की भूमिका के संबंध में शासन को भी अवगत कराया गया है। डीएम ने स्पष्ट किया है कि जनपद में शासनादेशों की अवहेलना एवं अवैध गतिविधियों के विरुद्ध शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जा रही है।

# 14 अप्रैल को सपा मनाएगी डा. अम्बेडकर जयंती



### आयोजित किए जाएंगे विभिन्न कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पीडीए एकता को मजबूत करने के लिए सपा के द्वारा 14 अप्रैल को बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर जयंती मनाई जाएगी।

इस सम्बंध सपा निवर्तमान जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने बताया कि राष्ट्रीय अखिलेश यादव ने इस सम्बंध स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया सभी विधानसभा क्षेत्रों के सैक्टरों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस सम्बंध में सभी विधायकों, वरिष्ठ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सपा बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर के पद्चिन्हों पर चल रही है। उन्होंने बताया कि पीडीए के अधिकारों की रक्षा करने एवं उन्हें न्याय दिलाने के लिए सपा के द्वारा प्रदेश में फिर सरकार बनने के बाद विशेष कानून बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सबसे ज्यादा शोषण पीडीए का हो रहा है।

## एक नजर

### कल्हेड़ी के एहसान से गाड़ी बरामद

**बिजनौर।** थाना मंडावर में पुलिस ने गोकशी के मामले में मुक. दमा अपराध संख्या 54/26 पंजीकृत किया था। विवेचना के दौरान अभियोग में पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11 की वृद्धि की गई थी। अभियोग में वसीम कुरैशी उर्फ बबलू पुत्र नसीम कुरैशी उर्फ बाबू, मुन्ना शेख पुत्र निसार अली निवासीगण ग्राम बख्शीवाला थाना कोतवाली शहर, राजकुमार पुत्र लाखन निवासी ग्राम गंगावाला थाना किरतपुर एवं नासिर अहमद उर्फ नासिर कुरैशी पुत्र सगीर अहमद निवासी ग्राम कामराजपुर, थाना नांगल का नाम प्रकाश में आया था। पुलिस ने राजकुमार सहित चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन एहसान पुत्र निसार निवासी ग्राम कल्हेड़ी, थाना नजीबा. बाद ने 24 मार्च को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था। पुलिस ने आज उसे न्यायालय आदेश पर कस्टडी रिमांड में लिया। उससे पिकअप गाड़ी व गोश्त काटने के हथियार भी बरामद किए गए।

### बंद पड़े घर में लाखों की चोरी

**रेहड़।** रेहड़ में जामा मस्जिद के निकट अज्ञात चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता नाजमीन उर्फ मुन्नी पत्नी शहजाद हलवाई ने बताया कि उसका पति पिछले चार वर्षों से सऊदी अरब में रहकर काम कर रहा है। वह अपनी दस वर्षीय बेटी अल्फिया के साथ घर में रहती है। महिला नाजमीन उर्फ मुन्नी ने बताया कि वह तीन मार्च को अपनी बेटी अल्फिया के साथ अपने मायके जसपुर, उत्तराखंड गई थी। मंगलवार शाम लगभग चार बजे जब वह वापस अपने घर लौटी और मेन गेट का ताला खोलकर अंदर पहुंची, तो कमरे व सेफ अलमारी के ताले टूटे हुए मिले और सामान बिखरा पड़ा था। पीड़िता के अनुसार सेफ अलमारी में रखी 50 हजार रुपए की नकदी, आठ जोड़ी चांदी के आभूषण (पांच जोड़ी पायल और तीन बिछुए), एक सोने का पेंडिल व एक जोड़ी कानों के सोने के टॉप्स चोरी हो गए। पीड़िता ने नकदी सहित चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपए बताई है। पीड़ित महिला का अनुमान है कि चोर छत के रास्ते जीने से घर में दाखिल हुए होंगे। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि तहरीर मिलने पर घटना की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### जनसमस्याओं को लेकर धरना



**अफजलगढ़।** स्थानीय लोक निर्माण विभाग डाक बंगले पर आज भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा किसानों की जनसमस्याओं को लेकर धरना दिया। इस अवसर पर किसानों की समस्याओं को लेकर स्मार्ट विद्युत मीटर द्वारा बढ़े हुए बिल आदि को लेकर बिजली विभाग के कर्मचारियों से वार्ता की। वहीं भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष ने कहा कि किसानों की हर समस्या के समाधान के लिए भारतीय किसान यूनियन टिकैत तैयार है। किसानों का उत्पीड़न किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसान यूनियन एक ऐसी संस्था है जो किसानों के हित के लिए एवं समस्या का समाधान करने के लिए हमेशा तैयार रहती है। बिजली के बढ़े हुए बिल एवं मनमाने ढंग से स्मार्ट मीटर लगाने हेतु तथा उन्होंने वन विभाग पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए गुलदार के हमले में मारी गई महिलाओं को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की। आगामी 14 अप्रैल को भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट जोरदार प्रदर्शन करेगा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष प्रधान सुनील चौधरी, तहसील अध्यक्ष गजेंद्र चौधरी, कवि राज सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष मोनू चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान, अतुल कुमार शर्मा, हरि सिंह, रमेश चंद, रिजवान अहमद सभासद, ब्लॉक उपाध्यक्ष यूसुफ कुरैशी, वसीम गुर्जर देवेंद्र कौशिक, शकील अहमद कुरैशी, अमित कुमार, मुख्तियार सिंह, गुरविंदर सिंह, मौहम्मद अशरफ, रईस अहमद, राणा सिंह सैनी, दीपक सिरोही आदि भारी मात्रा में भाकियू टिकैत पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दस दिन में समाधान का आश्वासन

**किरतपुर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक बैठक स्थानीय बिजलीघर परिसर में आयोजित की गई। जिसमें क्षेत्र के किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान किसानों ने विद्युत विभाग से जुड़ी कई गंभीर समस्याएं एसडीओ रवि प्रसाद के समक्ष रखीं। एसडीओ रवि प्रसाद ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि आगामी दस दिनों के भीतर इनका समाधान कर दिया जाएगा। अधिकारियों के इस आश्वासन पर किसानों ने संतोष जताया। बैठक का संचालन कर रहे राजू चेयरमैन ने अंत में सभी का आभार व्यक्त किया।

# देवभूमि से बॉलीवुड तक चमकी जिम्मी सिंह की पहचान



### एक बार फिर बड़ी उपलब्धि हासिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** समाजसेवा और फिल्म निर्माण के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुकीं जिम्मी सिंह को एक बार फिर बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है।

देवभूमि फिल्म सिटी देहरादून की चेयरमैन जिम्मी सिंह को मुंबई में आयोजित यूथ आइकन इंडियन अवॉर्ड्स में यूथ आइकन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन मुंबई अंधेरी स्थित मुक्ति कल्चर हॉल में किया गया। जहां बॉलीवुड, राजनीति और प्रशासन से जुड़े कई दिग्गज शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन जानी-मानी एक्ट्रेस और मिस इंडिया रह चुकी सिमरन आहूजा ने किया। जिन्होंने अपनी शानदार एंकरिंग से माहौल को जीवंत बना दिया। इस मौके पर जिम्मी सिंह को बॉलीवुड अभिनेत्री स्नेहा उल्लाल के हाथों सम्मानित किया गया। स्नेहा उल्लाल, जो सलमान खान की फिल्म लक से चर्चित हुई थीं, ने उन्हें यह प्रतिष्ठित अवॉर्ड प्रदान किया। जिम्मी सिंह इन दिनों देहरादून की खूबसूरत वादियों में हजारों एकड़ क्षेत्र में एक भव्य फिल्म सिटी के निर्माण में जुटी हैं। यह प्रोजेक्ट उत्तराखंड को फिल्म इंडस्ट्री का नया हब बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। यह उपलब्धि न केवल उनके लिए, बल्कि बिजनौर जनपद के लिए भी गर्व का विषय है।

# नहटौर में नुमाईश से सड़क जाम

## ट्रेड फेयर के नाम पर आंखों में झोंकी जा रही धूल




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नहटौर में ट्रेड फेयर के नाम पर धामपुर मार्ग पर नुमाईश लगा कर समस्याएं खड़ी की जा रही हैं। राजनीतिक संरक्षण प्राप्त करने के लिए स्थानीय भाजपा विधायक ओमकुमार का बड़ा फोटो लगा दिया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर में धामपुर मार्ग पर ट्रेड फेयर के नाम से भाजपा विधायक ओमकुमार का फोटो लगा कर नुमाईश लगाई गई है। इस नुमाईश में आने वाले लोग अपने वाहन धामपुर मार्ग पर ही खड़े कर देते हैं। ई-रिक्शाएं भी सवारियों के चक्कर में मार्ग पर खड़ी रहती है। जिसकी वजह से यहां पर जाम लग जाता है। जाम खुलवाने के लिए न तो पुलिसकर्मी मौजूद रहते हैं और न ही मेला आयोजकों के द्वारा व्यवस्था बनाने के लिए अपने कर्मचारियों को तैनात किया गया है।

जाम लगने की वजह से वाहन चालक परेशान रहते हैं। दूसरी तरफ मेले के अंदर भी छेड़छाड़ व जेब काटने की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस तैनात नहीं की गई है। यहां पर दूषित खाद्य सामग्री की बिक्री हो रही है। आम आदमी के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है।

खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी भी यहां पर छापा मारकर सैंपल नहीं ले रहे हैं।

### बस स्टैंड से किशोर लापता, अपहरण की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** जनपद के नजीबाबाद क्षेत्र से नगीना आए एक 15 वर्षीय किशोर के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए थाने में तहरीर दी है।

नजीबाबाद के मौहल्ला कचेड़ी सराय निवासी मौहम्मद इरशाद ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार तीन अप्रैल को दोपहर करीब तीन बजे उन्होंने अपने बेटे हमजा को उसके दो साथियों, बशर और उवैस के साथ बस से नजीबाबाद से नगीना भेजा था। नगीना बस स्टैंड पर बस से उतरने के बाद, हमजा ने अपने साथियों से यह कहकर रुकने को कहा कि वह उनके लिए समोसे लेकर आ रहा है। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब हमजा वापस नहीं लौटा, तो उसके साथियों ने राहगीर के फोन से परिजनों को सूचना दी। परिजनों के अनुसार, हमजा का रंग गोरा और कद करीब पांच फुट एक इंच है। गायब होने के समय उसने सफेद रंग का कुर्ता-पजामा पहना हुआ था और उसके पास काले व भूरे रंग का एक बैग भी था। थाना नगीना में भारतीय न्याय संहिता बीएनएस 2023 की धारा 137(2) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। थाना प्रभारी अवनीत मान ने उपनिरीक्षक रामचंद्र को जांच और किशोर की बरामदगी के निर्देश दिए हैं। पुलिस बस स्टैंड के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य साक्ष्यों के जरिए किशोर का सुराग लगाने का प्रयास कर रही है।

# देव बलहारी व सुहानी ने जीती विवेक मैराथन

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस पर मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पुरुष वर्ग में देव बलहारी तथा महिला वर्ग में सुहानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

द्वितीय स्थान पर पुरुष वर्ग में सनी कुमार तथा महिला वर्ग मे सानिया रही तथा तृतीय स्थान पर पुरुष वर्ग में अभिषेक एवं महिला वर्ग में मेघा रही। इसके अलावा प्रथम 40 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। मैराथन में प्रथम पुरस्कार ग्यारह हजार रुपए द्वितीय पुरस्कार 5100 रुपए तथा तृतीय पुरस्कार 2100 रुपए महिला व पुरुष दोनों वर्गो को अलग-अलग दिए गए। इस मौके पर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबको सम्मोहित कर दिया।

मैराथन का शुभारंभ प्रातः 7 बजे नेहरु स्टेडियम से सीएमओ डा. कौशलेंद्र, जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गोयल प्रति कुलाधिपति दीपक मित्तल कुलपति एनके गुप्ता, सीईओ अनिल शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। पुरस्कार वितरण समारोह में यूपीएससी में 662 रैंक प्राप्त चंदवाहिनी चौधरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी लक्ष्य प्राप्त हो सकता है, अगर मेहनत ईमानदारी से की जाए। उन्होंने कहा की बड़े लक्ष्यों के लिए प्रयास भी बड़ ही हाते है।

विवेक मैराथन नेहरु स्टेडियम से प्रारंभ होकर शक्ति चौक थाना कोतवाली बुखारा रोड होते हुए जानी का चौराहा से नूरपुर रोड पर स्थित विवके विश्वविद्यालय पर समाप्त हुई। इस मैराथन में पॉच चैक पोस्ट बनाए गये थे। जिसमें सभी प्रतिभागियों के चैस्ट नम्बर को सत्यापित किया गया। इस प्रतियोगिता में 1400 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

विवेक विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गोयल ने कहा कि इस वर्श विश्व स्वास्थय संगठन की थीम विज्ञान के साथ स्वास्थय के लिए साथ आए पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस मैराथन के माध्यम से सभी बिजनौर वासियों को अच्छे स्वास्थ का संदेश देना है।

कार्यक्रम के समापन में महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना, क्लासिकल फ्युजन, छलांग, योद्ध हू मैं, योगा डांस, युगचक्र, मैं लड़ जावा, ठान लिया आशाऐं आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा श्रोताओं का भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन विश्वजीत एवं रितु बिस्ट द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम को सफ़ल बनाने में विश्वविद्यालय के डीन डा. दीप्ती डिमरी, डा. राजीव चौधरी, डा. सौरभ शर्मा, डा. सर्वेश शीतल, डा. रंगानाथन, डा. देवाशीष, डा. संजय कुमार त्यागी, डा. हर्ष कुमार, डा. अनुपम आजाद, डा. राशि तंवर, डा. अनुकूल द्विवेदी, डा. अंजली रानी, डा. मीना चौधरी, डा. पुष्पा जोशी, डा. शैलेंद्र शर्मा, डा. मनिका, मुकुल कुमार, पंकज त्यागी आदि सभी शिक्षकों एवं षिक्षणेत्तर कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा। विवेक हॉस्पिटल द्वारा रोहन पराशर एवं कोमल के सानिध्य में विद्यार्थियों की देखरेख हेतु मैराथन में चिकित्सा कैंप लगाया गया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

## एक नजर

### गुलदार की आमद से डर



**हल्दौर।** ग्राम शफीपुर हीरा के जंगल में गुलदार की सक्रियता से ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया है। आज सुबह करीब दस बजे खेतों की ओर जा रहे लोगों ने एक आवारा पशु को मृत अवस्था में पड़ा देखा, जिसे गुलदार द्वारा शिकार किए जाने की आशंका जताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही ग्राम प्रधान निसार अहमद सहित अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तुरंत वन विभाग को सूचना दी। सूचना पर वन रक्षक मनोज कुमार, बाचर राजेंद्र सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह तथा पशु चिकित्साधिकारी अनुराग चौधरी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जांच के बाद वन विभाग की टीम ने आवश्यक कार्रवाई करते दबवा दिया। घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। मंसूर अहमद, आमिल, कमलेश, राहुल, सुदेशना आदि ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में पिंजरा लगाकर गुलदार को शीघ्र पकड़ने की मांग की है।

### करो योग, रहो निरोग : राकेश शर्मा



**बिजनौर।** 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' के अवसर पर गोविंदा मॉर्निंग क्लब द्वारा स्टेडियम में आज प्रातः योग एवं प्राणायाम का अभ्यास किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष सात अप्रैल को लोगों को स्वास्थ्य का महत्व बताने एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना सात अप्रैल 1948 को हुई थी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन कम से कम 45 मिनट तेज चलना अथवा दौड़ना एवं 45 मिनट योग एवं प्राणायाम का अभ्यास अवश्य करना चाहिए। यदि इतना समय न हो तो भी कम से कम इन दोनों अभ्यास को 20-20 मिनट का समय तो देना ही चाहिए। योग एक ऐसी प्रक्रिया है कि इसमें तनाव को दूर कर भय से छुटकारा पाकर रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रतिदिन प्रत्येक व्यक्ति को कुछ समय हंसना एवं ताली भी बजानी चाहिए। हंसी भले ही काल्पनिक हो, लेकिन इससे मिलने वाले शारीरिक लाभ उतने ही मिलते हैं, जितने की वास्तविक हंसी से। इस अवसर पर राकेश शर्मा, एड. राजीव चौहान, एड. गणेश ठाकुर, दिनेश चौहान, अरविंद शर्मा, संजीव विश्नोई, अरविंद शर्मा, कमल वीर सिंह, वीके वर्मा, अशोक कुमार यादव, भूपेंद्र सिंह, आशाराम सिंह, एड. विनीत विश्नोई आदि की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही।

### बच्चों ने स्कूल चलो रैली निकाली



**नजीबाबाद।** प्राथमिक विद्यालय मौहम्मद अलीपुर द्वारका में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली गई। बच्चों ने 'स्कूल चलो-स्कूल चलो, शिक्षा है सबका अधिकार' के नारे लगाते हुए घर-घर पहुंचकर नामांकन का संदेश दिया। नव प्रवेशित बच्चों का खंड शिक्षा अधिकारी राजमोहन गुप्ता द्वारा तिलक, फूलमाला और किताबें देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी राजमोहन गुप्ता, एआरपी रितेश भाटिया, डॉ. राहुल वर्मा, सूची राणा, स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक दीपक महेंद्रा द्वारा सरस्वती मां के सामने दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान कई नए बच्चों का नामांकन किया गया। प्रभारी प्रधानाचार्य दीपक महेंद्रा ने बताया कि यह अभियान शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार चलाया जा रहा है, ताकि कोई बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। रितेश भाटिया ने सभी बच्चों को रोज स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। सूची राणा ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री से बाल वाटिका में प्रवेश कराने की अपील की। अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की। खण्ड शिक्षा अधिकारी राजमोहन गुप्ता ने बच्चों को पढ़ाई के महत्व पर प्रकाश डाला। निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण किया गया। कार्यक्रम में निधि खुराना, दिनेश कुमार, आंगनबाड़ी कार्यकत्री शिखा चौधरी, आंगनबाड़ी सहायिका बृजेश, कुसुम आदि अनेक ग्रामवासी सम्मिलित रहे।

### मेधावी विद्यार्थी सम्मानित



**चांदपुर।** ग्राम हीमपुर बुजुर्ग स्थित कंपोजिट स्कूल का वार्षिक परीक्षा पर घोषित किया गया। जिसमें सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान अली वारिस तथा तथा एसएमसी अध्यक्ष शाहिद अहमद एवं सदस्य संजीव कुमार द्वारा विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त कर विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखने को मिला। प्रधानाध्यापक धीरेंद्र कुमार ने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्य अध्यापिका गुलबहार, वंदना, प्रीति सेठी, श्वेता नैन, मौहम्मद मुर्तजा, साधना देवी तथा जूनियर के अध्यापक और अध्यापिकाओं में सुभाष कुमार, प्रभात अग्रवाल, मृदुल राजपूत, अनुदेशक, रोहित डवास तथा विद्यालय के शिक्षा मित्र विपिन कुमार, रवीना त्यागी, मीना, प्रीति चौधरी तथा स्वामी तोमर ने भी बच्चों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान ग्राम प्रधान अली वारिस ने कहा कि शिक्षा ही जीवन की मूल कुंजी है। सभी माता-पिता अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्राप्त कराने के लिए अपने बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने हेतु स्कूलों में भेजें।

### पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह पर कथित हमले के विरोध में

# जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विश्व हिन्दू राष्ट्र सेना और राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ता एकत्रित होकर भाजपा के वरिष्ठ नेता राजा भारतेन्द्र सिंह के समर्थन में प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।



### गैंगस्टर एक्ट लगाने की मांग

ज्ञापन में उन्होंने बताया कि भाजपा के वरिष्ठ नेता राजा भारतेन्द्र सिंह पर एक अप्रैल को माफियाओं द्वारा हमला किया जाना और अभद्रता दुर्भाग्यपूर्ण है। जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं किया जा सकता है। समाजवादी पार्टी, कांग्रेस, आसपा के विरोधी नेताओं द्वारा पूर्व सांसद राजा भारतेन्द्र सिंह पर निरन्तर अनर्गल टिप्पणी की जा रही है। क्योंकि राजा भारतेन्द्र हिन्दुत्व की पहचान है। जिससे हिन्दुओं की भावनाओं को क्षति पहुंची है। जनपद में राजा भारतेन्द्र सिंह जैसा ईमानदार, भला और अपने विचार के प्रति समर्पित नेता नहीं है। हमें पूर्व सांसद ने अवगत कराया है कि सरकार हमारी है, मुख्यमंत्री हमारे हैं, हमें पूर्ण विश्वास है कि इन माफियाओं के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई निश्चित होगी। इन माफियाओं की अवैध काला.ेनी, गरीबों की जमीनों पर कब्जे, अवैध खनन, अवैध लकड़ी कटान, फ्राड, मारपीट, झगड़े जैसे जनपद में 16 आपराधिक मामले दर्ज है।

हम आपसे मांग करते है कि इन माफियाओं के खिलाफ गैंगेस्टर जैसी निरोधात्मक कार्यवाही करने की कृपा करे। यदि इनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही नहीं होती है, तो विश्व हिन्दू राष्ट्र सेना और राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन आंदोलन करने के लिए विवश होगा।

# जल्द होगा बस स्टेशन का कायाकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** योगी सरकार प्रदेश की परिवहन व्यवस्था को ग्लोबल स्टैंडर्ड पर लाने के लिए बड़े बदलाव की तैयारी कर चुकी है। आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश के 49 बस स्टेशनों के कायाकल्प को मंजूरी दी गई है। इस सूची में जनपद का नहटौर बस स्टेशन भी शामिल है, जिसे अब पीपीपी मॉडल के दूसरे चरण के तहत अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा।



प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर समेत चयनित सभी 49 बस स्टेशनों को केवल बस स्टॉप के रूप में नहीं, बल्कि मल्टीपर्पज टर्मिनल्स के रूप में विकसित किया जाएगा। यात्रियों के बैठने और ठहरने के लिए विश्वस्तरीय सुविधाओं वाला वेटिंग हॉल बनेगा। स्टेशन परिसर में ही दुक.ानों और व्यावसायिक गतिविधियों के लिए स्पेस होगा। सुरक्षा के लिए सीसीटीवी और बस संच.ालन की जानकारी के लिए डिजिटल डिसप्ले बोर्ड लगेंगे। वाहनों और बसों के लिए अलग-अलग पार्किंग जोन होगे। यह पूरी परियोजना डीबीएफओटी मॉडल पर तैयार होगी। निजी कंपनियां स्टेशन का डिजाइन बनाएंगी और उसे अपने खर्च पर बनाएंगी। सरकारी खजाने पर बोझ नहीं होगा। सरकार या निगम को इसके निर्माण के लिए पैसा खर्च नहीं करना पड़ेगा। भूमि का मालिकाना हक परिवहन निगम के पास ही रहेगा। एक निश्चित समय के बाद निजी डवलपर इसे वापस निगम को सौंप देगा। नहटौर बस स्टेशन का चयन होने से स्थानीय निवा.सियों और दैनिक यात्रियों में खुशी की लहर है। इस आधुनिक टर्मिनल के बनने से न केवल परिवहन सेवाएं बेहतर होंगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर व्यापार और रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे। कैबिनेट ने इस प्रोजेक्ट के लिए जल्द ही निविदाएं आमंत्रित करने के निर्देश दिए हैं। माना जा रहा है कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही धरातल पर निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। एआरएम अंकुर कुमार का कहना है कि नहटौर रोडवेज बस स्टैंड पीपीपी मॉडल के तहत बनेगा।

# मानदेय व ईपीएफ को लेकर रोजगार सेवक नाराज

### समस्या का निस्तारण न होने पर आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** विकास खंड आंकू के ग्राम रोजगार सेवकों ने पिछले छह महीनों से मानदेय न मिलने और दो वर्षों से ईपीएफ (कर्मचारी भविष्य निधि) की राशि जमा न होने के विरोध में रोष प्रकट किया गया है। उन्होंने अपनी समस्याओं के समाधान की मांग की है।



प्राप्त समाचार के अनुसार रोजगार सेवकों का कहना है कि वे पिछले 18-20 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा लगातार उनकी अनदेखी की जा रही है। इस उपेक्षा के कारण उन्हें गंभीर आर्थिक और सामाजिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

सेवकों ने बताया कि उन्हें पिछले छह महीनों से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। इस वजह से उनके परिवारों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है और दैनिक जीवन यापन मुश्किल हो गया है। एक अन्य प्रमुख समस्या ईपीएफ से संबंधित है। रोजगार सेवकों के अनुसार, पिछले दो वर्षों से उनके मानदेय से ईपीएफ की राशि काटी तो जा रही है, लेकिन उसे ईपीएफओ (कर्मचारी भविष्य निधि संगठन) में जमा नहीं किया गया है। यह राशि वर्तमान में ब्लॉक के होल्डिंग/पूल अकाउंट में पड़ी हुई है।

रोजगार सेवकों ने यह भी मांग की है कि ईपीएफओ द्वारा देरी से जमा करने के कारण जो 'पेंडेंसी' या जुर्माना मांगा जा रहा है, उसकी जिम्मेदारी भी प्रशासन की ही होनी चाहिए। उन्होंने इस पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। रोजगार सेवक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष हरिओम सैनी, सुरेश कुमार, वीरपाल सिंह, दीपक कुमार, साहिल कुमार, सुभाष कुमार, राजवीर सिंह, अंकित कुमार, ज्वाला देवी, रजनी शर्मा, रूबी, अमजद, उमेश कुमार, महेंद्र सिंह, कमल शर्मा सहित कई अन्य ग्राम रोजगार सेवक मौजूद रहे।

ग्राम रोजगार सेवकों ने चेता.वनी दी है कि यदि उनकी समस्याओं का शीघ्र निवारण नहीं किया गया, तो वे अपनी मांगों को लेकर आगे की रणनीति तय करेंगे और आंदोलन करने पर विवश होंगे। खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह का कहना है कि समस्या के समाधान के लिए जिले स्तर पर पत्र लिखा गया है।

# ट्रांसफार्मर बदलवाने को भाकियू का धरना

### धरने पर एसडीओ को सुनाई खरी खोटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** ग्राम सिसौना में जर्जर विद्युत लाइनों, जर्जर पोल सहित खराब पड़े ट्रांसफार्मर आदि की समस्याओं से परेशान ग्रामीणों और किसानों की समस्याओं की हल्दौर एसडीओ कार्यालय में सैकड़ों बार पैरवी करने के बाद भी समाधान न होने से नाराज भाकियू (अराजनैतिक) कार्यकर्ताओं एवं किसानों ने ग्राम सिसौना के बिजली घर पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। धरने पर पहुंचे एसडीओ विद्युत अभय कुमार सिंह भाकियू कार्यकर्ताओं व किसानों ने जमकर खरीखोटी सुनाई गई। किसानों ने झूठे मुकदमे लिखवाने पर चेताया कि वह अब झूठे मुकदमे नहीं सहेंगे। बल्कि अपराध को करने के बाद सच्चे मुकदमे में जेल जाना पसंद करेंगे। किसान यूनियन के ऐसे तेवर देखकर एसडीओ विद्युत अभय कुमार सिंह ने विद्युत तारों और पोलो को एक हफ्ते में बदलवाने का आश्वासन दिया। वहीं कुछ अन्य कामों के लिए उन्होंने एक से डेढ़ माह की मांग की है। जिन्हें अधिकारियों से पास कराकर स्वीकृति के आधार पर कार्य योजना बनाने की बात कही। आश्वासन देते समय एसडीओ अभय कुमार सिंह ने कई बार कहा कि उन्हें जर्जर पोलो सहित तारों के बारे में पता था। अब सवाल यह है कि जब अधिकारी को विद्युत के जर्जर तारों और पोलो के बारे में पहले से ही पता था, तब अपनी टीम के साथ उन्होंने यह कार्य करने की जहमत क्यों नहीं उठाई? क्या उन्हें किसी ग्रामीण अथवा किसान की जान जाने का इंतजार था या फिर लोगों के प्रदर्शन के बाद ही उनके कार्य करने की इच्छा जागती है? इसके जवाब में किसान यूनियन के बिजनौर तहसील अध्यक्ष ने बताया कि जब तक कोल्हू में गन्ना नहीं डाला जाता, तब तक उसका रस नहीं निकलता। इसी प्रकार जब तक इन सरकारी दामादों को चेताया नहीं जाता अथवा प्रदर्शन नहीं किया जाता, तब तक वह अपने दफ्तर से भी निकलना गवारा नहीं समझते।

उधर अपनी मांगों के साथ एक ज्ञापन एसडीओ विद्युत अभय कुमार सिंह को सौपने और आश्वासन मिलने के बाद किसानों ने धरना समाप्त किया। इस मौके पर केशव सिंह, राजन सिंह, उदयवीर सिंह, नौबहार सिंह, ब्रह्मपाल सिंह, सुरेश सिंह, मनोज, राकेश प्रधान, राजीव पवन शर्मा सहित सैंकड़ों किसान मौजूद रहे।

# भाकियू की बैठक में समस्याओं पर विचार

### किसानों से एकजुट होकर संगठित रहने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक की एक मासिक पंचायत संगठन के नेता घनश्याम सिंह बिरला की अध्यक्षता में क्षेत्र के ग्राम गोवर्धनपुर उर्फ नाबका के ग्राम अध्यक्ष रामप्रसाद सिंह के निवास स्थान पर आयोजित की गई। जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया गया।



ब्लॉक अध्यक्ष महल सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में आज भी भारी मात्रा में आवारा पशु गौवंश सड़कों पर घूम रहे हैं। जिससे वाहन चालकों की जान को खतरा बना रहता है। किसानों की खेती को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने वन विभाग से जंगली पशुओं द्वारा खेतों को नुकसान पहुंचाए जाने की समस्या से निदान की मांग की तथा गुलदार द्वारा मौत के घाट उतारी गई महिलाओं को उचित मुआवजा देने तथा गुलदार को शीघ्र पड़ने की मांग की। उन्होंने किसानों से एकजुट होकर संगठित रहने का आह्वान किया।

इस अवसर पर राम सिंह, नन्हे सिंह, प्रर्वेंद्र कुमार, देवेंद्र सिंह, पदम कुमार, रामस्वरूप सिंह, चिरंजीत सिंह, जसवंत सिंह, घनश्याम सिंह आदि भारी संख्या में किसानों ने पंचायत में भाग लिया।

## एक नजर

### अनिल दुबे अध्यक्ष मनोनीत



**बिजनौर।** नागरिक जनकल्याण सेवा समिति (वरिष्ठ नागरिक) की बैठक में चुनाव प्रक्रिया के माध्यम अनिल दुबे को समिति का अध्यक्ष चुना गया। जैन धर्मशाला में अनिल कुमार महरोत्रा की अध्यक्षता एवं गिरधारी शरण खन्ना के संचालन में आयोजित बैठक में समयबद्धता कार्यक्रम के अंतर्गत लकी ड्रा के माध्यम से विजेता जीएस खन्ना रहे। जिन्हें मंच की ओर से सम्मानित किया गया। सचिव द्वारा विगत कार्रवाई को पढ़कर सुनाया गया। शांति दूबे, बीना जैन, करुणा गर्ग, शिप्रा गर्ग आदि ने सामूहिक भजनों की प्रस्तुति दी। प्रभात अग्रवाल ने गीत, केके पाठक ने राजनीति का गणित निराला 90 प्रतिशत दागी, डा. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस ने रचना के माध्यम से 23 से 56 वर्ष तक कमाने व जीवन चक्र पर सुंदर प्रस्तुति दी। इन सभी का करतल ध्वनि से स्वागत किया गया। वैद्य अजय गर्ग ने बताया कि अनुपस्थित चल रहे सदस्यों को कॉल कर उनका हाल-चाल जाना गया और निर्णय लिया गया कि सभी सदस्य मासिक बैठक में जरूर उपलब्ध रहे। तीन माह तक अनुपस्थित रहने पर उनकी सदस्यता समाप्त करने का निर्णय लिया जाएगा। बैठक में 2026-27 के लिए चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से समिति का गठन किया गया। जिसमें अनिल दुबे को अध्यक्ष, एमपी रस्तौगी व बीना जैन उपाध्यक्ष, सचिव गिरधारी शरण खन्ना, सह सचिव करुणा गर्ग, कोषाध्यक्ष के के खन्ना, अरुण प्रकाश भारद्वाज ऑडिटर, वैद्य अजय गर्ग व अनिल कुमार मेहरोत्रा संरक्षक, शांति दुबे व आशा रस्तोगी कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किए गए। नवगठित कार्यकारिणी ने समिति को अपेक्षित सहयोग करने का आश्वासन दिया और समिति के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया। हाउजी खेल प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी शिप्रा गर्ग, करुणा गर्ग,संजय जैन, अनिल महरोत्रा, सत्य प्रकाश रस्तोगी, एसपी रस्तौगी, के के खन्ना, जगदीश वर्मा, अशोक गुप्ता, शांति दुबे आदि को उपहार देकर सम्मानित किया गया। बैठक के समापन पर शांति पाठ कर सहभोज का आनंद लिया गया।

### पीएनजी गैस के कनेक्शन उपलब्ध कराएं



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में आयोजित घरेलू उपभोक्ताओं को पाइप लाइन के माध्यम से प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बढ़ाए जाने के संबंध में जिला स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता की गई। जनपद में निर्धारित लक्ष्य 9000 परिवारों के सापेक्ष मात्र 1500 घरों को पीएनजी पाइप लाइन गैस आपूर्ति कनेक्शन से आच्छादित किए जाने की अत्यंत धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कड़े निर्देश दिए कि जल्द से जल्द लक्ष्य के सापेक्ष सभी परिवारों को पीएनजी के कनेक्शन उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें और इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में खाड़ी युद्ध के दृष्टिगत घरेलू रसोई गैस की आपूर्ति प्रभावित हुई है, यदि एजेंसी द्वारा निर्धारित समय में पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध करा दिए जाते, तो उपभोक्ताओं को राहत प्राप्त होती। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन उपभोक्ताओं को कनेक्शन उपलब्ध कराए जा चुके हैं, सुनिश्चित करें कि उनकी सप्लाई प्रभावित न होने पाए। उन्होंने पीएनजी प्रबंधक द्वारा मुख्यालय पर डिपो के लिए जगह उपलब्ध कराए जाने की मांग पर उप जिलाधिकारी सदर को उक्त संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुणाल रस्तौगी सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

### विनियमन समीक्षा समिति के अंतर्गत समीक्षा बैठक

**बिजनौर।** जिलाधिकारी ने उ.प्र. विधान परिषद की 'विनियमन समीक्षा समिति' के प्रस्तावित अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत समीक्षा बैठक के सम्बन्ध में आयोजित बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय प्रकरणों से संबंधित पूर्ण विवरण के साथ आख्या प्रस्तुत करें।

**आदेशानुसार न्यायालय**
**सिविल जज ( जू.डि. ) बिजनौर**
ओएम-20/26
**विपिन कुमार बनाम ललीता**

विपिन कुमार बनाम स्व. अजय कुमार निवासी मौहल्ला कस्साबान, कस्बा, परगना व थाना मण्डावर, तहसील जिला बिजनौर

**बनाम**

ललीता पत्नी विपिन कुमार उम्र 38 वर्ष निवासी मौहल्ला कस्साबान, कस्बा, परगना व थाना मण्डावर, तहसील जिला बिजनौर

चूंकि उपरिनामांकित के इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 10.04.2026 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपेण अनुविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा।

नियत दिनांक: 10.04.2026
**प्रबंधक**
**सिविल जज जू.डि.**
**बिजनौर**

**आदेशानुसार न्यायालय**
**सिविल जज ( जू.डि. ) बिजनौर**
ओएम-29/26
**रविकान्त बनाम भूपेन्द्र सिंह**

रविकान्त उम्र 34 वर्ष पुत्र स्व. फूल सिंह, निवासी ग्राम सालमाबाद, परगना व तहसील, जिला बिजनौर

**बनाम**

1. भूपेन्द्र सिंह उम्र 47 वर्ष, 2. अमित कुमार उम्र 45 वर्ष, 3. चन्द्रप्रकाश उम्र करीब 38 वर्ष पुत्रगण स्व. फूल सिंह, 4. श्रीमती कौशल देवी 42 वर्ष पत्नी सुभाष, पुत्री स्व. फूल सिंह निवासी अकबरपुर अंगाखेड़ी, पोस्ट बहादरपुर, परगना मंडावर, तहसील जिला बिजनौर। 5. श्रीमती अनीता देवी उम्र 57 वर्ष पत्नी जयपाल, पुत्री स्व. फूल सिंह, निवासी भरतपुर, मिथ्थोपुर, इस्लामाबाद, तहसील नगीना, जिला बिजनौर।, 6. श्रीमती सीमा देवी उम्र 37 वर्ष पत्नी दितेन्द्र, पुत्री स्व. फूल सिंह निवासी ग्राम पाड़ला, परगना किरतपुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

चूंकि उपरिनामांकित के इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 22.04.2026 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपेण अनुविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा।

नियत दिनांक: 22.04.2026
**प्रबंधक**
**सिविल जज जू.डि.**
**बिजनौर**

# मासूम फैजान हत्याकांड में दोषी को आजीवन कारावास

शाह टाइम्स संवाददाता

**शेरकोट।** पुलिस की मजबूत पैरवी पर चर्चित मासूम फैजान हत्याकांड में न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जिससे पीड़ित परिवार को लंबे इंतजार के बाद न्याय मिल सका।

गौरतलब है कि नौ फरवरी 2019 को मौहल्ला इमामबाड़ा निवासी इमाम उद्दीन ने अपने 10 वर्षीय पुत्र मौहम्मद फैजान के लापता होने की सूचना पुलिस को दी थी। काफी तलाश के बाद भी बच्चे का कोई पता नहीं चला था। जिसके बाद पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। अगले ही दिन फैजान का शव मौहल्ले की एक मस्जिद के पीछे संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने मासूम का



## 12,800 रुपये का जुर्माना भी लगाया

शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्कालीन थाना प्रभारी पंकज तोमर ने जांच तेज कर दी।

जांच के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मौहल्ला इमामबाड़ा निवासी फरमान को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ अपहरण और हत्या का मुकदमा दर्ज कर चार्जशीट अदालत में दाखिल की गई।

सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने मजबूत साक्ष्य और गवाह पेश किए। जिसके आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी करार दिया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंकज चौहान की अदालत ने फैसला सुनाते हुए फरमान को आजीवन कारावास की सजा दी। साथ ही उस पर 12,800 रुपए का जुर्माना भी लगाया गया।

इस फैसले के साथ ही लंबे समय से चर्चित इस मामले का पटाक्षेप हो गया। बता दे कि पुलिस अधिकारियों कि मजबूत विवेचना और पुख्ता साक्ष्यों के चलते ही आरोपी को सजा दिलाई जा सकी।

# एआई तकनीक व वैज्ञानिक खेती पर जोर

शाह टाइम्स संवाददाता

**चांदपुर।** ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक वीएम पाठक की अध्यक्षता में आज गन्ना विकास परिषद, चांदपुर के कार्यालय में समस्त स्टाफ की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में आधुनिक तकनीक के समावेश और बसंतकालीन बुवाई की प्रगति को लेकर कड़े निर्देश जारी किए गए।



समीक्षा बैठक में बोलते हुए श्री पाठक ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि इससे गन्ना खेती में क्रांति आएगी और गन्ने की पैदावार भी स्वस्थ और अधिक होगी। समीक्षा बैठक का मुख्य केंद्र साधना सप्ताह रहा। उन्होंने तकनीकी दक्षता पर जोर देते हुए सभी गन्ना पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया कि वे दो से आठ अप्रैल तक चलने वाले चार घंटे के कोर्स को अनिवार्य रूप से पूर्ण करें और अपना बैज प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि भविष्य में विभाग में एआई के प्रयोग से गन्ने में लगने वाले कीटों और रोगों की सटीक पहचान संभव होगी। आधुनिक तकनीकी के इस समावेश से न केवल उत्पादन में वृद्धि होगी। बल्कि क्षेत्र के किसानों में खुशहाली और समृद्धि भी आएगी।

रेड रोट से बचाव हेतु ट्राइकोडर्मा का प्रयोग अनिवार्य बताते हुए उन्होंने बैठक में गन्ने की फसल को घातक रेड रोट लाल सड़न रोग से बचाने के लिए सख्त दिशा-निर्देश दिए। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक वीएम पाठक ने बताया कि भूमि में अभी भी रेड रोट के इनाकुलम (जीवाणु) मौजूद हैं, जो नई फसल को नुकसान पहुंचा सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट आदेश दिए कि किसान भाई बिना ट्राइकोडर्मा (फंगीसाइड) के शोधन के कोई भी बुवाई न की जाए। साथ ही आरक्षित बीज, आधार और प्राथमिक/सामान्य पौधशालाओं के बीजों शत-प्रतिशत बुवाई सुनिश्चित की जाए।

क्षेत्र में चल रही बसंतकालीन बुवाई की समीक्षा करते हुए सभी पर्यवेक्षकों को डे-टू-डे (प्रतिदिन) की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

## एक नजर

### छोटा हाथी वाहन पलटा



**नगीना।** ग्राम तुखमापुर से नंदपुर मार्ग पर सब्जियों से भरा छोटा हाथी वाहन बाइक सवार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। दुर्घटना में कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई और वाहन सवार सुरक्षित हैं। छोटा हाथी वाहन में दो लोग सवार थे, जो सुरक्षित बाहर निकल आए। हालांकि, उन्हें मामूली चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों के सहयोग से पलटे हुए वाहन को सीधा किया गया। पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया।

### अज्ञात शव मिलने से हड़कंप मचा

**नजीबाबाद।** मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम भागूवाला में सोमवार को एक अज्ञात व्यक्ति का नहर किनारे शव मिलने से हड़कम्प मच गया। गश्त के दौरान राहगीरों ने घटना की पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा जांच पड़ताल शुरू कर दी। मृतक की आयु करीब 38 वर्ष बताई गई है। प्राथमिक जांच में किसी वाहन की टक्कर से उक्त व्यक्ति की मौत होने की आशंका जताई गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस द्वारा मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। आसपास के क्षेत्रों में जानकारी जुटाई जा रही है।

### आरबीएस में रक्तदान शिविर



**नांगल सोती।** आरबीएस इंटर कॉलेज में गुरु नानक देव चैरिटेबल ब्लड ट्रस्ट सेंटर नजीबाबाद द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में सैकड़ों लोगों ने रक्तदान किया। प्रधानाचार्य राजीव चौहान ने सभी से अपील करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। हर व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। टीम में शमशेर सिंह, शुभम कुमार, अजय, आंचल, वरिष्ठ शिक्षक केशव शरण, संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

### समझौते के नाम पर रकम मांगने का आरोप

**कोतवाली देहात।** थाना क्षेत्र के एक गांव में दो भाइयों के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। विवाद में दोनों पक्ष कई बार थाने भी आ चुके हैं। एक पक्ष की महिला का आरोप है कि उसे एक व्यक्ति मिला है तथा समझौता करने के नाम पर फोन पर उससे 30 हजार रुपए रिश्वत की डिमांड करने लगा। महिला के मना करने पर भी बार-बार व्यक्ति फोन पर रकम भेजने का दबाव बनाता रहा। महिला द्वारा रकम न देने पर उसे व उसके परिवार को झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भेजने की धमकी फोन पर दी जा रही है। धमकी देने वाला व्यक्ति जनपद में ही पुलिस विभाग में खुद को उच्च पद पर बता रहा है। ऑडियो में थाना कोतवाली देहात में तैनात एक दरोगा का नाम भी लिया जा रहा है। ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। पीड़िता व उसका परिवार धमकी देने वाले व्यक्ति से भयभीत है।

### दायित्वों की प्रतिज्ञा दिलाई



**बिजनौर।** अग्रवाल प्रशिक्षण एवं समाज सेवा संस्थान की मासिक बैठक संस्थान सदस्य आशा अग्रवाल के आवास पर हुई। जिसमें संस्थान के नए पदाधिकारी चुने गए एवं उनके कार्य एवं दायित्वों की प्रतिज्ञा भी दिलाई गई। बैठक में अध्यक्ष संध्या अग्रवाल, उपाध्यक्ष आशा अग्रवाल, सचिव उषा शर्मा, कोषाध्यक्ष अलका अग्रवाल, नीना शर्मा एवं ममता शर्मा, मीडिया प्रभारी, उमा अग्रवाल और शशि शर्मा मौजूद रहीं। रीता अग्रवाल और रेखा अग्रवाल संरक्षिका, अंजू शर्मा व पूनम गुप्ता सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी चुना गया। सभी ने प्रतिज्ञा की कि हम देश हित में तन-मन-धन से और समय से सभी संस्थान एवं समाज के कार्य करेंगे। संस्थापिका सविता अग्रवाल ने बताया कि संस्था को 30 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। इस उपलक्ष में नजीबाबाद मार्ग स्थित आरआर पब्लिक स्कूल में 25 अप्रैल को कार्यक्रम करने की तिथि सर्वसम्मति से तय हुई है। नित्या, सुरभि, अंजलि आदि उपस्थित रहीं।

### बाबा नन्हें मियां का सालाना उर्स आज

**नजीबाबाद।** नगर के मौहल्ला पाईबाग स्थित हजरत बाबा नन्हें मियां चिश्ती दरगाह पर एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें तय हुआ कि हर साल की तरह इस साल भी मजार का 97वां सालाना तीन दिवसीय उर्स बड़ी शानो शौकत के साथ आयोजित किया जायेगा। उर्स 8, 9 व 10 अप्रैल बाद नमाज ए फजर कुरान ख्वानी बाद शुरू होगा। उर्स में नमाज ए मगरिब लंगर तकसीम एवं बाद नमाज ए ईशा सूफियाना कव्वाली का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की सदारत डॉ. नईम अख्तर एवं निजामत अब्बास खलीफा ने की। इस अवसर पर सूफी नजाकत अली, बाबा मौहम्मद हसन, शराफत चौधरी, शरीफ अहमद उर्फ मन्नू खलीफा, अजीम अख्तर, कामरान अली अंसारी, इदरीस अब्बासी, इरशाद अंसारी, डॉ. जुनैद अंसारी आदि उपस्थित रहे।

### महिलाओं को धमकाने का वीडियो वायरल

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के ग्राम जटपुरा बोंडा में कंपोजिट शराब की दुकान हटाने को लेकर एक सप्ताह पूर्व ग्राम की महिलाओं ने शराब की दुकान के सामने धरना प्रदर्शन किया था। एसडीएम को एक प्रार्थना पत्र देकर दुकान आबादी क्षेत्र से कहीं और खोले जाने की मांग की थी। इसी बात को लेकर मंडावली थाने के हल्का दरोगा ने रविवार की रात्रि में धरना देने वाली महिलाओं के घर पहुंचकर उन्हें हड़काया। जिसकी एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। वीडियो में दरोगा महिलाओं को धमकाते हुए कह रहे हैं कि अगर दोबारा से धरना दिया, तो तुम्हे देख लूंगा, तुम्हे बर्बाद कर दूंगा, तुम्हारा समूह बंद करा दूंगा। इसके बाद से गांव की महिलाएं डरी हुई है। गांव की महिलाओं का कहना है कि शराब की दुकान पर आने वाले शराबी गाली गलौच करते है, खुले में शौच करते है। शराब की दुकान के आसपास का माहौल खराब हो रहा है। इस संबंध में एसडीएम को प्रार्थना पत्र दिया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## एक नजर

### आरयूएम में फरजंद अली सम्मानित




**शेरकोट।** आरयूएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पीसीएस में 109वीं रैंक प्राप्त करने वाले फरजंद अली को फूल माला पहना कर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। स्वागत समारोह में पहुंचे फरजंद अली को प्रबंधक फुरकान महमूद अंसारी ने सम्मानित करते हुए कहा कि यह शेरकोट के लिए गौरव की बात है। जिंदगी में पहली बार किसी स्थानीय बच्चे ने पीसीएस की परीक्षा पास की है। इससे अन्य बच्चों को प्रेरणा लेनी चाहिए। वहीं फरजंद अली ने स्कूल स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने बच्चों को सम्बोधित करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में शुरू से अब तक की कठनाईयों के बारे में बताया। बच्चों से उनके शिक्षा के जीवन को संवारने के एक मकसद बनाने की जरुरत है। उन्होंने सभी बच्चों से शिक्षा को बेहद जरुरी बताया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक फुरकान महमूद अंसारी, प्रधानाचार्य शमशाद हुसैन, कैलाश चंद्र, विजयपाल सिंह, मौहम्मद नफीस अंसारी, शकील अहमद, सुरेंद्रपाल, रिहान अहमद, रईस अहमद, मौहम्मद आलम अंसारी, मौहम्मद रिजवान, अरशद हुसैन खां, मौहम्मद शहजाद, अबरार अहमद स्कूल स्टाफ सहित सभासद जावेद अंसारी, मैराज सिद्दीकी, नजाकत अल्वी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### टीबी मरीजों को बांटी पोषण पोटली



**बिजनौर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर रेडियो संदेश बिजनौर की ओर से आज टीबी चिकित्सालय में सीएमओ डा. कौशलेंद्र सिंह एवं विशिष्ठ अतिथि स्वाति वीरा महाजन सचिव रेडियो संदेश ने टीबी के मरीजों को पोषण पोटली दी गई। साथ ही विश्व स्वास्थ्य दिवस की महत्ता बताते हुए कहा कि टीबी की नियमित जांच कराए, और उचित पोषण ले, सभी जांच सरकारी हॉस्पिटल में नि:शुल्क है सभी सरकारी सुविधाओं का लाभ उठाकर अपने को स्वस्थ रखे। स्वाति वीरा ने कहा कि आज हिंदुस्तान में टीबी के मरीजों की संख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है। एक स्वस्थ व्यक्ति भी अपना सरकारी अस्पताल में नि:शुल्क एक्स-रे कराकर टीबी जांच और दवाइयां लेकर अपने को स्वस्थ रख सकता है, हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए, समय-समय पर जांच एवं अन्य आवश्यक सावधानी बरतनी चाहिए जिससे कि स्वस्थ रह सके इस मौके पर जिला क्षय अधिकारी अनिल कुमार सिंह, अता कौसर, नकुल कुमार, अरविंद यादव आदि एवं समाज सेवी डा. अख्तर हुसैन अंसारी, वीरा कॉलेज के निदेशक एवं निश्चय मित्र डा. अमित कुमार बंसल एवं समस्त रेडियो संदेश की टीम डा. अजय कुमार, सुनील भारद्वाज, शबाना बेग, मनोज यादव, संग्राम सिंह आदि मौजूद रहे।

### हज यात्रियों को प्रशिक्षण



**चांदपुर।** हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों के लिए हज कमेटी ऑफ इंडिया, मुंबई की हिदायत पर एक दिवसीय हज तरबीयती कैंप का आयोजन किया गया। बिजनौर बाईपास रोड स्थित वृंदावन गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में हज यात्रियों को हज व उमरा का तरीका कुरान व हदीस के मुताबिक जानकारी उपलब्ध कराई गई। मुफ्ती अब्दुल कादिर व डा. शहादत हुसैन ने यात्रियों को हज के अरकान बताए। अफजल फारुकी, डा. शहादत हुसैन, दिलशाद अहमद, बहार आलम, रफीउज्जमा उर्फ आशि ठेकेदार, नईम अहमद, मेहर आलम, नफीस अहमद, मौहम्मद शाहरुख, शमीम अहमद, हाजी नफीस अहमद, अयूब अहमद, रऊफ ठेकेदार, नाजिम खान द्वारा बेहतरीन व्यवस्था की गई। डा. जुनैद बदर द्वारा चिकित्सा किट बांटी। डा. जमाल अहमद, अय्यूब अहमद, डा.शहादत हुसैन एड., मौहम्मद आसिफ, फहद अली खान द्वारा ट्रेनिंग कराई गई। कार्यक्रम में फहीम अहम्द ठेकेदार, पत्रकार मौहम्मद हनीफ, फैजान उर्फ पारुल, बन्ने अल्वी, तारिक शेख मौजूद रहे।

# दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन

## विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** कृष्णा ग्रुप ऑफ कॉलेजेस द्वारा नेहरू स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय अंर्तविभागीय खेल कार्यक्रम का समापन उत्साह और उमंग के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्य आकर्षण वॉलीबॉल और क्रिकेट के मैच रहे। वॉलीबॉल मुकाबला काफी रोमांचक रहा, जिसमें कृष्णा ग्रुप के विभिन्न महाविद्यालयों की आठ टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में कृष्णा फार्मेसी कॉलेज ने 25-18 और 25-21 से कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एंड आईटी को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। विजेता टीम ने बेहतरीन समन्वय और कौशल के दम पर उपविजेता टीम पर जीत हासिल की। क्रिकेट मैच में खिलाड़ियों ने शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी का प्रदर्शन किया। दर्शकों की तालियों और उत्साह के बीच कृष्णा कॉलेज और कृष्णा इंस्टीट्यूट का मुकाबला बेहद रोमांचक रहा जिसके अंत में विजेता टीम कृष्णा कॉलेज ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 55 रनों से खिताब अपने नाम किया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि वन विभाग के उपखंड अधिकारी अंशुमान मित्तल, रेंजर महेश चंद्र गौतम, जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार, कालेज के संस्थापक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, लॉ कालेज प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां, साइंस कॉलेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा, फार्मेसी प्राचार्य डा. अंकित कुमार सैनी, प्राचार्य डा. विवेक एवं महाविद्यालय की खेल समिति द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों और विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। भारतीय सेना में कार्यरत राष्ट्रीय स्तर के वॉलीबॉल खिलाड़ी शेखर जी ने भी अपनी उपस्थिति से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के खेल कौशल की सराहना की और भविष्य के लिए खेलों से जुड़े रहने के संकल्प के लिए प्रेरित किया।महाविद्यालय चेयरमैन मनोज कुमार ने खेल भावना की सराहना करते हुए कहा कि हर प्रतिभागी एक विजेता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में क्रीड़ा सचिव विशाल विक्रम सिंह व अरमान मलिक, क्रीड़ा अधिकारी संजीव कुमार व विचित्र मलिक एवं समस्त शिक्षकों और कर्मचारियों महत्वपूर्ण योगदान रहा। राष्ट्रगान के साथ प्रतियोगिताओं के समापन की घोषणा की गई।

# बैंक में दो सप्ताह से 'नो कैश '

शाह टाइम्स संवाददाता

**कासमपुर गढ़ी।** पंजाब नेशनल बैंक शाखा में पिछले करीब दो सप्ताह से कैश की किल्लत बनी हुई है। जिससे क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बैंक में कैश न होने से रोजमर्रा के जरूरी काम प्रभावित हो रहे हैं। बैंक ग्राहकों में आक्रोश पनपा हुआ है। बैंक में ऐसे हालात बन गए हैं कि लोगों को नोटबंदी के समय की स्थिति की याद सताने लगी है।



## बैंक में नोटबंदी जैसे हालात

आज बैंक शाखा पर सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ जुटी रही, लेकिन कैश उपलब्ध न होने के कारण अधिकांश लोगों को निराश होकर लौटना पड़ा। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि पिछले 10 से 15 दिनों से लगातार यही स्थिति बनी हुई है। लोग दूर-दराज के गांवों से किराया खर्च कर बैंक पहुंचते हैं, लेकिन नकदी न मिलने से उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है। ग्राहकों के अनुसार, कई परिवार ऐसे हैं जिन्हें दवाइयों के लिए तत्काल पैसों की जरूरत है, वहीं कुछ लोगों के घरों में शादी-विवाह जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम हैं। इसके बावजूद बैंक से कैश न मिलने के कारण उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि एटीएम भी अधि. कतर समय खाली पड़े रहते हैं, जिससे समस्या और गंभीर हो गई है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही व्यवस्था नहीं सुधरी तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। भाकियू तोमर गुट के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष मौहम्मद रिजवान ने बैंक की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए कहा कि शाखा में लंबे समय से कैश की कमी बनी हुई है, जो सीधे-सीधे ग्रामीणों के हितों के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही कैश की पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई, तो संगठन के बैनर तले प्रदर्शन किया जाएगा। मौहम्मद रिजवान ने पीएनबी के उच्च अधिकारियों से तत्काल संज्ञान लेते हुए शाखा में नियमित रूप से पर्याप्त नकदी उपलब्ध कराने की मांग की है। उधर इस संबंध में बैंक प्रबंधन का कहना है कि कैश की दिक्कत आगे से है। ग्राहकों की समस्या को उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। शीघ्र ही ग्राहकों की समस्या का निस्तारण कराया जाएगा।

# मैथोडिस्ट चर्च में ईस्टर पर्व पर भक्ति कार्यक्रम का आयोजन

**नजीबाबाद।** नगर के मौहल्ला संतोमालन स्थित मैथोडिस्ट चर्च में ईस्टर पर्व पर भक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चर्च के पादरी हिमांशु व आशीष ने समाज के लोगों को मिल-जुलकर रहने की सलाह दी। देश, समाज व सभी वर्गों के उत्थान के लिए दुआ की गई। कार्यक्रम में माया प्रसाद, राकेश प्रसाद, रैमी प्रसाद, लीना सिंह, सुधा रानी, पूनम सिंह, रितिका सिंह, रेनू सिंह, रीति सिंह, आरव, अरू, रजनीश सिंह, मीनू सिंह, मनोज बल्लभ, नीतू बल्लभ, अर्चना सिंह, विक्रांत सिंह, अनामिका, रॉकी प्रसाद, रोहन, रवि आदि मौजूद रहे।

# 50 गेहूं क्रय केंद्र स्वीकृत: डीएम

## किसानों के लिए बैठने, स्वच्छ पेयजल व सफाई आदि की व्यवस्था करने के निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर ने रबी विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा क्रय एजेंसी खाद्य विभाग, पीसीएफ एवं भारतीय खाद्य निगम सहित कुल 50 गेहूं क्रय केंद्रों को स्वीकृति प्रदान की गई है।



कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में डीएम जसजीत कौर ने बताया कि शासन द्वारा रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत गेहूं क्रय के लिए विगत वर्ष की तुलना में प्रति कुंटल रुपया 160/- की वृद्धि की गई है, इस वित्तीय वर्ष में 2585 रुपए प्रति कुंटल गेहूं क्रय किया जाएगा। उन्होंने समस्त गेहूं क्रय संस्थाओं के जिला प्रबंधकों को निर्देशित किया है कि शासन द्वारा अनुमोदित किए गए क्रय केंद्रों पर तत्काल समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण करते हुए तत्काल केंद्रों का क्रियान्वयन एवं भौतिक रूप से क्रियाशील करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि शासन के निर्देशों के क्रम में क्रय केंद्रों पर आने वाले किसान बंधुओं का रजिस्ट्रेशन एवं सत्यापन करना सुनिश्चित करते हुए उन्हें यथासंभव सुविधा उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी क्रय केंद्रों पर किसानों के लिए बैठने, स्वच्छ पेयजल, सफाई आदि की व्यवस्था संचालित रखें तथा गेहूं क्रय से संबंधित सभी अभिलेख एवं उपकरणों को भी अद्यतन रूप से व्यवस्थित रखें ताकि गेहूं खरीद कार्य में किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न होने पाए। इस मौके पर सीडीओ रणविजय सिंह, एडीएम प्रशासन अंशिका दीक्षित, जिला खाद्य विपणन अधिकारी सहित गेहूं खरीद एजेंसियों के प्रबंधक एवं केंद्र प्रभारी मौजूद थे।

# आंधी और बारिश से किसानों की फसल बर्बाद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल/बबराला।** सुबह सवेरे मौसम खुशगवार रहा। लेकिन दिन का पारा चढ़ने के साथ आंधी और बूंदा-बांदी ने मौसम को पूरी तरह बदलकर रख दिया। काली घटाओं के साथ आमसान से हो रही बूंदा-बांदी ने किसानों को चिंतित कर दिया है।

**बैमौसम बारिश व अंधड़ से किसान हुए चिंतित, सुबह को मौसम साफ, दोपहर को छायी काली घटा खेतो में रखी फसल खराब**

जनपद में सुबह से मौसम पूरी तरह साफ था, धूप भी खिली हुई थी लेकिन दोपहर होते ही अचानक आंधी आई और आसमान में काली घटाओं ने डेरा बना लिया। लोग आंधी की तरफ सही से देख पाते इससे पहले ही बूंदा-बांदी शुरू हो गई। किसान इससे काफी चिंतित हैं। क्योंकि किसानों की फसल खेतों में कटी पड़ी है। वह गीली हो गयी। जबकि जिनके गेंहू कटने को है। वह भी मौसम के चलते नहीं काट पा रहे है। इसके अलावा हवा और बारिश से गेंहू की फसल गिर रही है। भाकियू जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव ने कहा कि बैमौसम बारिश और तूफानी हवा से खेतों में गेंहू और लहटा व सरसों की पकी खड़ी फसलों को बड़ा नुक्सान है। जबकि काफी जगह किसानों ने गेंहू काटकर खेतो में छोड़ दिया है। लेकिन अचानक हो रही बारिश किसानों की कड़ी मेहनत बैमौसम बारिश और हवा में बर्बाद हो रही है।उधर किसान किशनपाल, प्रेमपाल सिंह, आनन्द प्रकाश,शेर सिंह ने कहा कि बारिश से गैंहू की फसल को काफी नुकसान है। हवा के बाद बारिश से फसल खराब हो रही है।

## निषादराजा शोभायात्रा आज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** भगवान महर्षि कश्यप एवं भगवान निषाद राज जी की भव्य शोभायात्रा एवं विशाल जनसभा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री, डा. संजय निषाद मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।



सम्भल- बैमौसम बारिश व तेज हवाओं से खेत में बिछी पड़ी गेहूं की फसल।

# गंगा एक्सप्रेसवे पर चालकों को सोने के लिए बनाए गए कमरे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बबराला।** जिला सम्भल से होकर गुजरने वाले गंगा एक्सप्रेस-वे पर ड्राइवरों को झपकी नहीं आयेगी। क्योंकि हर 75 किलोमीटर पर सोने की जगह मिलेगी। मेरठ से 6 घंटे में प्रयागराज पहुंचेंगे। । यह एक्सप्रेस-वे 594 किलोमीटर लंबा होगा और अप्रैल 2026 तक चालू होने की उम्मीद है।

## इस गंगा एक्सप्रेसवे की प्रमुख विशेषतायें

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** इस गंगा एक्सप्रेस-वे की प्रमुख विशेषताए मेरठ से चलकर प्रयागराज तक जाने वाले गंगा एक्सप्रेसवे की वैसे तो काफी विशेषताए हैं लेकिन प्रमुख विशेषतायें इस तरह है। इसकी लंबाई 594 किलोमीटर है। यह मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, सम्भल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ से गुजरकर प्रयागराज तक ले जायेगा। एक्सप्रेसवे पर वाहनों की गति सीमा 120 किलोमीटर प्रति घंटे रहेगी।

## दोनों तरफ टोल के साथ रहेंगी सुविधाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बबराला।** सुविधाएं हर 75 किलोमीटर पर सोने की जगह, रेन हार्वेस्टिंग पिट,ऑयल और ग्रीस ट्रैप होगा। गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण से मेरठ से प्रयागराज तक की यात्रा का समय 12 घंटे से घटकर 6 घंटे हो जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि यह एक्सप्रेस-वे उत्तर प्रदेश के 12 जिलों और 519 गांवों से होकर गुजरेगा। इससे यात्रा में समय कम लगेगा।

# आठ दिन में ही विवाहिता को तीन तलाक

**पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से लगाई गुहार**

**एसपी के निर्देश पर थाना पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट**

**ससुर, नंद और पति व देवर कर रहे थे शारिरिक प्रताड़ित**

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** एक नवविवाहिता को निकाह के महज आठ दिन बाद तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गुन्नौर नगर के मुहल्ला नई बस्ती निवासी खुशनुमा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका निकाह 17 फरवरी 2026 को बदायूं जनपद के बिसौली थाना क्षेत्रान्तर्गत शीशमहल निवासी युवक के साथ हुआ था। आरोप है कि निकाह से पहले उसने पति को सोने की लोंग, चांदी की पाजेब, 42 हजार रुपये नकद और एक मोबाइल फोन दिया था। पीड़िता का आरोप है कि निकाह के बाद से ही पति, ससुर,ननद और देवर कबीर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। उसे पर्याप्त खाना तक नहीं दिया जाता था और मामूली बातों पर मारपीट की जाती थी। बताया कि 25 फरवरी को सभी आरोपितों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह बीच-बचाव कराया। इसके बाद पति उसे बस में बैठाकर गुन्नौर चौराहे पर छोड़ गया और घर वापस न आने की बात कही। काफी समझाने के बावजूद पति ने गुस्से में आकर तीन बार तलाक बोलकर रिश्ता खत्म कर दिया और उसे जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में एसपी से शिकायत की। एसपी के निर्देश पर गुन्नौर पुलिस ने पति सहित पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

## भाड़े पर गए पिता-पुत्र का नहीं पता

**सम्भल।** भाड़े पर वाहन लेकर गए पिता पुत्र का पांच दिन बाद शामली में शव मिलने का संदेश सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# आगरा-मुरादाबाद हाईवे पर दो कारों की भिड़ंत में पॉच घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** आगरा-मुरादाबाद हाईवे पर दो कारों की भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों कार सवार पांच लोग घायल हो गए।

**हादसे के बाद बनी जाम की स्थिति**

मुरादाबाद के थाना कटघर क्षेत्र के करूला निवासी मोहम्मद ओवैस कार से अलीगढ़ जा रहे थे। उधर, बदायूं निवासी रुपेश भी कार में अपने स्वजन के साथ आ रहे थे। जैसे ही यह लोग आगरा-मुरादाबाद हाईवे काली मंदिर के पास में पहुंचे तो दोनों में भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार पांच लोग घायल हो गए। जबकि दोनों कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। एक कार सड़क से पलटते हुए खेत में गिर गई। हादसे के बाद मौके पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी और जाम की हालात भी बन गए। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को हटवाकर यातायात सुचारू कराया।

# सरकारी भूमि कब्जा मुक्त कराने को युवक भटक रहा

**लेखपाल की भूमिका संदिग्ध, लगे गम्भीर आरोप**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जहां सरकारी जमीनों बुल्डोजर जस्टिस के सहारे कब्ज़ा मुक्त कराने को राजस्व प्रशासन अभियान चलाये हुए है लेकिन दूसरी ओर राजस्व विभाग के ही कर्मचारी सरकारी जमीन पर किए गए अवैध कब्ज़े से कब्जा मुक्त होने की रिपोर्ट देकर अधिकारियों की ऑखो में धूल झोंक रहे हैं। लेखपाल पर सरकारी जमीन पर कब्ज़े को मुक्त कराने की रिपोर्ट देने पर कई गम्भीर सवाल खड़े कर दिये है। जबकि सरकारी जमीन को कब्ज़ा मुक्त कराने के लिए युवक अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है।

तहसील क्षेत्र के ग्राम चकिया में राजस्व अभिलेखो में युवक मंगल दल के नाम भूमि दर्ज है। गांव निवासी युवक रितिक की ओर से उपजिलाधिकारी को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र के अनुसार गांव के ही कुछ लोगों द्वारा गाटा संख्या 75, रकबा 0.1190 हेक्टेयर भूमि पर जबरन कब्जा कर लिया है। आरोप है कि कब्जाधरियों ने वहां पशु बांधना, उपले रखना और अन्य गतिविधियां शुरू कर द। जिससे आसपास रहने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित ने यह भी कहा कि वहां छोटे बच्चों के खेलने की जगह भी प्रभावित हो रही है। गंभीर बात यह है कि पीड़ित ने हल्का लेखपाल पर भी पक्षपात का आरोप लगाया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि शिकायत देने के बावजूद लेखपाल द्वारा मौके की सही जांच नहीं की गई और उल्टा कब्जाधारियों को फायदा पहुंचाते हुए मामले को दबाने की कोशिश की। वहीं लेखपाल की ओर से दी गई आख्या में जमीन को 'गडढे व घूर' के रूप में दर्शाते हुए उस पर उपले रखने की दी है। जिससे मामले में विरोधाभास और बढ़ गया है। पीड़ित ने प्रशासन से मांग की है कि निष्पक्ष जांच कराकर अवैध कब्जा हटवाया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।



सम्भल- लेखपाल का पोर्टल पर कब्जा मुक्त करायी गई सरकारी भूमि का सज।

## पोर्टल पर लगा दी फर्जी निस्तारण की रिपोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** शासन और प्रशासन पोर्टल पर दर्ज करायी जा रही शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का खास ख्याल रखने के निर्देश दे रहे हैं लेकिन सरकारी भूमि पर अवैध कब्ज़े की शिकायत की जांच में हल्का लेखपाल ने अवैध कब्ज़ा हटवाकर शिकायत का फर्जी निस्तारण कर दिया।

## कार्यशाला में साइबर सुरक्षा से किया छात्राओं को जागरूक

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** एम.जी.एम. कालेज संभल में मिशन शक्ति अभियान फेस 5 के द्वितीय चरण में डिजिटल साक्षरता तथा साइबर सुरक्षा कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में उपनिरीक्षक राखी चौधरी ने छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षाकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आजकल कई तरह के फ्रॉड चल रहे हैं जिससे आप सबको सावधान रहना है। कई बार आपके अकाउंट में पैसा आने और कोई क्यू आर कोड शेयर कर दिया जाता है कि आप इस पर क्लिक करें और अपना पैसा आपके अकाउंट में भेज दिया जाएगा। इस प्रकार किसी भी क्यू आर कोड पर कभी भी स्कैन ना करें क्योंकि यह भी एक साइबर फ्रॉड हो सकता है और इससे आपका अकाउंट खाली हो सकता है। दूसरा यदि कोई आपको इमोशनल तरीके से ब्लैकमेल करें जैसे कि वह आपको अपनी बहन बनाये और आपसे आपके अकाउंट में कोई पैसा मांगता है तो आप उसके प्रति भी सावधान रहे। इस मौके पर डा. रितु भटनागर आदि मौजूद रहीं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हुई महिला का नहीं लगा पता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर परिजनों में दहशत और चिंता का माहौल है। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर महिला की शीघ्र बरामदगी और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

**एसपी से लगायी गुहार**

बहजोई के बाग मौहल्ला साबरा ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि कि उनकी पुत्रवधू शबीला (40) पत्नी छोटे, 29 जनवरी की सुबह करीब 10 बजे घरेलू सामान लेने बाजार गई थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने आसपास, रिश्तेदारी और पड़ोस में काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों का कहना है कि घटना की सूचना तत्काल थाना बहजोई पुलिस को दी गई, मगर अब तक कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया है। आरोप है कि घटना वाले दिन रात में मोहल्ले के अजीम के मोबाइल पर एक नंबर से शबीला का फोन आया था, जिसमें उसने घर पर बात कराने की बात कही। अगले दिन जब उसी नंबर पर कॉल की गई तो शब्बीर नामक व्यक्ति ने फोन उठाकर महिला के बारे में जानकारी होने से इनकार कर दिया और धमकी भी दी। परिजनों का आरोप है कि उक्त व्यक्ति ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी, जिससे परिवार सहमा हुआ है। पीड़िता की सास ने अपनी पुत्रवधू के साथ कोई अनहोनी घटना होने की आशंका जतायी है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि वे थाना स्तर से लेकर उच्चाधिकारियों तक शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अभी तक महिला का कोई पता नहीं चल पाया है। परिजनों ने पुलिस अधीक्षक से मामले की गंभीरता को देखते हुए जल्द से जल्द प्रभावी कार्रवाई कर महिला को बरामद करने की गुहार लगायी।

## एक नज़र इधर भी



बबराला-गंगा में डूबे युवक ता पता लगाती एनडीआरएफ की टीम।

## गंगा में डूबे युवक का नहीं लगा पता, आपरेशन रेस्क्यू जारी

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** राजघाट गंगा में कल स्नान के दौरान एक युवक डूब गया। लेकिन दूसरे दिन भी उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। मंगलवार सुबह से एनडीआरएफ की टीम ने युवक की तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया।

तहसील गुन्नौर के थाना बबराला क्षेत्र स्थित राजघाट गंगा पर थाना धनारी क्षेत्र के गांव सुल्तानगढ़ की करेला की मढैया निवासी सोमवीर पुत्र मोहनलाल अपने छोटे भाई जितेंद्र और गांव भवनपुरी निवासी बहनोई उमेश के साथ सोमवार दोपहर करीब 11 बजे गंगा स्नान के लिए गया था। वह स्नान के दौरान डूब गया। उसको काफी तलाश किया गया। परिजन काफी परेशान रहे। पुलिस ने एनडीआरएफ की टीम के साथ खोज शुरू कर दी है।



सम्भल- कैला देवी थाना क्षेत्र के कैलमंडी में महिलाओं को जागरूक करती टीम।

## मिशन शक्ति टीम ने किया जागरूक

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** कैला देवी थाना क्षेत्र में मिशन शक्ति टीम द्वारा क्षेत्र के गांव कैलमुंडी में मिशन शक्ति टीम प्रभारी आंचल सिद्धू के नेतृत्व में उनकी टीम द्वारा महिलाओं तथा बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और साइबर अपराध से बचने के उपाय तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। कैलमुंडी गांव में मिशन शक्ति टीम प्रभारी ओपन निरीक्षक अंचल से धोने पहुंचकर अपनी टीम के साथ महिलाओं तथा बालिकाओं को एकत्रित कर घरेलू हिंसा, साइबर अपराध तथा बाल अपराध के साथ-साथ बाल विवाह जैसे मुद्दों पर चर्चा करते हुए विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी तथा अधिक से अधिक लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया। महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, डायल 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एम्बुलेंस नंबर 108 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 के संबंध में विस्तार से जानकारी दी और घरेलू हिंसा के विरुद्ध चुप्पी तोड़ने तथा उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी दी गई।

# तालीम ही इंसान की तरक्की और बुलंदियों पर पहुंचने का ज़रिया

**इलाइट जू. हा. स्कूल का परीक्षाफल समारोह पूर्वक घोषित**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** इलाइट जूनियर हाई स्कूल, में वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उप नगरी सराय तरीन स्थित स्कूल में आयोजित समारोह का शुभारंभ अब्दुल्लाह ने मुकददस किताब की तिलावत से किया। जबकि उम्मे माविया ने नात व मनकबत पेश कर माहौल को रूहानी बना दिया। जिया उर रहमान बरकाती ने भी नात-ए-पाक प्रस्तुत कर जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चौधरी मुशीर, चेयरमैन पति ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तालीम ही वह जरिया है जो इंसान को तरक्की की बुलंदियों तक पहुंचाती है। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर आबिद हुसैन हैदरी ने की। उन्होंने छात्रों को बेहतर भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की सलाह दी और विद्यालय के शैक्षिक वातावरण की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के होनहार बच्चों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

# श्रीरामकथा में मर्यादा और भक्ति का दिया संदेश

**निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि ने किया सम्भल अयोध्या और मथुरा की धार्मिक महिमा का वर्णन**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** श्रीराम कथा में दूर-दूर से श्रृद्वालु पहुंचकर धर्म लाभ ले रहे हैं। जहां श्री राम कथा के चौथे दिन निरंजनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि ने मर्यादा और भक्ति का संदेश दिया। कथा के दौरान पूरा वातावरण राममय हो गया। जबकि श्रृद्वालु राम कथा के रस में सराबोर हो गए। बहजोई के बड़े मैदान पर आयोजित महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि महाराज ने अपने प्रवचनों में अयोध्या, मथुरा और सम्भल की धार्मिक महिमा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि आज संभल भयमुक्त है और यहां रहने वाला हर व्यक्ति राम-राम कहता है। उन्होंने कहा कि संभल की रक्षा स्वयं देवाधिदेव भगवान सम्भलेश्वर महादेव करते हैं, जिससे यह भूमि विशेष रूप से पवित्र और सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि भगवान का भोजन अहंकार है, इसलिए साधु-संत सदैव विनम्र और झुके हुए रहते हैं। कैलाशानंद गिरि महाराज ने श्रृद्वालुओं की उत्सुकता पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि जब 5 दिन की कथा में इतनी अधिक श्रृद्वा और भीड़ देखने को मिल रही है, तो 9 दिन की कथा में भक्तों का उत्साह और भी बढ़ेगा। उन्होनें यज्ञ, गुरु, परंपरा तथा मन की शांति पर विशेष प्रवचन दिए। महामंडलेश्वर ने अपने प्रवचनों में भगवान राम, भगवान ख्रष्ण और भगवान शिव की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान राम ने अयोध्या को, भगवान कृष्ण ने मथुरा को और भगवान शिव ने सम्भल को चुना, जहां भविष्य में भगवान कल्कि का अवतार होगा। पांच दिनों तक चलने वाली रामकथा में भक्ति, श्रृद्वा और उल्लास का अद्भुत संगम हो रहा है। महामंडलेश्वर गिरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सहित भारत क जिन सभा राज्यों में, जहां सनातनी परंपराओं और भारतीय संस्कृति के संरक्षकों की सरकारें हैं, वहाँ के हर अधिकारी को वर्ष में कम से कम एक कथा आयोजित करने का निर्देश मिलना चाहिए। उन्होंने बताया कि उनके शिष्य डा. राजेंद्र पैंसिया ने इस पहल की शुरुआत की है,यह संदेश पूरे देश ही नहीं, बल्कि दुनिया में भी फैल गया है।

## जिम्मेदारों की लापरवाही से सड़कों पर दौड़ रही मौत

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** अवैध रूप से संचालित डग्गामार वाहनों को लेकर एडवोकेट अमित कुमार उठवाल ने गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले में बिना अनुमति के चल रहे ओवरलोड वाहनों का संचालन जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही, बल्कि मिलीभगत का परिणाम प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा चालान की कार्रवाई केवल आम और गरीब लोगों तक सीमित रह गई है। यदि कोई छात्र टयूशन से लौट रहा हो या कोई जरूरतमंद व्यक्ति दवाई लेने के लिए सम्भल आता है, तो उसे ही निशाना बनाकर चालान कर दिया जाता है,जबकि खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले वाहन चालक बेखौफ सड़कों पर दौड़ रहे हैं। उन्होने विशेष रूप से चौधरी सराय पुलिस चौकी के पास सम्भल-हसनपुर मार्ग का उदाहरण देते हुए बताया कि यहां से प्रतिदिन निजी वाहनों में ओवरलोड सवारियां भरकर दिल्ली तक ले जाई जा रही हैं। हैरानी की बात यह है कि पुलिस चौकी कुछ ही दूरी पर स्थित है और वहां यातायात पुलिस की नियमित तैनाती भी रहती है,इसके बावजूद इन वाहनों पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं होती।



बबराला- 88 प्रतिशत अंको के साथ नवोदय विद्यालय की चयनित छात्रा।

## छात्रा का नवोदय विद्यालय के लिए चयन

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो।** नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में 88 प्रतिशत अंक के साथ बालिका का चयन होने से गांव ओर परिवार में खुंशी का माहौल है।

विकास क्षेत्र सम्भल के ग्राम मोती नगर निवासी अंशिका पुत्री सुभाष चंद्र ग्राम बेनीपुर चक स्थित उच्च प्राथमिक स्कूल में कक्षा पॉच की छात्रा है। होनहान और बुद्धिमान मानी जाने वाली छात्रा अंशिका नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में सम्मलित हुई थी। उसने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा का परिणाम में बालिका को 80 में से 75 अंक हासिल हुए। उसने 88 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा में सफलता हासिल की। छात्रा का चयन रसूलपुर गुन्नौर स्थित नवोदय विद्यालय के लिए हुआ।छात्रा ने परीक्षा पास कर विद्यालय और अपने गांव और अपने माता-पिता को गौरांवित किया है। इसमें इनके कक्षा अध्यापक सुरेंद्र और विद्यालय के समस्त स्टाफ का भी सहयोग रहा।

# धूमधाम से मनाया भाजपा का स्थापना दिवस



असमोली- भाजपा के स्थापना दिवस पर पार्टी झंडा फहराते।

शाह टाइम्स,संवाददाता

**असमोली।** भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस असमोली में बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर पार्टी के सिद्वांतों और नीतियों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय सहित भारत माता के चित्रों पर माल्यार्पण की गई। गौरव कुमार यादव प्रांत उपाध्यक्ष मेरठ प्रांत सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति के नारे लगाए गए और मिठाई वितरित कर खुशी का इजहार किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि भाजपा हमेशा राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर कार्य करती रही है और आगे भी जन सेवा के लिए तत्पर है। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने राष्ट्र सेवा, संगठन की मजबूती और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं को पहुंचाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि स्थापना दिवस केवल उत्सव नहीं बल्कि संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का अवसर है। कार्यकर्ताओं ने समाज सेवा, जनकल्याण और राष्ट्र निर्माण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया। केंद्र सरकार की योजनाओं से गरीब, किसान, युवा और महिलाओं को व्यापक लाभ मिला है।

# जातीय गणित साधकर भाजपा की नगर कार्यकारिणी घोषित



सम्भल- भाजपा के नगराध्यक्ष के आवास पर नगर की घोषित कार्यकारिणी के पदाधिकारी।

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** भाजपा की नगर कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। घोषित कार्यकारिणी में जातिय गणित साधकर स्थान दिया गया है।

भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश पश्चिम क्षेत्र शीर्ष नेतृत्व द्वारा पार्टी के जिला प्रभारी हेमंत राजपूत भाजपा जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह रिंकू व नगर अध्यक्ष भाजपा कशिश कौशल एडवोकेट व जिला प्रवासी की संस्तुति पर सम्भल नगर की कार्यकारिणी घोषित की गई जिसमें नगर उपाध्यक्ष प्रतीक गुप्ता, निधि शर्मा, भीकम सिंह, विवेक तोमर, अरविंद प्रजापति, सतीश कुमार व नगर महामंत्री सुनील राजपूत, कैलाश चंद्र गुप्ता और नगर मंत्री दीपक शर्मा, राजवीर सिंह, पूनम पवार, अर्पित सक्सेना, संजीव राजपूत, सजन श्रीमाली और नगर कोषाधयक्ष प्रभात सर्राफ व नगर मीडिया प्रभारी हर्षित शर्मा हनी, सोशल मीडिया प्रभारी प्रेम शंकर, आईटी संयोजक मनी अरोड़ा को बनाया गया कार्यकारी घोषित होने के बाद भाजपा नगर संभल में हर्ष की लहर दौड़ गई। घोषित की गई कार्यकारिणी में समुदाय विशेष की जातीय गणित को साधा गया है। नगर अध्यक्ष कशिश कौशल एडवोकेट ने अपने निवास पर आए सभी नव नियुक्त भाजपा नगर सम्भल के पदाधिकारीयों का पटका, फूल माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

# खंभे में उतरे करंट की चपेट में आकर मासूम बच्चे की मौत, बिजली विभाग के खिलाफ लोगों में आक्रोश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद। कटघर थाना क्षेत्र की छोटी मंडी में सोमवार रात दर्दनाक हादसे में सात वर्षीय मासूम की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और लोगों में बिजली विभाग के प्रति भारी आक्रोश देखने को मिला।

जानकारी के अनुसार छोटी मंडी गड्ढों वाली गली निवासी इसरार हुसैन ई-रिक्शा चालक हैं। उनका सात वर्षीय बेटा इस्माईल सोमवार रात करीब आठ बजे पास की दुकान पर टॉफी खरीदने गया था। सामान लेने के बाद वह पास ही खड़े बिजली के खंभे को पकड़कर खड़ा हो गया। बताया जा रहा है कि खंभे में पहले से करंट उतर रहा था, जिसकी चपेट में आते ही बच्चा बुरी तरह झुलस गया और मौके पर ही गिर पड़ा।घटना की जानकारी मिलते ही परिजन आनन-फानन में उसे दिल्ली रोड स्थित एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन दूसरे अस्पताल भी ले गए, लेकिन वहां भी चिकित्सकों ने मौत की पुष्टि कर दी। शव को घर लाए जाने के बाद परिवार में कोहराम मच गया।घटना के बाद मोहल्ले के लोग बड़ी संख्या में एकत्र हो गए और बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र के कई खंभों में करंट उतर रहा है, जिसकी शिकायत दो-तीन दिन पहले ही की गई थी, लेकिन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। लोगों ने इस हादसे के लिए विभागीय लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया।सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मामले की जानकारी ली।



पुलिस ने परिजनों को शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए समझाने का प्रयास किया, लेकिन परिजन इसके लिए तैयार नहीं हुए।

समाचार लिखे जाने तक पुलिस टीम मौके पर मौजूद रही और परिजनों को मनाने का प्रयास जारी था।

## महिलाओं व बालिकाओं को बताए हेल्पलाइन नंबर

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार चलाए जा रहे मिशन शक्ति-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद सम्भल पुलिस द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत एंटी रोमियो टीमों और महिला पुलिसकर्मियों ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा व स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया। अभियान के अंतर्गत बाजारों, चौराहों, स्कूल-कॉलेजों, धार्मिक स्थलों सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर महिला पुलिसकर्मियों ने पंपलेट वितरित कर विभिन्न योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों की जानक. ारी दी। इसमें वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, महिला हेल्पलाइन 181 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि शामिल हैं।

## एक नजर

### पुस्तकों व मनमानी फीस के खिलाफ नागरिकों ने उठाई आवाज, खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**बिलारी।** क्षेत्र में नई शिक्षा नीति के अनुपालन को लेकर नागरिकों में असंतोष बढ़ता नजर आ रहा है। इसी क्रम में क्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने खंड शिक्षा अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर विद्यालयों में एनसीईआरटी की पुस्तकों को लागू कराने तथा मनमानी फीस पर रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि भारत सरकार की नई शिक्षा नीति के अनुसार सभी विद्यालयों में एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तकें लागू करना अनिवार्य है तथा कक्षा-2 तक के बच्चों को पुस्तकों के बोझ से मुक्त रखते हुए प्ले स्कूल पद्धति से शिक्षा दी जानी चाहिए। इसके बावजूद बिलारी क्षेत्र के अधिकांश विद्यालय इस नीति का पालन नहीं कर रहे हैं। शिकायत में यह भी कहा गया है कि निजी विद्यालयों द्वारा निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें जबरन लगाई जा रही हैं, जिनकी कीमत सरकारी पुस्तकों की तुलना में कई गुना अधिक है। साथ ही अभिभावकों से मनमानी फीस वसूली जा रही है, जिससे छोटे बच्चों की शिक्षा अत्यंत महंगी होती जा रही है। एडमिशन के नाम पर 10 से 20 हजार रुपये तक की रकम लिए जाने का भी आरोप लगाया गया है। प्रार्थीगणों ने खंड शिक्षा अधिकारी से मांग की है कि जनहित व राष्ट्रहित को ध्यान में रखते हुए नई शिक्षा नीति का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराया जाए, ताकि अभिभावकों को आर्थिक शोषण से राहत मिल सके। इस प्रार्थना पत्र पर चरन सिंह भारती, राजीव कुमार, रामखिलाड़ी, मुशाहिद हुसैन, राजदीप सिंह सहित डॉ. राकेश सक्सेना, डॉ. जितेंद्र दक्ष, प्रेम कुमार 'प्रेम' नागरिक परिषद, बिलारी,आदि के ज्ञापन पर हस्ताक्षर थे।



### प्राथमिक विद्यालय मनकुला में 'स्कूल चलो अभियान' की गूंज प्रधानाध्यापिका महजबीन फातिमा के प्रयासों की सराहना



**बिलारी।** मनकुला गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में 'स्कूल चलो अभियान' के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का नेतृत्व विद्यालय की प्रधानाध्यापिका महजबीन फातिमा ने किया, जिसमें स्कूल स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली गांव की प्रमुख गलियों से होकर निकली, जहां बच्चों ने शिक्षा के महत्व को लेकर नारे लगाए और अभिभावकों से अपने बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने की अपील की। इस दौरान महजबीन फातिमा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है और हर बच्चे को स्कूल भेजना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसके अलावा महजबीन फातिमा बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ स्वच्छता के प्रति भी लगातार जागरूक करती रहती हैं। उनके प्रयासों से विद्यालय में साफ-सफाई और अनुशासन का स्तर बेहतर हुआ है। गांव के लोगों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिक्षकों के कारण ही शिक्षा का स्तर मजबूत होता है और बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव हो पाता है।

### कैथल गेट पर भीषण जाम, स्कूल छुट्टी के समय बिगड़ी यातायात व्यवस्था

**चन्दौसी।** शहर में वाहनों की बढ़ती संख्या और अव्यवस्थित यातायात के चलते मंगलवार को कैथल गेट चौराहे पर भीषण जाम की स्थिति बन गई। दोपहर 01 से 02 बजे के बीच, जब स्कूलों की छुट्टी होती है और बड़ी संख्या में वाहन बच्चों को लेकर निकलते हैं, उस दौरान करीब एक घंटे से अधिक समय तक लंबा जाम लगा रहा। चौराहे के चारों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इसी दौरान माल से भरा एक ट्रक पहुंचने से स्थिति और बिगड़ गई। स्कूल से निकलने वाले वाहन भी जाम में फंस गए, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। गौरतलब है कि इसी मार्ग से कैथल, इस्लामनगर, शमसोई आदि क्षेत्रों के लिए आवागमन होता है और कई प्रमुख स्कूल भी इसी रोड पर स्थित हैं। इसके बावजूद चौराहे पर यातायात पुलिस की अनुपस्थिति से व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। स्थानीय लोगों ने किसी तरह प्रयास कर जाम खुलवाया, लेकिन भीषण गर्मी में लोग लंबे समय तक फंसे रहे। लोगों ने यातायात व्यवस्था सुधारने और नो-एंट्री नियमों का सख्ती से पालन कराने की मांग की है।

## पथरा के अंबेडकर जूनियर हाईस्कूल में परीक्षाफल घोषित, मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**चन्दौसी।** ग्राम पथरा स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर जूनियर हाईस्कूल में मंगलवार को नर्सरी से कक्षा आठ तक का परीक्षाफल घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। स्कूल संचालक महानंदन गौतम ने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी ने विद्यार्थियों की मेहनत और उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें आगे और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से आठ तक प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया, जिससे उनका उत्साहवर्धन हुआ। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक प्रवीन कुमार ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नीरज कुमार शर्मा, सत्येंद्र सिंह, सत्यपाल सिंह, रमन शर्मा, आरती सिंह, आभा रानी, रिनी अग्रवाल, शिवगणेश शर्मा, सीमा अग्रवाल, अश्विनी शर्मा, रंजीत कुमार, सुशीला, क्षमता, शालू, रेशमा, रंजीत कौर, अना. मिका यादव, योगेश, दुर्गेश नंदिनी, खुशबू, वंशिका सक्सेना, काजल, गीता सहित अभिभावकों का सराहनीय योगदान रहा।



# जनसेवा का संकल्प: विधायक रामवीर सिंह ने सैकड़ों परिवारों को दिए राशन कार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी/मूढ़ापांडे।** क्षेत्र में पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु आयोजित कार्यक्रम में कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक ठाकुर रामवीर सिंह द्वारा राशन कार्ड वितरित किए गए।

इस दौरान ब्लॉक मुंडा पांडे में 280 एवं ब्लॉक कुंदरकी में 260 पात्र परिवारों को राशन कार्ड प्रदान किए गए। विधायक ठाकुर रामव. ीर सिंह ने लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने आगे कहा कि उनका संकल्प है कि कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र का प्रत्येक पात्र परिवार सरकारी योजनाओं से जुड़कर लाभान्वित हो और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख मुंडा पांडे नवदीप यादव , ब्लॉक प्रमुख कुंदरकी गुलाम जिलानी ,रब्बानी जिलानी, बिजेंद्र चौधरी विकासखंड अधिकारी राजेंद्र सिंह मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह सैनी , नीरज चंद्रा जी , कुंदरकी मंडल अध्यक्ष संजय कश्यप , रतनपुर कलां मंडल अध्यक्ष बब्लू जाटव ,बृजेश लोधी जिला मंत्री भाजपा अरविन्द ठाकुर ,नसीम खान, अंकित चौहान , परशुराम सैनी, सरवर अली , चिराग अली, प्रधान फिरासत अली, फारूक अली, मनोज मास्टर , ठाकुर सोमिल सिंह रोहित सिंह रजनीश चौहान , संबंधित विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।



# टिमिट में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के अंतर्गत तीर्थंकर महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (टिमिट) में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आईएसटीडी (इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट), मुरादाबाद चौप्टर तथा टीएमयू-एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सेल (ईडीसी) का सहयोग रहा।इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में संस्थान के सभी प्रबंधन के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, तनाव प्रबंधन एवं स्वस्थ दिनचर्या अपनाने के लाभों पर प्रकाश डाला गया। विशेष रूप से विद्यार्थियों ने पोस्टर प्रस्तुति के माध्यम से भी स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण संदेशों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया, जिससे कार्यक्रम और अधिक रोचक एवं जागरूकता पूर्ण बन गया। इन पोस्टरों के माध्यम से "स्वास्थ्य ही सच्चा धन है" का संदेश सभी तक पहुँचाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का सफल संचालन बीबीए प्रथम वर्ष के शिक्षकों के मार्गदर्शन में किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा दैनिक जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर टिमिट के डीन, फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट प्रो. (डॉ.) विपिन जैन ने अपने संबोधन में कहा कि "स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन ही व्यक्ति की वास्तविक पूंजी है। आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में जहां तनाव और भागदौड़ बढ़ती जा रही है, वहां स्वास्थ्य का ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक हो गया है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों को न केवल शारीरिक रूप से सशक्त बनाते हैं, बल्कि उन्हें मानसिक रूप से भी मजबूत करते हैं, जिससे वे अपने व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक जीवन में बेहतर प्रदर्शन कर सकें।" उन्होंने आगे कहा कि टिमिट सदैव विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें एक संतुलित एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करता रहेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को स्वस्थ रहने एवं समाज में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता फैलाने का संकल्प दिलाया गया।




## भूमि सुपोषण अभियान के तहत किसानों को बताए रसायनिक खेती के नुकसान

**कांठ( शाह टाइम्स )।** बृहद गो संरक्षण केंद्र रायपुर खुर्द में गौ सेवा गतिविधि द्वारा भूमि सुपोषण एवं संरक्षण हेतु राष्ट्रीय स्तरीय जन अभियान कार्यक्रम पर चर्चा की गई आसपास के गांव के लोगों को जागरूक किया।

कहा कि भूमि सुपोषण अभियान रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों को कम करके जैविक कृषि के माध्यम से मिट्टी की उर्वरकता पुन: प्राप्त करने का एक देशव्यापी जन आंदोलन है। आसपास के गांव के लोग अपने खेतों की मिट्टी लेकर आए उस मिट्टी को एकत्र कर कलश की स्थापना करते हुए पूजा अर्चना की गई,गौ माता की पूजा की गई गौ माता को गुड चना हरा चारा का भोग लगाया गया।

लोगों को इस कार्यक्रम के महत्व के बारे में बताया गया लोगों को जागरूक किया गया इस मौके पर विकास शर्मा जिला संयोजक गौ सेवा गतिविधि, अमित चौहान विभाग संयोजक, मोहित शर्मा, अंकित राजपूत, अंकुर चौहान, राजेंद्र चौहान, सतवीर चौहान, कैलाश चौहान, आदि गौ भक्त उपस्थित रहे।



## कश्यप समाज ने मनाया भगवान महर्षि कश्यप का प्रकट उत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**बिलारी।** नगर के मोहल्ला अंसारियां स्थित शिव मंदिर पर मंगलवार को कश्यप समाज द्वारा भगवान ब्रह्मा के मानस पुत्र सृष्टि रचयिता भगवान महर्षि कश्यप का प्रकट उत्सव बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम में पहुंचे मुरादाबाद से चलकर आए जिज्ञासा हॉस्पिटल के डायरेक्टर भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर यशवीर सिंह का कश्यप समाज ने पगड़ी व फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। साथ में रहे भाजपा नेता राकेश कश्यप का भी स्वागत किया गया मुख्य अतिथि का भगवान महर्षि कश्यप कमेटी द्वारा भी स्वागत किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने भगवान महर्षि कश्यप तथा भगवान निषाद राज चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित तथा पुष्प वर्षा कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मुख्य अतिथि डॉक्टर यशवीर सिंह ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है कश्यप समाज के सहयोग से ही सरकारें बनती हैं कमेटी अध्यक्ष राजकुमार कश्यप ने कहा की 70 सालों से समाज को धोखे में रखा गया है कश्यप समाज को हर राजनीतिक पार्टी ने केवल इस्तेमाल किया है।आज समाज जाग रहा है।जिसकी लड़ाई भाजपा मंत्री संजय निषाद लड़ रहे हैं। एक जुट होने की आवश्यकता है।कमेटी उपाध्यक्ष ने कहा एकता में ही बल हे जिसकी जायदा संख्या भारी होती है उसका ही बोलबाला होता है अंत में सभी को प्रसाद वितरण किया गया कार्यक्रम में महर्षि कश्यप कमेटी अध्यक्ष राजकुमार कश्यप उपाध्यक्ष विकास कश्यप कोषाध्यक्ष गगन कश्यप महामंत्री राहुल कश्यप महेश कश्यप संतोष कश्यप मंत्री शिव कश्यप जितेंद्र कश्यप कौशल कश्यप राजीव कश्यप के साथ-साथ शनि कश्यप राजू कश्यप राकेश कश्यप चंदन कश्यप महेश कश्यप बाल मुकुंद गुप्ता आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित रहे।



# मानवता की जीत: एक साल से लापता युवक का जिला अस्पताल में सफल उपचार, गुरु को सौंपा गया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** इंसानियत और समर्पण की मिसाल पेश करते हुए जिला अस्पताल के डॉक्टरों और कर्मचारियों ने एक वर्ष से लापता युवक को न केवल नया जीवन दिया, बल्कि उसे उसके अपने तक भी पहुंचाया। रुद्रपुर निवासी विश्वनाथ पुत्र संजय मंडल को 3 अप्रैल को ईएमटी चालक महिपाल द्वारा गंभीर अवस्था में मुरादाबाद के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था।बताया गया कि जब विश्वनाथ को अस्पताल लाया गया, तब उसकी हालत बेहद नाजुक थी और पहचान तक स्पष्ट नहीं हो पा रही थी। ऐसे कठिन समय में अस्पताल के डॉक्टरों और स्टाफ ने पूरी जिम्मेदारी और मानवता का परिचय देते हुए उसका इलाज शुरू किया। लगातार देखभाल, उचित उपचार और निगरानी के चलते विश्वनाथ की हालत में धीरे-धीरे सुधार होने लगा। कई दिनों की मेहनत के बाद आखिरकार विश्वनाथ पूरी तरह स्वस्थ हो गया। इसके बाद अस्पताल प्रशासन ने उसकी पहचान सुनिश्चित कर उसके परिजनों और परिचितों से संपर्क साधा। इसी क्रम में उसके गुरु गोपीनाथ सिंह तक सूचना पहुंची।विश्वनाथ को लेने पहुंचे गुरु गोपीनाथ सिंह ने बताया कि उनका शिष्य लगभग एक साल से लापता था और उसकी कोई जानकारी नहीं मिल पा रही थी। उन्होंने भावुक होकर अस्पताल के सभी डॉक्टरों, कर्मचारियों और ईएमटी चालक महिपाल का आभार व्यक्त किया।आज अस्पताल परिसर में भावुक दृश्य देखने को मिला, जब स्वस्थ हुए विश्वनाथ को उसके गुरु को सौंपा गया। यह घटना न केवल चिकित्सा सेवा की सफलता को दर्शाती है, बल्कि यह भी साबित करती है कि समर्पण और संवेदनशीलता से किसी की जिंदगी बदली जा सकती है।



**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू०डि० ) महोदय मुरादाबाद।**
**तारीख पेशी:** 21.04.2026
**उत्तरा० वि० वाद सं०:** 54/2026
**श्रीमती संगीता देवी आदि बनाम श्रीमती खीमा थापा आदि।**

1. श्रीमती संगीता देवी आयु 47 वर्ष पत्नी स्व. अनिल कुमार थापा, 2. हिमांशु थापा उर्फ मोन्टी आयु 22 वर्ष पुत्र स्व. अनिल कुमार थापा नि0 गण 23 पीएसी आदर्श कालोनी नगर व जिला मुरादाबाद...प्रार्थीगण/वादीगण।

**बनाम**

1. श्रीमति खीमा थापा आयु 51 वर्ष पत्नी राजेश कुमार, 2. निहाल कुमार सिंह आयु 27 वर्ष पुत्र राजेश कुमार. निवासीगण ई2-1291/2 सेक्टर-4 सचिवालय कालौनी इन्दिरा शहर व जिला लखनऊ पिन-226016 आदि। 3. **जनता आम- विपक्षीगण।** इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (जू.डि. ) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा श्रीमती संगीता देवी हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा श्रीमती संगीता देवी मुसबफाब अनिल कुमार थापा अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू. हरगाह मुसम्मा श्रीमती संगीता देवी ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 21 मास 04 सन् 2026 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें।

दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( जू०डि० ), मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू०डि० ) महोदय मुरादाबाद।**
**तारीख पेशी:** 23.04.2026
**उत्तरा० वि० वाद सं०:** 35/2026
**फरीदा बेगम बनाम तबस्सुम जहां आदि।**

श्रीमती फरीदा बेगम आयु लगभग 60 वर्ष पत्नी स्व. साजिद हुसैन पुत्री स्व. मौ. इदरीश खान नि0 हरथला इतवार का बाजार तह. व जिला मुरादाबाद।

**बनाम**

1. श्रीमती तबस्सुम जहां पत्नी श्री आस मौहम्मद पुत्री स्व. मौ. इदरीश खां नि. कांठ रोड महाराज आइसक्रीम फैक्ट्री के पास हरथला सोनकपुर, मुरादाबाद आदि, 2. **जनता आम-विपक्षीगण।** इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा श्रीमती फरीदा बेगम हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा श्रीमती फरीदा बेगम मुसबफा श्रीमती जाहिदा बेगम अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू. 9400/- हरगाह मुसम्मा श्रीमती फरीदा बेगम ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 23 मास 04 सन् 2026 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू.डि. ) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( जू०डि० ), मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र सुभाष व पुत्रवधू श्रीमती उपासना को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमे बाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगें। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के अन्य किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।
**चंद्रपाल पुत्र मोती नाथ व श्रीमती सरोज पत्नी चंद्रपाल निवासीगण मकान संख्या-181 बसंतपुर रामराय, भैंसिया थाना कटघर तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र शुभम व पुत्रवधू श्रीमती आकांक्षा सक्सेना को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमे बाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगें। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के अन्य किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।
**शंकर सक्सेना पुत्र स्वर्गीय श्री रघुवीर प्रसाद सक्सेना निवासी मोहल्ला सराय काजी, शराब गोदाम के सामने तहसील, जिला मुरादाबाद, हाल निवासी सेक्टर-9 बी बुद्धि विहार फेस 2, मुरादाबाद।**

## तेज हवाओं बारिश से किसानो की चिंता बड़ी गेहूं की खड़ी कटी हुई फसल को नुकसान



**कुंदरकी।** मंगलवार को मौसम ने बदली करवट तेज हवाओं के साथ हुई तेज बूंदाबांदी किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें। इस समय गेहूं की फसल पूर्ण रूप से तैयार है अधिकतर गेहूं की कटाई भी पूर्ण रूप से चल रही है। किसानों के खेतों में गेहूं कटे हुए पड़े हैं।

जिससे कि बड़ी संख्या में गेहूं की कटी ,खड़ी फसल को नुकसान होने की अधिक संभावना है। इससे पहले बारिश से सरसों की कटाई पर भी असर पड़ा था इस समय किसान की नजरे आसमान की तरफ है बादल काली घटा तेज हवाओं के सथ बारिश का सिलसिला जारी है लोगों को गर्मी से भी राहत मिली है।

## भाजपा के 'गांव चलो संपर्क अभियान' के तहत वार्डों में हुए कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** भारतीय जनता पार्टी के 6 अप्रैल 1980 को स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर 7 से 12 अप्रैल 2026 तक 'गांव चलो संपर्क अभियान' चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को नगर वार्ड नंबर 1, मोहल्ला जाटवान बस्ती में पंडित अरविंद शर्मा के निवास पर पहला कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिला मुरादाबाद के जिला महामंत्री डॉ. ओमपाल सैनी रहे। इसके बाद मोहल्ला बंजारन, वार्ड नंबर 12 स्थित धर्मशाला में दूसरा संपर्क अभियान कार्यक्रम हुआ। यहाँ मुख्य अतिथि भूमि विकास बैंक ठाकुरद्वारा के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह चौहान ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबको साथ लेकर चलती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा में जाति भेदभाव, ऊँच-नीच का भाव और सामाजिक असमरसता को कोई स्थान नहीं है। केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारें बिना किसी भेदभाव के सभी को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचा रही हैं। कार्यक्रम को पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाल ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष दीपक वाल्मीकि, संजीव कुमार चौहान, भाजपा मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार, प्रदीप कुमार पाल, विमल कुमार, नामित सभासद सुधीर नायक, हेमेंद्र प्रताप सिंह, अजय कुमार वर्मा, लक्ष्मी देवी ठाकुर, प्रकाश सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हादसे के बाद परिजनों ने किया जमकर हंगामा

**मुरादाबाद।** जनपद में एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जिससे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक की पहचान यूसुफ पुत्र निवासी गांव मानपुर, थाना डिलारी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि यूसुफ मंगलवार सुबह अपने घर से काम पर जाने के लिए निकला था, तभी रास्ते में यह हादसा हो गया।घटना थाना भोजपुर क्षेत्र के धारक नगला गांव के पास डिलारी दोराहा पर हुई, जहां तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार यूसुफ को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ट्रक के नीचे आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए और युवक की मौत से गुस्साए परिजनों ने सड़क पर जाम लगा दिया। परिजनों का आरोप था कि ट्रक चालक की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है। जाम के चलते सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह बाधित हो गया।मौके पर पहुंची पुलिस को जाम खुलवाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। काफी देर तक समझाने-बुझाने के बाद परिजन माने और जाम हटाया गया।





इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस ने मौके से ट्रक को कब्जे में ले लिया है और आरा. पी चालक की तलाश शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।इस हादसे के बाद गांव मानपुर में मातम पसरा हुआ है और परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

# मानसिक रूप से बीमार महिला को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

### महिला सुरक्षा टीम की सूझबूझ से मिली सफलता, परिजनों ने जताया आभार

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली पुलिस ने मानसिक रूप से अस्वस्थ एक महिला की तत्परता से पहचान कर उसे उसके परिजनों से सकुशल मिलाने का सराहनीय कार्य किया है। यह घटना ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम रामनगर खागूवाला की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, 6 अप्रैल 2026 को यूपी 112 के माध्यम से सूचना मिली कि कोतवाली क्षेत्र के रामनगर खागूवाला गाँव में एक महिला (लगभग 45 वर्ष) मान. सिक रूप से ठीक नहीं लग रही है और वह इधर-उधर भटक रही है। सूचना पाते ही उपनिरीक्षक विनय कुमार, महिला आरक्षी आरती, हिना शर्मा तथा आरक्षी अर्यन्त कुमार मौके पर पहुँचे। महिला से कोई जानकारी नहीं मिल पाने पर टीम ने आसपास के थानों में उसका फोटो भेजकर पता लगाने का प्रयास किया। इसी दौरान पुष्टि हुई कि महिला ग्राम राजा का ताजपुर, थाना नूरपुर, जनपद बिजनौर की निवासी है।



पुलिस ने उसके भाई बाहर आलम पुत्र अब्दुल मजीद से संपर्क साधा। भाई ने बताया कि उसकी बहन मानसिक रूप से अस्थिर है और कुछ दिन पहले घर से लापता हो गई थी। इसके बाद उपनिरीक्षक विनय कुमार की टीम महिला को लेकर बिजनौर स्थित उसके घर पहुँची। आधार कार्ड आदि के सत्यापन के बाद महिला को उसके भाई के सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों और ग्रामीणों ने कोतवाली पुलिस की इस सूझबूझ और मानवीय संवेदनशीलता की प्रशंसा की तथा आभार व्यक्त किया।

## खेतों में पड़ी कटी गेहूं की फसल पर संकट

**ठाकुरद्वारा।** मौसम में अचानक आए बदलाव ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। तेज हवा और बादलों की गड़गड़ाहट के चलते किसानों की नींद उड़ गई है। खेतों में गेहूं की फसल कटकर पड़ी हुई है, जिससे किसानों के सामने संकट का मंडराने लगा है। किसानों का कहना है कि अगर बारिश होती है तो पूरी किसानों की गेंहू फसल तबाह हो सकती है। दरअसल, किसानों की छह माह की मेहनत और कमाई खेतों में कटी पड़ी है। एक बार बारिश होने पर यह फसल नष्ट हो जाएगी। तेज हवा के साथ आयी वारिश ने किसानों की नींद उड़ गई है। तेज हवा और बादलों के कारण मौसम ने करवट बदल ली है, जिससे लोगों को एक बार फिर ठंड का एहसास होने लगा है। किसान अभी फसल को सुरक्षित घर लाने की जल्दी में हैं, लेकिन मौसम विभाग की चेतावनी ने उनकी टेंशन बढ़ा दी है।

## एक नजर

### आरटीई के पैसे न देने पर नाराज डीएम ने बीएसए से मांगा जवाब

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** शिक्षा विभाग की लापरवाही के कारण लगभग आठ हजार बच्चों को आरटीई (निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार) का पैसा नहीं मिल सका। इस मामले में डीएम ने नाराजगी जताई और बीएसए से जवाब तलब किया है। जानकारी के अनुसार जिले में आरटीई के तहत शिक्षा ले रहे बच्चों को पाठ्य पुस्तक और यूनिफार्म के लिए 5,000 रुपये दिए जाते हैं। यह राशि अभिभावकों के खाते में सीधे भेजी जाती है। जिले में आरटीई के तहत शिक्षा ले रहे करीब 20 हजार बच्चों के लिए सरकार ने धनराशि भेजी थी।चार महीने पहले ही पैसे जिले को मिल गए थे। इसके बावजूद आठ हजार बच्चों के खाते में पैसे नहीं भेजे जा सके। इस मामले में डीएम अनुज सिंह ने सख्ती बरती है।

बीएसए विमलेश कुमार से इस मामले की पूरी जानकारी के साथ ही जवाब तलब किया है। वहीं बीएसए विमलेश कुमार ने इस मामले में शासन को पत्र लिखकर बच्चों को धनराशि उपलब्ध कराने के लिए पत्र लिखने की बात कही है।

### बैंड बजाने के लिए गया युवक लापता पांच के खिलाफ एफआईआर

**कांठ( शाह टाइम्स )** अगवानपुर निवासी प्रवीण पत्नी इदरीश का कहना था कि 29 नवंबर 2025 को अल्लन बाबू मोहम्मद रिहान मोहम्मद आफताब निवासी मोहल्ला सैफियां अगवानपुर उसके पुत्र वसीम को बैंड बजाने के काम पर ले गए थे। दो दिन तक वह काम से वापस घर नहीं आया तो उसने उक्त लोगों से जानकारी मांगी उन्होंने कहा कि तुम्हारे बेटे को हमने दूसरी जगह काम पर भेज दिया है दो-चार दिन में आ जाएगा लेकिन उसके बावजूद भी उसका पुत्र वापस नहीं आया उसने पुलिस को सूचना दी तो उक्त लोग उसके घर आए और ₹25000 लेने की बात कही और कहा कि तुम्हारा पुत्र तुम्हें वापस कर देंगे। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसके पति को धमकाकर फैसला ले लिया बाद में पता चला कि उसका पुत्र वसीम आनंदी फार्म हाउस पर अमित पुत्र गजेंद्र के साथ देखा गया है।

पता करने पर पता चला कि उन्होंने उसके बेटे को अमित को दे दिया था जिसकी थाना छजलैट पर गुमशुदी भी दर्ज है। पुलिस ने इस मामले में पांच के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### खेत में लगे लिप्टिस के पौधे तोड़ने का पड़ोसी पर लगाया आरोप

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव बिचौटा काजी में रामवीर सिंह पुत्र मस्तराम सिंह ने अपने खेत में लगे यूकेलिप्टस के 25 पौधों को तोड़ने का आरोप पड़ोसी खेत मालिक पर लगाते हुए मंगलवार को कुढ़फतेहगढ़ थाने में तहरीर दी है। रामवीर सिंह ने तहरीर में बताया है कि मंगलवार की सुबह उसकी पत्नी राम. वती खेत पर गई तो पड़ोसी खेत मालिक को पेड़ तोड़ते हुए देखा विरोध करने पर गाली गलौज की है।



### दहेज के लिए विवाहिता को मार कर मायके पक्ष को बिना बताए अंतिम संस्कार करने के मामले में पति को किया गिरफ्तार

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के खाता गांव में विवाहिता को मारकर मायके पक्ष के लोगों के पहुंचने से पहले ही उसका अंतिम संस्कार कर देने के मामले में पुलिस ने मृतक युवती के पिता की ओर से दी गई तहरीर के बाद आरोपी पति को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। शादी के बाद उसे दहेज के लिए प्रत्याड़ित किया जाता था। 30 मार्च को उसकी रात में हत्या कर दी और बिना बताए अंतिम संस्कार कर दिया। तहरीर के बाद पुलिस ने कई लोगों की विरुद्ध मुकदमा भी दर्ज किया था। जिसके बाद पुलिस ने अब आरोपी पति जसपाल उर्फ यशपाल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया।

### बैंड बजाने के लिए गया युवक लापता पांच के खिलाफ एफआईआर

**कांठ ( शाह टाइम्स )** अगवानपुर निवासी प्रवीण पत्नी इदरीश का कहना था कि 29 नवंबर 2025 को अल्लन बाबू मोहम्मद रिहान मोहम्मद आफताब निवासी मोहल्ला सैफियां अगवानपुर उसके पुत्र वसीम को बैंड बजाने के काम पर ले गए थे। दो दिन तक वह काम से वापस घर नहीं आया तो उसने उक्त लोगों से जानकारी मांगी उन्होंने कहा कि तुम्हारे बेटे को हमने दूसरी जगह काम पर भेज दिया है दो-चार दिन में आ जाएगा लेकिन उसके बावजूद भी उसका पुत्र वापस नहीं आया उसने पुलिस को सूचना दी बाद में पता चला कि उसका पुत्र वसीम आनंदी फार्म हाउस पर अमित पुत्र गजेंद्र के साथ देखा गया है पता करने पर पता चला कि उन्होंने उसके बेटे को अमित को दे दिया था जिसकी थाना छजलैट पर गुमशुदी भी दर्ज है। पुलिस ने इस मामले में पांच के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

## मझोला थाना क्षेत्र में लकड़ी फैक्ट्री में लगी आग, दमकल विभाग ने पाया आग पर काबू

**मुरादाबाद।** जनपद के मझोला थाना क्षेत्र स्थित लाकड़ी फाजलपुर में मंगलवार की दोपहर एक फैक्ट्री में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना फायर विभाग को प्राप्त हुई, जिसके बाद तत्काल तीन फायर टेंडर मौके पर पहुंच गए और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया।जानकारी के अनुसार, आग "एएफ एक्सपोर्ट्स" नामक फर्म के डस्टिंग चौंबर में लगी थी। इस फैक्ट्री में लकड़ी से संबंधित कार्य किया जा रहा था, जिसके कारण आग तेजी से फैलने की आशंका बनी हुई थी। हालांकि समय रहते फायर सर्विस की टीम मौके पर पहुंच गई और हालात को संभाल लिया गया। घटनास्थल पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में फायर स्टेशन ऑफिसर, फायर स्टेशन सेकेंड ऑफिसर , चौकी प्रभारी समेत अन्य फायर कर्मियों ने आग बुझाने का अभियान शुरू किया। टीम ने पूरी सतर्कता और सूझबूझ के साथ कार्य करते हुए करीब 40 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। प्रशासन ने फैक्ट्री संचालकों को सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए हैं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# टायर फैक्ट्री से हो रहे प्रदूषण के खिलाफ भाकियू और किसानों ने तहसील पर दिया धरना

### धरना स्थल पर आए प्रदूषण विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी

**बिलारी।** सुंदर रोड स्थित श्रीराम इंडस्ट्रीज के नाम से संचा. लित टायर फैक्ट्री से हो रहे प्रदूषण के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में आसपास के ग्रामीण पिछले काफी समय से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं एक सप्ताह पूर्व एसडीएम को ज्ञापन भी दिया गया था और मंगलवार को तहसील पर धरना भी दिया जिसमें प्रदूषण विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी एसडीएम विनय सिंह वन विभाग की टीम मौजूद रही। धरने के दौरान किसानों ने अधिकारियों से फैक्ट्री से हो रहे प्रदूषण की जांच करने की बात कही जिस पर प्रदूषण विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी ने 15 दिन के अंदर जांच पूरी करने को कहा साथ ही फैक्ट्री की जांच और आसपास के ग्रामीणों से जानकारी भी करने की बात कही वही वन विभाग द्वारा संयंत्र संचालक से उनके द्वारा एनओसी नहीं लेने की बात भी कही गई है । जिस पर वह उन्हें नोटिस भेजेंगे। मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन के पूर्व युवा प्रदेश प्रभारी पश्चिमी शुभम राठी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान एसडीएम कार्यालय पर पहुंचे जहां उन्होंने नारेबाजी करते हुए धरना शुरू कर दिया। नारेबाजी के दौरान एसडीम विनय सिंह ने प्रदूषण विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी और वन विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाया जहां काफी देर किसानों को समझने के बाद कहा कि फैक्ट्री 15 दिन के अंदर फैक्ट्री के सभी मानकों की जांच कराई जाएगी प्रदूषण विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी ने कहा कि वह फैक्ट्री के अंदर मीटर लगाएंगे जिससे पता चलेगा कि फैक्ट्री से कितना प्रदूषण हो रहा है साथ ही फैक्ट्री से निकल रही बदबू और संचालकों द्वारा वेस्टीज को इधर-उधर फेंका जा रहा है इसको लेकर उन्हें नोटिस भेजा जाएगा वन विभाग द्वारा बताया गया की फैक्ट्री के बाहर में गेट पर जो टाईल्स लगाई गई है, उनकी परमिशन नहीं दी गई है हमारे द्वारा भी उन्हें नोटिस भेजा जाएगा।

# हाई टेंशन लाइन के करंट की चपेट में आकर ग्रामीण की मौत राज मिस्त्री बाल बाल बचे

**कांठ (शाह टाइम्स)।** अकबरपुर चौदरी गांव में हाई टेंशन लाइन के करंट की चपेट में आकर एक ग्रामीण की मौत हो गई जबकि तीन लोग बाल बाल बच गए परि. जनों ने मृतक को सुपुर्द खाक कर दिया है अकबरपुर चौदरी गांव में साजिद के मकान का निर्माण चल रहा था निर्माण की जिम्मेदारी इरफान मिस्त्री की थी बताया गया कि पिलर खड़े करने के लिए वहां पर सरियों का जाल लगाया जा रहा था इरफान के अलावा दो और मजदूर सरिया खडे करने में उसकी मदद कर रहे थे तभी गांव का इकबाल पुत्र सुबराति आ गया और इरफान से उसे भी काम दिए जाने को कहने लगा अचानक पिलर की सरिया ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन से टकरा गई जिससे पिलर में करंट उतर गया।

पिलर बाकी लोगों के हाथ से छूट गया और इकबाल की तरफ झुक गया जिससे इकबाल बिजली के करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। राज मिस्त्री और मजदूर बाल बाल बच गए सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मृतक के शब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाने की तैयारी शुरू की लेकिन मृतक के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया पुलिस को लिखकर देने के बाद पुलिस वापस आ गई और मृतक को सुपुर्द खाक कर दिया गया। मृतक अपने पीछे छोटे-छोटे तीन बच्चे छोड़ गया है।



अचानक हुई इस घटना से गांव में गम का माहौल है।

## आरटीई के पैसे न देने पर नाराज डीएम ने बीएसए से मांगा जवाब

**कांठ ( शाह टाइम्स )** शिक्षा विभाग की लापरवाही के कारण लगभग आठ हजार बच्चों को आरटीई (निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार) का पैसा नहीं मिल सका। इस मामले में डीएम ने नारा. जगी जताई और बीएसए से जवाब तलब किया है। इसके बावजूद आठ हजार बच्चों के खाते में पैसे नहीं भेजे जा सके। इस मामले में डीएम अनुज सिंह ने सख्ती बरती है। बीएसए विमलेश कुमार से इस मामले की पूरी जानकारी के साथ ही जवाब तलब किया है। वहीं बीएसए विमलेश कुमार ने इस मामले में शासन को पत्र लिखकर बच्चों को धनराशि उपलब्ध कराने के लिए पत्र लिखने की बात कही है।

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र हंसार अली व पुत्रवधु गुलिस्ता को उनके गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर उनसे सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। उनके किसी कृत्य से हमारा व बाकि परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। गफ्फार पुत्र छोटे शाह व कलसुम पत्नी गफ्फार, निवासी ग्राम चेतरामपुर, तहसील कांठ, जिला मुरादाबाद।

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित करता हूं कि मेरुल निशा पत्नी बब्बू ने अपने मकान स्थित ग्राम रतनपुर कला तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद को बंधक रख लोन हेतु आवेदन किया है जिससे संबंधित मूल विक्रय पत्र दिनांक 07/08/2015 वही संख्या 1 जिल्द संख्या 4322 पेज 227/248 क्रमांक 7521 जो प्रदीप कुमार जैन पुत्र अर्जुन लाल ने शकीला नाज पत्नी नाजिम अली के पक्ष में निष्पादित किया था वास्तव में कहीं गिरकर कही गुम हो गया है भविष्य में इस कागजात का दुरुपयोग ना हो इसलिए सभी को सूचित किया जा रहा है यदि किसी व्यक्ति , वित्तीय संस्था, बैंक आदि को आपत्ति हो तो प्रकाशन के 7 दिन के अन्दर मेरे समक्ष प्रस्तुत करे।

**राजीव चौधरी एडवोकेट विधिक सलाहकार चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी चैंबर नम्बर 88/C कचहरी परिसर मुरादाबाद। मोबाइल नंबर 9219538726**

**बेदखली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी पुत्री ट्विंकल ठाकुर के पिछले काफी समय से गलत संगत में पड़ जाने के कारण उसका व्यवहार हमारे व अन्य परिजनों के साथ अच्छा नहीं है हम उक्त टिंकल ठाकुर को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से हमेशा के लिए बेदखल करते हैं भविष्य में हम ट्विंकल ठाकुर के किसी कृत्य व लेने-देन आदि के प्रति जिम्मेदार नहीं होंगे।

**सूचनाकर्ता-जितेंद्र कुमार पुत्र मुन्नू सिंह मधु देवी पत्नी जितेंद्र कुमार निवासी 52 गली नंबर 4 विकास नगर लाइन पार अनवर वेल्डिंग शॉप मझोला, जिला मुरादाबाद।**

**न्यायालय विशेष न्यायाधीश ( भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम ) कक्ष संख्या-01 महोदय- जनपद मुरादाबाद।**

विविध अपील सं0: 26/2025

**तारीख पेशी:** 23.04.2026

**श्रीमती सोमवती आदि बनाम झण्डू सिंह।**

**बनाम**-झण्डू सिंह आयु लगभग 57 वर्ष पुत्र स्व. श्री नेतराम नि.मौहल्ला गुड़िया बाजीगरान नगर व जिला मुरादाबाद (स्वंय तथा स्व. दयाशंकर के उत्तराधिकारी के रूप में)

चूँकि उपरिनामांकित प्रार्थनी/अपीलकर्ता ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए 2026 के माह 04 के दिवस 23 को 10.00 बजे पूर्वान्ह अथवा बन्धक रुपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा ऊपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रुप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 माह 04 दिवस 03 को निकाली गई।

**अहलमद**

**न्यायालय विशेष न्यायाधीश ( भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम ) कक्षा सं०-1, मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

हमने अपनी पुत्री फातिमा परवीन पत्नी रहीस अहमद पुत्री शरीफ अहमद को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर पारिवारिक व सामाजिक सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है।

भविष्य में फातिमा परवीन के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगी। आज के बाद हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**शरीफ अहमद पुत्र श्री वसीम अहमद व श्रीमति जैतून पत्नी श्री शरीफ निवासीगण कुरैशी वाली मस्जिद वाली गली, जुम्मेरात का बाजार कस्बा व थाना पाकबड़ा तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**उत्तर रेलवे**

**अंशकालिक विशुद्ध रूप से मानदेय के आधार पर अध्यापकों के लिए साक्षात्कार**

मुरादाबाद मंडल में रेलवे हायर सेकण्ड्री स्कूल, बरेली, निकट बरेली जंक्शन में TGT-02 एवं PRT-01 पदों पर अंशकालिक विशुद्ध रूप से मानदेय के आधार (TGT-10000/- Monthly, PRT-9500/- Monthly) पर अध्यापकों की नियुक्ति हेतु साक्षात्कार दिनांक 28.04.2026 को प्रात:11.00 बजे बरेली में आयोजित किया जाना है। पदों का विवरण–

| S. N. | Name of Post | Essential Qualification | Number of post | Monthly Honorarium |
|---|---|---|---|---|
| 1. | TGT (Hindi) | B.A. (Hindi Litt.) & Sanskrit atleast upto 10+2 & B.Ed. Desirable-Knowledge in Computer application | 01 | Rs.10000/- |
| 2. | TGT (English) | B.A. (English Litt.) & B.Ed. Desirable-Knowledge in Computer application | 01 | Rs.10000/- |
| 3. | PRT | Graduate & B.Ed./B.T.C./ D.Ed./JBT/PTC Desirable-Knowledge in Computer application | 01 | Rs.9500/- |

संबंधित जानकारी रेलवे की वेबसाइट **www.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध है। संबंधित जानकारी मो. नं. 8006602932 पर भी प्राप्त कर सकते हैं।

1143/26 मंडल रेल प्रबंधक, उ.रे. मुरादाबाद

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

| कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (₹) | कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्योरिटी | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवं कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 08/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2026:– मुरादाबाद डिवीजन के सभी रनिंग रूम में लगे एसी यूनिटों के उन्नयन के लिए विद्युत कार्य। | 13,07,982.19 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद | 26,200/- | 6 (छः) माह | निविदायें दिनांक 28.04.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय/मुरादाबाद |

निविदा सूचना सं. 10/2026 दिनांक 06.04.2026 1142/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# गुजरात को पहली जीत की तलाश

## दो जीत के बाद दिल्ली की नजरे जीत की हैट्रिक पर, दोनो के बीच कोटला में भिड़ंत आज

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2026 के बुधवार के मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का सामना गुजरात टाइटंस (जीटी) से दिल्ली में होगा। जहां डीसी को अपने शुरुआती दो मैचों में जीत मिली है, वहीं जीटी को अभी भी अपनी पहली जीत का इंतजार है। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए सात मैचों में जीटी 4-3 से आगे है।

पिछले आईपीएल के दो मैचों में जीटी को दोनों में जीत मिली है, वहीं दिल्ली में भी दोनों टीमों के बीच खेले गए तीन मैचों में जीटी 2-1 से आगे है। राहुल को रहना होगा रबाडा और प्रसिद्ध से सावधान केएल राहुल के लिए आईपीएल 2026 की शुरुआत कुछ खास नहीं रही है और दो मैचों में उनका स्कोर 0 और 1 का है। राहुल का यह खराब फॉर्म जीटी के खिलाफ मैच में भी जारी रह सकता है क्योंकि जीटी के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और कगिसो रबाडा उन्हें परेशान करते हैं। प्रसिद्ध अपने राज्य के साथी को सात पारियों में तीन जबकि रबाडा भी उन्हें 12 पारियों में तीन बार आउट कर चुके हैं। राशिद खान ने भी राहुल को तीन बार आउट किया है, जिसका मतलब है कि अगर राहुल टिक भी जाते हैं तो भी पावरप्ले के बाद उन्हें परेशान करने वाला कोई है। एनगिडी कर सकते हैं जीटी के शीर्ष क्रम को परेशान भारत में हुए टी-20 विश्व कप से ही लुंगी एनगिडी शानदार फॉर्म में हैं और अपनी स्लोअर गेंदों से बल्लेबाजों को परेशान करने की कला को उन्होंने आईपीएल 2026 में भी जारी रखा है। एनगिडी जीटी के खिलाफ भी अपनी स्लोअर गेंदों का जादू दिखा सकते हैं। जीटी के कप्तान और सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को उन्होंने चार पारियों में दो बार आउट किया है, जबकि गिल उन पर सिर्फ 88 के स्ट्राइक रेट से सात रन ही बना पाए हैं। बटलर को भी एनगिडी ने तीन बार आउट किया है,




हालांकि बटलर उन पर 161 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। बटलर को अक्षर पटेल और कुलदीप यादव की अनुभवी स्पिन जोड़ी भी परेशान करती है और दोनों उन्हें दो-दो बार आउट कर चुके हैं। बटलर दोनों स्पिनरों पर सिर्फ 132 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। मिलर का तोड़ राशिद के पास है डेविड मिलर को डीसी ने इस बार फिनिशर के तौर पर अपनी टीम में शामिल किया है,

लेकिन राशिद उनको अंतिम ओवरों में परेशान करने की कुव्वत रखते हैं। जीटी के अपने पूर्व साथी को राशिद ने चार बार आईपीएल में आउट किया है, जबकि मिलर, राशिद पर सिर्फ 119 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। सिराज और रबाडा ने भी मिलर को दो-दो बार आउट किया है और इन दोनों के खिलाफ भी मिलर का स्ट्राइक रेट सिर्फ 100 और 119 का है।

# आईपीएल टिकटों की कालाबाजारी का भंडाफोड़, 11 लोग गिरफ्तार

**बेंगलुरु, वार्ता।** आईपीएल टिकटों की कालाबाजारी के मामले पर, पुलिस कमिश्नर सीमांत कुमार सिंह ने बताया कि ऐसी खबरें मिली थीं कि चल रहे इंडियन प्रीमियर लीग मैचों के दौरान कुछ लोग ऑनलाइन ब्लैक मार्केट में मैच के टिकट बेच रहे हैं। उनके अनुसार, इन जानकारियों पर कार्रवाई करते हुए, सेंट्रल क्राइम ब्रांच (सीसीबी) ने एक गुप्त ऑपरेशन चलाया। इस ऑपरेशन के दौरान, अधिकारियों ने टिकटों की अवैध बिक्री में शामिल 11 लोगों को गिरफ्तार किया और 28 टिकट बरामद किए, जिन्हें ब्लैक मार्केट में बहुत ज्यादा कीमतों पर बेचा जा रहा था।

इस सीजन की शुरुआत में भी, सीसीबी के जासूसों ने इसी तरह के अभियान चलाए थे और ज्यादा मांग वाले मैचों से पहले एम- चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर टिकटों की कालाबाजारी में शामिल कई लोगों को गिरफ्तार किया था। ऐसे मामलों में, लगभग 1,000 से 1,500 रुपये की मूल



कीमत वाले टिकटों को कथित तौर पर मूल कीमत से कई गुना ज्यादा कीमत पर बेचा जा रहा थाद्ध कुछ मामलों में तो मांग के आधार पर कीमतें 5,000 से 7,000 रुपये तक पहुंच गई थीं। पुलिस ने बताया कि कुछ आरोपी छोटे-छोटे ग्रुप बनाकर काम कर रहे थे और सीधे पकड़े जाने से बचने के लिए बिचौलियों का इस्तेमाल कर रहे थे,

जबकि कुछ मामलों में, टिकट कथित तौर पर अंदरूनी सूत्रों या थोक आवंटन के जरिए हासिल किए गए थे और फिर उन्हें ब्लैक मार्केट में भेज दिया गया था। अधिकारियों ने आगे बताया कि लोकप्रिय टीमों वाले बड़े मैचों के दौरान कालाबाजारी बढ़ जाती है, जिससे असली प्रशंसकों के लिए टिकटों की कमी हो जाती है और ऑफलाइन नेटवर्क के साथ-साथ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए भी बढ़ी हुई कीमतों पर टिकटों की दोबारा बिक्री को बढ़ावा मिलता है।

## खेल विशेष

### फॉरवर्ड गिलबर्टसन संगमा के निधन पर शोक व्यक्त किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने भारत के पूर्व फॉरवर्ड गिलबर्टसन संगमा के निधन पर शोक व्यक्त किया, जिनका 3 अप्रैल को गुवाहाटी में निधन हो गया। वह 70 वर्ष के थे। असम के एक जाने-माने फॉरवर्ड, गिलबर्टसन संगमा ने 1975 में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने 17 अप्रैल, 1975 को जकार्ता में आयोजित 'मारा हलीम कप' में इंडोनेशिया के खिलाफ अपने सीनियर राष्ट्रीय टीम करियर की शुरुआत की थी। संगमा ने भारत के लिए कुल तीन मैच खेले, और ए सभी मैच इसी टूर्नामेंट के दौरान खेले गए थे।

### भारत की अंडर17 महिला टीम रूस के खिलाफ तीन मैत्री मैच खेलेगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की अंडर17 महिला टीम सोची में 11, 14 और 17 अप्रैल को रूस के खिलाफ तीन मैत्री मैच खेलेगी। मुख्य कोच पामेला कोंटी ने इस दौरे के लिए 23 सदस्यों की टीम की घोषणा की है। 'यंग टाइग्रेस', जो एएफसी अंडर 17 महिला एशिया कप चीन 2026 की तैयारी कर रही हैं, सोमवार देर रात सोची पहुंचीं। पिछले महीने, वे मेजबान टीम के खिलाफ दो फेंडली मैच खेलने के लिए यंगून गई थीं।

### अमीनुल इस्लाम की अगुवाई वाला बोर्ड भंग

**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश की नेशनल स्पोर्ट्स काउंसिल (एनएससी) ने मंगलवार को घोषणा की कि उसने बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड को चलाने के लिए 11 सदस्यों वाली एक एड-हॉक कमेटी बनाने का फैसला किया है। यह फैसला अमीनुल इस्लाम बुल. बुल की अगुवाई वाले बोर्ड को भंग करने के बाद लिया गया, 11 सदस्यों वाली एड-हॉक कमेटी: अध्यक्ष: तमीम इकबाल सदस्य: रशना इमाम, मिर्जा यासिर अब्बार, सैयद इब्राहिम अहमद, इसराफिल खोसरू, मिन्हाजुल अबेदिन नन्नू, अथर अली खान, तंजुम चौधरी, सलमान इस्फहानी, रफीकुल इस्लाम बाबू, फहीम सिन्हा, अथर अली खान क्रिकबज ने पहले ही रिपोर्ट किया था कि मौजूदा बोर्ड के इस हफ्ते के भीतर भंग होने की संभावना है, और एनएससी एक एड-हॉक कमेटी बनाने की तैयारी में है।

### खालसा, रामजस और किरोड़ीमल कॉलेज जीते

**नई दिल्ली, वार्ता।** मेजबान श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, किरोड़ी मल कॉलेज, स्टनर अकादमी और रामजस कॉलेज ने 5वें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल (पुरुष एवं महिला) टूर्नामेंट के अपने शुरुआती मुकाबले जीत लिए। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के प्राचार्य प्रो- गुरमोहिदर सिंह और एसजीटीबी खालसा कॉलेज की शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान निदेशक डा. इंदरप्रीत कौर ने किया। पुरुष वर्ग में एसजीटीबी खालसा ने एमिटी यूनिवर्सिटी को 77-42 से हराया।

# सात्विक-चिराग हटे, सिंधु लक्ष्य संभालेंगे भारतीय चुनौती

**नई दिल्ली, वार्ता।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और पेरिस 2024 के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन, बैडमिटन एशिया चैंपियनशिप 2026 में भारत की पदक की उम्मीदों की अगुवाई करेंगे। यह चैंपियनशिप मंगलवार से चीन के निंगबो में शुरू होने वाली है।

2026 की बैडमिटन एशिया चैंपियनशिप लगातार तीसरी बार है जब यह महाद्वीपीय प्रतियोगिता निंगबो में आयोजित की जा रही है। भारतीय बैडमिटन खिलाड़ियों ने अब तक दो बार एशियाई चैंपियन का खिताब जीता है। दिनेश खन्ना 1965 में पुरुषों के एकल (सिगल्स) चैंपियन बने थे, जबकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने 2023 में पुरुषों के युगल (डबल्स) का खिताब जीता था। देश के शटलरों ने इस प्रतियोगिता में कई कांस्य पदक भी जीते हैं। सात्विक-चिराग को इस बार के टूर्नामेंट में खेलना था, लेकिन सात्विक के कंधे में चोट लगने के कारण उन्होंने आखिरी समय पर टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया। हरिहरन अमसकारुणन-एमआर अर्जुन और पृथ्वी केआर-साई प्रतीक के, निंगबो में पुरुषों के युगल वर्ग में भारत की ओर से दो. हरी चुनौती पेश करेंगे। पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु, जो महिलाओं की एकल बैडमिटन रैंकिंग में 13वें स्थान पर हैं, महिलाओं के एकल वर्ग में भारत की शीर्ष खिलाड़ी होंगी। सिंधु, जो 2014 और 2022 की एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक विज. ेता रही हैं, जनवरी में इंडोनेशिया मास्टर्स के क्वार्टर-फाइनल तक पहुंचने के बाद पहली बार किसी प्रतिस्पर्धी मुकाबले में वापसी कर रही हैं। चोट से उबरने के बाद, 30 वर्षीय सिंधु पिछले महीने ऑल इंग्लैंड ओपन में वापसी करने वाली थीं, लेकिन उन्हें अपनी योजना टालनी पड़ी। मालविका बंसोड़, उन्नति हुड्डा और उभरती हुई खिलाड़ी तन्वी शर्मा महिलाओं के वर्ग में सिंधु का साथ देंगी।

# ऑस्ट्रेलियाई लेग-स्पिनर अलाना किंग फिर से वनडे रैंकिंग में टॉप पर

**दुबई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के कैरेबियन दौरे के दौरान शानदार प्रदर्शन की बदौलत अलाना किंग आईसीसी महिला वनडे बॉलिग रैंकिंग में फिर से टॉप पर पहुंच गई हैं। किंग ने सेंट किट्स में अपने आखिरी मैच में पांच विकेट लिए, जिससे मंगलवार को जारी ताजा रैंकिंग में वह इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन से आगे निकल गईं।

इस लेग-स्पिनर (753) ने मार्च में रैंकिंग में टॉप पर एक्लेस्टोन के लगभग चार साल के दबदबे को खत्म कर दिया था, हालांकि पिछले हफ्ते की रैंकिंग में वह इंग्लैंड की इस लेफ्ट-आर्म ऑर्थोडॉक्स स्पिनर से पीछे रह गई थीं। 30 साल की इस खिलाड़ी ने बासेटेरे के वार्नर पार्क में 5/19 (10) के शानदार आंकड़े के साथ मैच खत्म किया। उन्होंने 44 डॉट गेंदें फेंकीं, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने नौ विकेट से जीत




हासिल की और 3-0 से सीरीज अपने नाम कर ली। आईसीसी के अनुसार, उनके इस प्रदर्शन की बदौलत वह ऑलराउंडर रैंकिंग (281) में एक स्थान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंच गईं और इंग्लैंड की नैट साइवर-ब्रंट (280) को पीछे छोड़ दिया। वहीं दूसरी ओर, न्यूजीलैंड की बल्लेबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज में उनके बल्ले से खूब रन निकले। मैडी ग्रीन अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिग 642 पर पहुंच गईं और चार स्थान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर आ गईं। एमी केर, जिन्होंने बेसिन रिजर्व में 139 गेंदों पर 179 रन बनाकर इतिहास का सबसे बड़ा महिला व्क्प चेज पूरा किया और दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा, वह छह स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 14वें स्थान पर पहुंच गईं। एमी अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत वनडे ऑलराउंडर रैंकिंग में चौथे स्थान पर मौजूद मारिजैन कैप से भी आगे निकल गईं।

# मीनाक्षी और जैस्मीन का जलवा छह महिला मुक्केबाज फाइनल में

**उलानबटार, वार्ता।** एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026 में भारत का शानदार अभियान जारी रहा, जिसमें कुल आठ मुक्केबाज-छह महिलाएं और दो पुरुष-फाइनल में पहुंच गए। मंगलवार को महिलाओं के सेमीफाइनल में मीनाक्षी और जैस्मीन ने शानदार प्रदर्शन किया, जबकि पुरुषों की श्रेणी में विश्वनाथ सुरेश और सचिन ने अपने दमदार प्रदर्शन से इस संख्या को और बढ़ाया।

महिलाओं के 48 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में, मीनाक्षी ने थाईलैंड की थिप्सत्चा योदवारी पर 4:1 से आत्मविश्वास भरी जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक मुकाबले में अपनी जगह पक्की कर ली।

फाइनल में उनका साथ देते हुए, जैस्मीन ने महिलाओं के 57 किलोग्राम वर्ग में उज्बेकिस्तान की निगीना उक्तामोवा को एक



कड़े मुकाबले में 3:2 के फैसले से हराया। पुरुषों के वर्ग में, विश्वनाथ सुरेश (50 किलोग्राम) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जॉर्डन के हुथैफा एशिश को 5:0 के सर्वसम्मत फैसले से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। सचिन (60 किलोग्राम) ने भी अपने सेमीफाइनल मुकाबले में थाईलैंड के सकदा रुआमथम पर 4:1 से ठोस जीत दर्ज कर सभी को प्रभावित किया। अन्य परिणामों में, आकाश उज्बेकिस्तान के जावोखिर अब्दुर खिमोव से 1:4 से हार गए। लोकेश उज्बेकिस्तान के जसरबेक युल्डोशेव के खिलाफ 0:5 से हार गए। नरेंद्र को चीन के बायिकेवुजी दानाबिएके के हाथों 1:4 से हार का सामना करना पड़ाद्ध यह मुकाबला पहले ही राउंड में चोट (कट) लगने के कारण रोक दिया गया था।

# महिला हॉकी टीम चार मैचों की सीरीज के लिए अर्जेंटीना दौरे पर जाएगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय सीनियर महिला हॉकी टीम अप्रैल में अर्जेंटीना के दौरे पर जाने के लिए तैयार है। इस दौरे पर चार मैचों की एक सीरीज खेली जाएगी, जो 13 से 17 अप्रैल तक ब्यूनस आयर्स के सेनार्ड में आयोजित होगी।

यह सीरीज एक बेहद कड़ा मुकाबला होने का वादा करती है, जिसमें भारत विदेशी जमीन पर दक्षिण अमेरिका के मजबूत प्रतिद्वंद्वियों का सामना करेगा। हाल के वर्षों में भारत और अर्जेंटीना के बीच कड़े मुकाबले देखने को मिले हैं, जिसमें पिछले जून में एफआईएच प्रो लीग 2024-25 में शूटआउट के जरिए 2-2 से ड्रॉ रहा एक रोमांचक मैच भी शामिल है। यह आगामी दौरा उच्च गुणवत्ता वाले अंतर्राष्ट्रीय प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ मैच अभ्यास का एक मूल्यवान अवसर



प्रदान करेगा। यह हॉकी इंडिया के रणनीतिक कैलेंडर के साथ पूरी तरह से मेल खाता है, जिसका उद्देश्य एफआईएच हॉकी विश्व कप बेल्जियम और नीदरलैंड्स 2026 और इस साल के अंत में होने वाले एशियाई खेलों से पहले टीम की लय को बनाए रखना है। यह सीरीज भारत के लिए एक महत्वपूर्ण तैयारी के तौर पर काम करेगी, जिसमें चार तेज-तर्रार मैच खेलने को मिलेंगे। साथ ही, यह टीम को अलग-अलग कॉम्बिनेशन और रणनीतियों को आजमाने का मौका भी देगी, क्योंकि टीम अपने कैलेंडर के एक अहम दौर में प्रवेश कर रही है। इस दौरे के बारे में बात करते हुए, भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच शुअर्ड मरिने ने कहा कि हम 24 खिलाड़ियों की टीम के साथ अर्जेंटीना जा रहे हैं, और यह एक बहुत ही सोच-समझकर लिया गया फैसला है।


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

### महत्वपूर्ण जानकारी

### ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों में वृद्धि-2026

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ भी नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जायेंगी:-

**05101/05102 गोरखपुर-नई दिल्ली-गोरखपुर विशेष (साप्ताहिक)** — 26 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05101 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05102 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 16:00 | गोरखपुर | 01:00 | --- |
| 04:20 | 04:30 | मुरादाबाद | 12:50 | 13:00 |
| 07:30 | --- | नई दिल्ली | --- | 09:45 |

**चलने के दिन: 05101 गोरखपुर से** दिनांक 11.04.2026 से 11.07.2026 तक (शनिवार) 23.05.2026 को छोड़कर और **05102 नई दिल्ली** से दिनांक 12.04.2026 से 12.07.2026 तक (रविवार) 24.05.2026 को छोड़कर।
**स्थान:** 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** आनंद नगर, सिद्धार्थ नगर, बढ़नी, तुलसीपुर, बलरामपुर, गोंडा जं., सीतापुर, शाहजहाँपुर, बरेली और गाजियाबाद स्टेशन।

**05193/05194 छपरा-पठानकोट-छपरा विशेष (साप्ताहिक)** — 30 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05193 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05194 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 14:00 | छपरा | 09:15 | --- |
| 22:15 | --- | पठानकोट | --- | 00:30 |

**चलने के दिन: 05193 छपरा से** दिनांक 06.04.2026 से 13.07.2026 तक (सोमवार) को और **05194 पठानकोट** से दिनांक 08.04.2026 से 15.07.2026 तक (बुधवार) को।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** छपरा कचहरी, दिघवा दुबौली, थावे जं., तमकुही रोड, पडरौना, कप्तानगंज जं., गोरखपुर, बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, लक्सर जं., रूड़की, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अंबाला कैंट, लुधियाना और जलंधर कैंट स्टेशन।

**07621/07622 नांदेड-हज़रत निज़ामुद्दीन-नांदेड विशेष (साप्ताहिक)** — 16 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 07621 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 07622 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 08:45 | नांदेड | 00:35 | --- |
| 14:00 | --- | हज़रत निज़ामुद्दीन | --- | 21:40 |

**चलने के दिन: 07621 नांदेड से** दिनांक 11.04.2026 से 30.05.2026 तक (शनिवार) को और **07622 हज़रत निज़ामुद्दीन** से दिनांक 12.04.2026 से 31.05.2026 तक (रविवार) को।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** पूर्णा जं., परभणी जं., सेलु, परतूर, जालना, औरंगाबाद, मनमाड, जलगांव, भुसावल, खंडवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, ग्वालियर, आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन।

**05017/05018 मऊ जं.-वलसाड-मऊ जं. विशेष (साप्ताहिक)** — 10 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05017 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05018 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 06:00 | मऊ जं. | 22:45 | --- |
| 08:20 | 08:30 | वाराणसी जं. | 20:30 | 20:40 |
| 12:35 | --- | वलसाड | --- | 15:10 |

**चलने के दिन: 05017 मऊ जं. से** दिनांक 11.04.2026 से 09.05.2026 तक (शनिवार) को और **05018 वलसाड** से दिनांक 12.04.2026 से 10.05.2026 तक (शनिवार) को।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** औंड़िहार जं., ज्ञानपुर रोड, प्रयागराज जं., कानपुर सेंट्रल, टूण्डला जं., ईदगाह आगरा जं., बयाना जं., गंगापुर सिटी, कोटा जं., रामगंज मंडी, भवानी मंडी, नागदा जं., रतलाम जं., वडोदरा जं. और सूरत स्टेशन।

**04624/04623 अमृतसर-कोलकाता-अमृतसर अनारक्षित विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** — 24 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04624 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04623 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 20:10 | अमृतसर | 00:40 | --- |
| 15:00 | --- | कोलकाता | --- | 05:00 |

**चलने के दिन: 04624 अमृतसर से** दिनांक 13.04.2026 से 29.06.2026 तक (सोमवार) को और **04623 कोलकाता** से दिनांक 16.04.2026 से 02.07.2026 तक (बृहस्पतिवार) को।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** ब्यास, जलंधर सिटी, फगवाड़ा जं., ढंडारी कलां, अंबाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा जं., गोरखपुर, कप्तानगंज, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली जं., बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., बरौनी जं., किऊल जं., झाझा, जसीडीह जं., मधुपुर जं., चित्तरंजन, आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान जं. बैण्डेल जं. और नैहाटी जं. स्टेशन।

**01073/01074 लोकमान्य तिलक(टर्मि.)-बनारस-लोकमान्य तिलक(टर्मि.) विशेष (सप्ताह में 2 दिन)** — 42 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01073 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 01074 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 12:15 | लोकमान्य तिलक(टर्मि.) | 16:40 | --- |
| 22:45 | 22:50 | वाराणसी | 05:45 | 05:50 |
| 23:30 | --- | बनारस | --- | 05:30 |

**चलने के दिन: 01073 लोकमान्य तिलक(टर्मि.) से** दिनांक 06.05.2026 से 15.07.2026 तक (बुधवार, वृहस्पतिवार) को और **01074 बनारस** से दिनांक 08.05.2026 से 17.07.2026 तक (शुक्रवार, शनिवार) को।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, जलगाँव जं., भुसावल जं., खंडवा, इटारसी, रानी कमलापति, बीना, रानी लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, गोविंदपुरी, फतेहपुर और सूबेदारगंज स्टेशन।

**01431/01432 पुणे-गाजीपुर सिटी-हडपसर विशेष (सप्ताह में 2 दिन)** — 44 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01431 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 01432 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 06:40 | पुणे | --- | --- |
| --- | --- | हडपसर | 16:20 | --- |
| 15:30 | 15:40 | वाराणसी | 08:20 | 08:30 |
| 19:05 | --- | गाजीपुर सिटी | --- | 04:20 |

**चलने के दिन: 01431 पुणे से** दिनांक 01.05.2026 से 14.07.2026 तक (शुक्रवार, मंगलवार) को और **01432 गाजीपुर सिटी** से दिनांक 03.05.2026 से 16.07.2026 तक (रविवार, बृहस्पतिवार) को।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** दौंड कॉर्ड लाईन, अहिल्यानगर, कोपरगांव, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा, इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, जौनपुर जं. और औंड़िहार जं. स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1159/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# महानगर में बदला मौसम का मिजाज आंधी से कई इलाकों में नुकसान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर में मंगलवार शाम अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। दिनभर की उमस और गर्मी के बाद आसमान पर काले बादल छा गए और तेज हवाओं के साथ रिमझिम बारिश शुरू हो गई, जिससे मौसम सुहावना हो गया। हालांकि, इस बदलाव के साथ आई तेज आंधी ने शहर के कई इलाकों में नुकसान भी पहुंचाया।विशेष रूप से मानसरोवर और शास्त्री नगर कॉलोनी में भीषण आंधी का असर अधिक देखने को मिला। तेज हवाओं और धूल भरी आंधी के चलते कई बड़े पेड़ जड़ से उखड़कर सड़कों और घरों के पास गिर गए। अचानक गिरे पेड़ों से लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।इस दौरान सड़कों किनारे खड़ी कारें और बैटरी रिक्शा पेड़ों के नीचे दब गए,



जिससे उन्हें काफी नुकसान हुआ। स्थानीय लोगों के अनुसार, तेज हवाओं की गति इतनी अधिक थी कि कुछ ही मिनटों में हालात बिगड़ गए। कई जगहों पर बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हुई, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।घटना की सूचना मिलते ही नगर निगम और संबंधित विभागों की टीमें मौके पर पहुंचीं और गिरे हुए पेड़ों को हटाने का कार्य शुरू किया।मौसम में आए इस बदलाव से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं आंधी-तूफान ने शहर में नुकसान भी पहुंचाया।

# गुरु तेग बहादुर जी के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा लाल बाग में भव्य कीर्तन समागम हुआ आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के लाल. बाग स्थित ऐतिहासिक गुरु तेग बहादुर जी गुरुद्वारा में गुरु तेग बहादुर जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर भव्य कीर्तन समागम



श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस पावन अवसर पर गुरुद्वारा परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया और पूरे वातावरण में भक्ति और आध्यात्मिकता की अनुभूति हुई।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर गुरु साहिब के प्रति अपनी गहरी आस्था प्रकट की। सुबह से ही संगत का गुरुद्वारे में पहुंचना शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं ने मत्था टेककर गुरु साहिब का आशीर्वाद लिया और सुख-शांति की कामना की।समागम के दौरान विभिन्न स्थानों से आए रागी जत्थों ने मधुर शब्द-कीर्तन प्रस्तुत किए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

कीर्तन सुनकर संगत भाव-विभोर हो गई और गुरु वाणी में लीन होकर आध्यात्मिक आनंद का अनुभव किया। कार्यक्रम के दौरान गुरु साहिब के जीवन, त्याग और बलिदान पर भी प्रकाश डाला गया, जिससे उपस्थित लोगों को प्रेरणा मिली।

गुरुद्वारा प्रबंधन समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए लंगर की भी विशेष व्यवस्था की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सेवा कार्य में युवाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया। कार्यक्रम का समापन अरदास के साथ हुआ, जिसमें विश्व शांति और मानव कल्याण की कामना की गई।

## बिलारी समाचार

### खेत में पेड़ काट रहे किसान पर जानलेवा हमला करने का आरोप, लाठी-डंडों से पीटकर किया घायल



**कुंदरकी।** थाना क्षेत्र के गांव इंधनपुर नगला में खेत पर काम कर रहे एक किसान पर आरोप है । दबंगों द्वारा जानलेवा हमला किए जाने प्रयास का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित इरशाद पुत्र इस्तेखार के अनुसार, रविवार शाम करीब 3 बजे वह अपने खेत में खड़े यूकेलिप्टस के पेड़ काट रहा था। इसी दौरान गांव के ही अंजार, अनवार और अफजाल मौके पर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। जब उसने विरोध किया तो तीनों आरोपियों ने लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया। हमले में इरशाद के सिर पर गंभीर चोट आई और वह जमीन पर गिर पड़ा। पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने जान से मारने की नीयत से लगातार वार किए। शोर-शराबा सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिन्हें आता देख आरा. पी धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल किसान किसी तरह अपनी जान बचाकर घर पहुंचा, जहां परिजनों ने उसका उपचार कराया। इसके बाद पीड़ित ने थाना कुंदरकी में लिखित तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में आक्रोश का माहौल है और ग्रामीण आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

### कुन्दरकी की बहू ने बढ़ाया मान, ब्रेस्ट कैंसर पर शोध में हासिल की पीएचडी

**कुन्दरकी।** नगर के मोहल्ला सादात की बहू डॉ. फरहीन फातिमा कघ्जलबाश ने जामिया हमदर्द, नई दिल्ली से स्तन कैंसर अनुसंधान विषय पर अपना पीएचडी शोधकार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर नगर का



नाम रोशन किया है। उनका शोधकार्य 02 अप्रैल 2026 को पूर्ण हुआ। उनका शोध विषय फोलिक एसिड सतह अभिकल्पित नैनो इमल्शन में एग्जेमेस्टेन और क्वेरसेटिन के संयोजन का निर्माण एवं मूल्यांकन स्तन कैंसर उपचार हेतु" रहा। इस शोधकार्य का मार्गदर्शन प्रोफेसर डॉ. जावेद अली, प्रोफेसर डॉ. असगर अली तथा प्रोफेसर डॉ. संजुला बाबूटा ने किया। डॉ. फरहीन पूर्व में भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद में वरिष्ठ शोध फेलो के पद पर कार्यरत रही हैं। उनके शोध कार्य विश्व के प्रतिष्ठित शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं, जिनमें स्तन कैंसर उपचार में नैनो तकनीक की भूमिका तथा फोलिक एसिड आधारित नैनो इमल्शन पर आधारित शोध प्रमुख हैं। इसके अलावा उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के चिकित्सीय उत्पाद प्रशासन की नियामक प्रक्रियाओं पर एक पुस्तक अध्याय भी लिखा है।उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। लोगों का मानना है कि उनकी सफलता अन्य बेटियों के लिए प्रेरणा बनेगी। परिवार और क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### नगर निगम कार्यालय में नवनिर्वाचित नामित पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ संपन्न

**मुरादाबाद।** शहर के टाउन हॉल स्थित नगर निगम कार्यालय में नवनिर्वाचित नामित पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में शहर के राजनीतिक एवं प्रशास. निक क्षेत्र की कई प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम



की गरिमा और भी बढ़ गई।कार्यक्रम के दौरान सभी नवनिर्वाचित नामित पार्षदों ने अपने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस अवसर पर महापौर विनोद अग्रवाल ने पार्षदों को विधिवत शपथ दिलाई और उन्हें अपने दायित्वों का निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि नगर के विकास, स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने में पार्षदों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।समारोह में उपस्थित अधिकारियों ने भी नव नियुक्त पार्षदों को शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई कि वे जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे और नगर निगम के कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाएंगे। कार्यक्रम के दौरान पार्षदों ने शहर के विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।इस मौके पर नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। पूरे समारोह के दौरान उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### समानता दल ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेज कर जताई यूजीसी में अपनी सहमति

कांठ( शाह टाइम्स) राष्ट्रीय समानता दल के जिला अध्यक्ष तेज सिंह सैनी के नेतृत्व में आज तहसील में राष्ट्रपति को प्रेषित ज्ञापन एसडीएम को सोपा गया जिसमें उन्होंने यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन का पूर्ण समर्थन किया और कहा कि यह रेगुलेशन उच्च शिक्षा संस्थानों में जातिगत भेदभाव को समाप्त करने एससी एसटी ओबीसी छात्रो को



सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने और वास्तविक समानता स्थापित करने की दिशा में एक ऐतिहा. सिक कदम है। जिसे दलित आदिवासी और पिछडे वर्ग के विद्यार्थियों को उत्पीड़न से बचाया जा सकता है ज्ञापन के माध्यम से कहा गया की शिकायत निवारण तंत्र से हर शिकायत का तुरंत निपटारा संभव होगा संवैधानिक मूल्यों की रक्षा अनुच्छेद 14 15 और 17 के तहत सामानता का अधिकार सुनिश्चित करना राष्ट्रपति के सम्मान देने के तहत के अनुरूप है। यह रेगुलेशन इस दिशा में मजबूत कदम है। समाज में सकारात्मक बदलाव रोहित दुमुला जैसे दुखद मामलों की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए यह विश्वास दिलाता है कहा कि इससे कुछ वर्गों की भागीदारी बढ़ेगी और देश की प्रगति में योगदान बढ़ेगा इस मौके पर दयाराम सैनी श्याम सिंह अनीशा तेज सिंह सैनी ओम प्रकाश मोहम्मद अली वीरेंद्र सिंह हरि सिंह सैनी साबिर सैफी आदि मौजूद रहे।

# मेधावी छात्रों का हौसला बढ़ाया ईमानदारी का दिया संदेश

### मंसूर आलम बोले कड़ी मेहनत और सच्चाई से संवरता है भविष्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मैटल मास्टर्स मंसूर आलम ने मेधावी छात्रों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता पाने के



लिए कठिन परिश्रम और ईमानदारी सबसे जरूरी गुण हैं। बिना मेहनत के कोई भी लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता और ईमानदारी इंसान को सही दिशा में आगे बढ़ाती है। मंसूर आलम ने कहा कि आज के दौर में छात्र-छात्राओं को केवल किताबों का ज्ञान ही नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों को भी अपनाना चाहिए। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि असफलताओं से घबराना नहीं चाहिए, बल्कि उनसे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। यही संघर्ष आगे चलकर सफलता का रास्ता बनाता है। कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों और शिक्षकों ने भी इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है।

# एसएसपी सतपाल अंतिल ने किया व्यापक पुलिस फेरबदल, कई थाना-चौकी प्रभारियों का स्थानांतरण

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने जनपद की कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से बड़े स्तर पर पुलिस विभाग में फेरबदल किया है। इस प्रशासनिक बदलाव के तहत कई उप निरीक्षकों और निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया गया है।

जारी आदेश के अनुसार म.उ. नि. सुनीता रानी को चौकी बुध बाजार थाना कोतवाली से थाना मूंढ़ापाण्डे भेजा गया है, जबकि उ. नि. प्रवीण कुमार को चौकी काशीपुर तिराहा थाना कटघर से बुध बाजार चौकी का प्रभार सौंपा गया है। उ.नि. विशाल चौधरी को मझोला से काशीपुर तिराहा चौकी कटघर भेजा गया है। उ.नि. सचिन भाटी को पुलिस लाइन्स से लाइनपार चौकी मझोला का प्रभारी बनाया गया है।

इसी क्रम में म.उ.नि. चन्द्रप्रभा गौतम को कंजरी सराय चौकी से मिशन शक्ति थाना कोतवाली, जबकि उ.नि. देवेन्द्र सिंह को नागफनी चौकी से कंजरी सराय चौकी का प्रभार दिया गया है।

उ.नि. तेजेन्द्र सिंह को पुलिस लाइन्स से नागफनी चौकी भेजा गया है। उ.नि. विपिन कुमार को बंगला गांव चौकी से डीएमआर चौकी छजलैट तथा उ.नि. नरेश कुमार को कटघर से बंगला गांव चौकी का प्रभारी बनाया गया है।

अन्य तबादलों में उ.नि. लोक. श कुमार को लाजपत नगर चौकी कटघर, उ.नि. रोहित यादव को कोतवाली में वरिष्ठ उप निरीक्षक, उ.नि. शिवम को काशीराम नगर चौकी मझोला तथा उ.नि. जोगेन्द्र कुमार को रौण्डा झौण्डा चौकी मूंढ़ापाण्डे भेजा गया है। उ.नि. विकेश कुमार राणा को मैनाठेर, उ.नि. अनुज कुमार को पुलिस लाइन्स तथा उ.नि. विनीत गौतम को हकीमपुर चौकी पाकबड़ा में तैनात किया गया है।इसके अलावा कई अन्य उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में भी बदलाव किया गया है, जिसमें बिलारी, भगतपुर, कांठ, छजलैट, डिलारी और ठाकुरद्वारा थानों से जुड़े चौकी प्रभार शामिल हैं।

निरीक्षक स्तर पर भी परिवर्तन करते हुए निरीक्षक विजय सिंह को प्रशासनिक थाना कटघर तथा निरीक्षक नरेन्द्र कुमार गौड़ को मझोला थाना प्रशासनिक प्रभारी बनाया गया है।

एसएसपी ने स्पष्ट किया कि यह स्थानांतरण प्रशासनिक आवश्यकता और बेहतर पुलिसिंग के उद्देश्य से किए गए हैं, जिससे जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जा सके।

# बारिश व तेज हवाओं से बदला मौसम का मिजाज गेहूं की फसल को नुकसान की आशंका

**चन्दौसी।** नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से मौसम का मिजाज बदला-बदला नजर आ रहा था। तेज हवाएं, बादलों की आवाजाही और



बीच-बीच में बूंदाबांदी का सिल. सिला जारी था। इसी क्रम में मंगलवार की शाम मौसम ने एक बार फिर करवट ली और हल्की बारिश के साथ ठंडी हवाएं चलने लगीं, जिससे वातावरण में ठंडक घुल गई और लोगों को हल्की सर्दी का अहसास हुआ। अचानक बदले मौसम से जहां एक ओर लोगों को बढ़ती गर्मी से राहत मिली और मौसम सुहावना हो गया, वहीं दूसरी ओर किसानों की चिंता बढ़ गई है। इस समय गेहूं की फसल पककर तैयार खड़ी है और कई स्थानों पर कटाई का कार्य भी चल रहा है। ऐसे में बारिश और तेज हवाएं फसल के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती हैं। किसानों का कहना है कि तेज हवाओं के कारण खेतों में खड़ी गेहूं की फसल झुक या गिर सकती है, जिससे कटाई में दिक्कतें बढ़ेंगी और उत्पादन पर भी असर पड़ेगा। वहीं बारिश होने से फसल के दानों की गुणवत्ता खराब होने की आशंका भी बनी रहती है। यदि मौसम का यही रुख आगे भी जारी रहा तो किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। कृषि विशेषज्ञों का भी मानना है कि इस समय मौसम का अस्थिर रहना रबी की फसलों के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने किसानों को सतर्क रहने और मौसम को ध्यान में रखते हुए कटाई कार्य जल्द पूरा करने की सलाह दी है।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर निशुल्क दंत परीक्षण शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 7 अप्रैल को 'स्वास्थ्य के लिए एकजुटकृविज्ञान के साथ खड़े रहें' थीम के तहत जायंट्स ग्रुप ऑफ चंदौसी सखी



सहेली द्वारा लक्ष्मी देवी हर प्रसाद बाल विद्या मंदिर, स्टेशन रोड पर बच्चों के लिए निशुल्क दंत परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. मोहम्मद वसीम, प्रधानाचार्य अजय कुमार, यूनिट डायरेक्टर अंजू राजपूत, फेडरेशन ऑफिसर रीता बुदियाल एवं अध्यक्ष डॉ. मधु तोमर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में 2 से 11 वर्ष तक के बच्चों के दांतों की जांच की गई। डॉ. वसीम ने बताया कि इस उम्र में बच्चों में कैविटी की समस्या अधिक होती है, क्योंकि वे मीठा अधिक खाते हैं और दांतों की सफाई पर ध्यान नहीं देते। उन्होंने बताया कि पानी में फ्लोराइड की अधिकता के कारण कई बच्चों के दांतों पर पीली परत जमी मिली, जबकि कुछ बच्चों के दांत अधिक खराब पाए गए। ऐसे बच्चों को 3 माह के भीतर क्लीनिक पर निशुल्क उपचार की सुविधा देने की बात कही गई।

बच्चों को सुबह-शाम ब्रश करने और साफ-सफाई बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही स्कूल स्टाफ से भी सप्ताह में कम से कम एक बार बच्चों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने की अपील की गई।

परीक्षण के बाद सभी बच्चों को ओरल केयर किट और बिस्किट वितरित किए गए। कक्षा 1 से 7 तक के बच्चों का क्रमवार परीक्षण किया गया। इस दौरान स्कूल स्टाफ एवं ग्रुप सदस्यों ने भी दंत परीक्षण कराया। कार्यक्रम में डॉ. वसीम, प्रधानाचार्य अजय कुमार और शिक्षिका लक्ष्मी पाठक को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. मधु तोमर ने की, जबकि संचालन राज. श्वरी श्रीवास्तव ने किया।

# श्रीराम कथा में वनगमन प्रसंग सुन श्रोता हुए भाव-विभोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** बहजोई स्थित बड़े मैदान में चल रही श्रीराम कथा के तीसरे दिन निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज ने



श्रीराम-सीता स्वयंवर एवं वनगमन का मार्मिक वर्णन किया। उनके प्रवचनों से श्रोता भाव-विभोर हो उठे। कथाव्यास ने कहा कि हमें धार्मिक ग्रंथों का नियमित अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता का महत्व बताते हुए कहा कि जो व्यक्ति गीता का अनुसरण करता है, वह जीवन के सत्य को समझ पाता है। गीता भगवान के मुख से निकली दिव्य वाणी है, जिसमें अद्भुत ज्ञान और चमत्कार समा. हत हैं। उन्होंने कहा कि केवल गीता का पाठ ही नहीं, बल्कि उसके भावों को जीवन में उतारना आवश्यक है। संतों का स्वभाव विनम्रता का प्रतीक होता है। जितना बड़ा साधु होता है, वह उतना ही विनम्र रहता है और अहंकार से दूर रहता है। कथाव्यास ने बताया कि कथा सुनने से ज्ञान की जागृति होती है, जबकि कीर्तन से मन पवित्र होता है। कीर्तन के समय मन, वाणी और शरीर को एकाग्र रखना चाहिए। उन्होंने भगवान श्रीराम के आदर्शों का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने अयोध्या को धर्म और मर्यादा की नगरी के रूप में स्थापित किया।

# राजकीय आईटीआई चन्दौसी में विदाई समारोह छात्रा राशिका को दी भावभीनी विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) चन्दौसी में मंगलवार को एक भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया,





जिसमें स्टेनोग्राफर ट्रेड की अप्रेंटशिप पूरी करने वाली छात्रा राशिका को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। लगभग एक वर्ष तक संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद राशिका ने अपनी शिक्षुता (अप्रेंटशिप) सफलतापूर्वक पूर्ण की। समारोह के दौरान साथियों ने राशिका के साथ बिताए पलों को याद करते हुए भावुकता व्यक्त की। संस्थान के स्टाफ ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि राशिका ने इसी संस्थान से स्टेनोग्राफी में डिप्लोमा प्राप्त किया और बाद में यहीं अप्रेंटशिप का अवसर भी मिला। प्रधानाचार्य डॉ. नरेन्द्र सिंह पाल ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए कई बार पुरानी जगहों को छोड़कर नए अवसरों को अपनाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अर्जित ज्ञान का सही उपयोग करते हुए उसे दूसरों तक पहुंचाना ही वास्तविक सफलता है। साथ ही उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्य के प्रति संकल्पित रहने और सफलता के बाद अपने साथियों को न भूलने की सीख दी। आईटीआई के फोरमैन मुकेश कुमार गौतम ने कहा कि साथियों से बिछड़ने का दुख तो होता है, लेकिन इस बात की खुशी भी होती है कि वे अपने भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर अमित कुमार शुक्ला, विवेक कुमार, सुधीर सिंह, शिवम, अशोक कुमार, मनोज कुमार, शालिनी शर्मा, आकाश कुमार, विष्णु कुमार सक्सेना, भागीरथ, सर्वेश कुमार, सूरजपाल सिंह, सुधाकर मिश्रा, वीरेन्द्र पाल, जितेन्द्र सिंह, वीरपाल, सतपाल, कुसुम, रमेश. चंद्र, संजय कुमार, मुकेश कुमार, अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 8 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# क्या कुछ बड़ा होगा

इस समय पूरा विश्व सहमा दिखाई दे रहा है, जोकि स्वाभाविक भी है। सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इस बात को लेकर चर्चाएं गर्म हो रही हैं कि अपने अल्टीमेटम के अनुसार क्या अमेरिकी राष्ट्रपति आज (मंगलवार रात) ईरान पर ऐसा हमला करेंगे, जिसके बारे में उन्होंने अपनी प्रेस कान्फ्रेंस में कहा था, यह बात तो वह पहले ही कह चुके हैं कि वह जब चाहें ईरान को पाषाण युग में पहुंचा सकते हैं। उनकी कही इसी बात को ध्यान में रखते हुए ही तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं कि क्या अमे. रिका ईरान पर इस तरह का हमला करेगा, जैसा उसने अब तक किसी देश पर नहीं किया है। सारी दुनिया इसलिए सहमी हुई है, क्योंकि यह युद्ध भले ही पश्चिमी एशिया में ईरान व इस्राईल/अमेरिका के बीच हो रहा हो, लेकिन इसमें पूरी दुनिया झुलसती दिखाई दे रही है। इस युद्ध को जारी हुए 38 दिन हो गए हैं और समय के साथ-साथ इसकी तपिश और बढ़ती जा रही है। जनता अभी भी इस युद्ध से प्रभावित होती दिखाई दे रही है। कई देशों में पेट्रोल, डीजल व गैस की किल्लत शुरू भी हो गई है। हालांकि भारत में ऐसा नहीं है, लेकिन अगर यह युद्ध जारी रहता है, तो कहीं भी दिक्कत आगे चलकर आ सकती है। यह अपनी तरह का शायद पहला युद्ध है, जिसमें एक से बढ़कर एक हमले हो रहे हैं और बातचीत के दावे भी किए जा रहे हैं। मंगलवार को भी खबर आई, जिसमें अमेरिका के एक अधिकारी ने कहा है कि उनकी ईरान के नेताओं से बातचीत चल रही है। अधिकारियों की तरफ से यह भी कहा गया कि बातचीत अच्छी चली है, लेकिन साथ ही यह भी कह डाला कि यह ईरान के लिए अच्छा होगा कि वह ट्रम्प का अल्टीमेटम खत्म होने से पहले किसी नतीजे पर पहुंचें। ईरान के मिजाज को देखते हुए ऐसा नहीं लगता कि वह किसी भी तरह के युद्ध विराम को लेकर लचक दिखा रहा है। वैसे देखा जाए तो ईरान के तर्क में दम है। ईरान का कहना है कि अस्थायी युद्ध विराम का कोई मतलब नहीं है। अगर बातचीत हो, तो स्थायी युद्ध विराम पर हो। उस पर लगाए प्रतिबंध हटें, हमले बंद हों। इसी तरह की बातों का उसने दस शर्तों का अपना एजेंडा तैयार किया है। जाहिर है इस तरह की बातें अमेरिका को पसंद नहीं आई और जिस तरह की बातें अमेरिका कर रहा है वह ईरान को अस्वीकार्य हैं। वैसे देखा जाए तो इस समय अगर दुनिया उलझी हुई दिखाई दे रही है, तो इसके लिए अमेरिका ही ज्यादा जिम्मेदार है। अब तो उनके बयान गाली-गलौज के स्तर तक भी आ गए हैं। जिसकी आलोचना बाहर की दुनिया को तो छोड़िए खुद उनके देश में ही हो रही है। जिस तरह ईरान में पुल, यूनिवर्सिटी व ऊर्जा के संस्थान हमले की जद में आ रहे हैं, वह किसी भी सुपर पॉवर देश के मयार के खिलाफ ही कहे जाएंगे, लेकिन दिक्कत यह है कि आखिर ट्रम्प को समझाएं कौन।

## हिमंता बिस्वा सरमा घबराए और परेशान



कांग्रेस मीडिया विभाग चेयरमेन पवन खेड़ा के घर पर एक जनहित के मुद्दे पर सवाल उठाने के लिए पुलिस की पूरी फौज लगाना इस बात का प्रमाण है कि असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा घबराए, परेशान और बौखलाए हुए हैं, यह कानून की उचित प्रक्रिया नहीं, बल्कि राजनीतिक प्रतिशोध है, राज्य की मशीनरी का इस्तेमाल विपक्ष की आवाज को दबाने और डराने के लिए किया जा रहा है, क्योंकि विपक्ष सरकार के काले कारनामों को उजागर कर रहा है, जो लोग डराने-धमकाने की राजनीति करते हैं, वही सबसे ज्यादा डरे हुए होते हैं और उनके पास छिपाने के लिए बहुत कुछ होता है, यह पूरी कार्रवाई इस बात का संकेत है कि असम के मुख्यमंत्री को अपनी हार साफ दिखाई दे रही है, इसलिए वह इस तरह के कदम उठा रहे हैं।

**-जयराम रमेश, प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

# क्यों कम हुई हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों की विश्वसनीयता



**रोहित कौशिक**





कोई भी इंसान हेल्थ इंश्योरेंस क्यों लेता है? जाहिर है कि इंसान हेल्थ इंश्योरेंस इसलिए लेता है कि बीमार होने पर अस्पताल के मोटे खर्चों का बोझ कुछ कम हो सके। इसीलिए एक आम इंसान थोड़े-थोड़े रुपये जोड़कर हेल्थ इंश्योरेंस की महंगी किश्त भरता है, लेकिन जब समय पर हेल्थ इंश्योरेंस भी काम न आ सके तो फिर हेल्थ इंश्योरेंस लेने का क्या लाभ है? जहां एक ओर अनेक हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियां इस क्षेत्र में अच्छा काम कर रही है, वहीं दूसरी ओर अनेक हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों के खिलाफ अनेक शिकायतें भी आई हैं। कुछ समय पहले अस्पताल और बीमा कंपनियों के बीच कैशलेस इलाज को लेकर विवाद हो रहा था।

अस्पतालों के संगठन एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स ऑफ इंडिया (एएचपीआई) ने बीमा कंपनियों पर आरोप लगाया था कि बीमा कंपनियां इलाज की बढ़ती लागत को नहीं मान रही हैं। एएचपीआई का कहना था कि बीमा कंपनियां मनमानी कर रही हैं। एएचपीआई देशभर के कई अस्पतालों का संगठन है। इस संगठन का कहना था कि कोराना काल के बाद अस्पतालों का खर्च काफी बढ़ गया है। कारोना काल के बाद बदली हुई परिस्थितियों में अस्पतालों के लिए पुरानी दरों पर काम करना असंभव है। दूसरी तरफ बीमा कंपनियों का कहना था कि अस्पताल कोरोना काल के बाद उपजी परिस्थितियों के बहाने अनावश्यक रूप से इलाज का खर्च बढ़ा रहे हैं। बीमा कंपनियां अस्पतालों के खर्च को मनमानी वृद्धि बता रही थीं और रेट बढ़ाना नहीं चाहती थीं। इस विवाद का सीधा असर बीमाधारकों पर पड़ा। कुछ कंपनियां हेल्थ इंश्योरेंस के क्षेत्र में बेहतर तरीके से क्लेम दे रही हैं लेकिन अनेक लोगों का कहना है कि कुछ कंपनियां क्लेम देने में लोगों को काफी परेशान करती हैं। हालांकि हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों का कहना है कि हम उपभोक्ताओं के लिए ही हैं और उपभोक्ताओं को समस्त सुविधाएं देना चाहते हैं लेकिन हमें क्लेम देने से पहले सारी जांच करनी होती है ताकि लोग फर्जी तरीके से क्लेम न ले सकें। भारत में ज्यादातर लोग इस उम्मीद में केशलेस मेडिकल इंश्योरेंस लेते हैं कि जब वे अस्पताल में एडमिट होंगे तो उन्हें उस समय अपनी जेब से रूपए जमा नहीं करने पड़ेंगे बल्कि इंश्योरेंस कंपनी सीधे अस्पताल को पेमेंट कर देगीं। कुछ समय पहले हुए इस विवाद में दोनो पक्ष एक दूसरे को ब्लैक लिस्ट कर रहे थे। हालांकि अब कहा जा रहा है कि कुछ कंपनियों के साथ यह विवाद सुलझा लिया गया है। एएचपीआई का आरोप था कि कुछ हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों ने बहुत सारे अस्पतालों को ब्लैक लिस्ट कर दिया था। एएचपीआई ने इन कंपनियों से यह अपील की थी कि आप यह ब्लैक लिस्ट हटाइए और रोगियों को कैशलेस सुविधा दीजिए। दूसरी तरफ हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों ने अस्पतालों से कहा था कि आप इलाज का दाम कम कीजिए। इसके बाद एएचपीआई ने चेतावनी दी थी कि वह इन कंपनियों की लगातार आ रही शिकायतों के कारण इन कंपनियों के पॉलिसीधारकों के लिए कैशलेस सेवाएं बंद करेगा। पिछले दिनों एक हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी ने पूरे भारत में मैक्स हॉस्पिटल के लिए कैशलेस इलाज सुविधा को स्थगित कर दिया था। बाद में कुछ अन्य मेडिकल इंश्योरेंस कंपनियों ने भी एक हॉस्पिटल के साथ कैशलेस इलाज की सुविधा बंद कर दी थी। इन कंपनियों का कहना था कि पॉलिसीधारक के लिए कैशलेस सेवाएं अब भी देशभर के कई अच्छे अस्पतालों में उपलब्ध हैं। इन कंपनियों का कहना था कि बीमाधारकों के लिए उन्होंने प्राथमिकता के साथ फास्ट ट्रेक रिइंबर्समेंट क्लेम प्रोसेसिंग की सुविधा शुरू की है।

यह सही है कि धीरे-धीरे हमारे देश की स्वास्थ्य सेवाओं मे सुधार हो रहा है लेकिन जनसंख्या को देखते हुए अभी भी स्वास्थ्य सेवाओं में बहुत ज्यादा सुधार की जरूरत है। पिछले दिनों नीति आयोग ने स्वास्थ्य सेवाओं के लिए खर्च बढ़ाने की जरूरत बताई थी। भारत में स्वास्थ्य सेवाओं में जीडीपी का मात्र डेढ़ फीसद ही खर्च होता है। दुनिया के कई देश स्वास्थ्य सेवाओं की मद में आठ से नौ फीसद तक खर्च कर रहे हैं। जब इस दौर में भी गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों के लिए अस्पतालों में स्ट्रेचर जैसी मूलभूत सुविधाएं न मिल पाएं, तो देश की स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल उठना लाजमी है। इस प्रगतिशील दौर में भी ऐसी अनेक खबरें प्रकाश में आई हैं कि जब अस्पताल गरीब मरीज के शव को घर पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस तक उपलब्ध नहीं करा पाए। एक तरफ मरीज व्यवस्था की मार झेलता है तो दूसरी तरफ महंगी स्वास्थ्य सेवाओं से उसकी कमर टूट जाती है। ऐसे माहौल में यदि हेल्थ इंश्योरेंस का पूरा लाभ भी न मिल पाए तो इससे शर्मनाक और क्या हो सकता है ?

दरअसल पिछले कुछ समय से हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों की काफी शिकायतें आ रही हैं। जब मरीज अस्पताल में भर्ती हो जाता है तो हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियां काफी तरह के नखरे करती हैं। अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान बीमार इंसान के परिजनों को काफी समस्याओं का सामना करता है। कैशलेस मेडिकल इंश्योरेंस में भी कंपनियां अस्पतालों को पैसा भेजने में कई तरह की औपचारिकताएं पूरी करती हैं। इसके बावजूद कई बार अस्पतालों को पैसा नहीं भेजा जाता है। उस समय अस्पताल के संचालक रोगी के परिजनों को परेशान करते हैं। जिन अस्पतालों में कैशलेस सुविधा उपलब्ध नहीं होती है, वहां मरीज को पहले अस्पताल में अपनी जेब से रूपए देने होते हैं। बाद में बीमाधारक के पास मेडिकल इंश्योरेंस कंपनी से रूपए आते हैं। इस प्रक्रिया में भी मरीज और परिजनों को काफी परेशान किया जाता है। कभी कंपनी कहती है कि यह पेपर भेजो, कभी कहती है कि वह पेपर भेजो। कभी कहती है कि मेल भेजो। कभी कहती है कि डॉक्टर से अमुक बात लिखवाओ। यानी जो हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियां पॉलिसी लेने के लिए जी जान लगा देती हैं। जो इंश्योरेंस कंपनियां पॉलिसी लेते वक्त विनम्र बनी रहती हैं, वे ही कंपनियां हेल्थ इंश्योरेंस का धन देने के वक्त तमाम तरह की औपचारिकताएं पूरी करवाकर भी पैसा देने में आनाकानी करने लगती है। यही कारण है कि एक-दो मेडिकल इंश्योरेंस कंपनियां तो इस मामले में काफी बदनाम हो चुकी हैं। क्लेम देने में आनाकानी करने के कारण ऐसी कंपनियों की काफी शिकायतें आ रही हैं। हालांकि सभी कंपनियां सभी मामलों में धन जारी करने में आनाकानी नहीं करती हैं। कई लोग हेस्थ इंश्योरेंस कंपनियों पर अब भी पूरा भरोसा करते हैं। इसके बावजूद पिछले कुछ समय से हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों की विश्वसनीयता कम हुई है। इसका सीधा असर बीमाधारकों पर पड़ रहा है। इस मामले में हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों की अपनी परेशानी है लेकिन कंपनियों को उपभोक्ता के हितों का ध्यान भी रखना होगा ताकि हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों की विश्वसनीयता बनी रह सके। इस दौर में जबकि निजी चिकित्सा सुविधाएं काफी महंगी होती जा रही है, जनता को हेल्थ इंश्योरेंस की काफी जरूरत है।

# प्रदूषण से यूं ही बच पाना आसान नहीं

**लोगों को अपशिष्ट प्लास्टिक उपयोग से बचने के लिए प्रेरित करना चाहिए और पुनः चक्रीय सामग्रियों का पुनर्चक्रण करने के लिए उत्साहित करना चाहिए। वृक्षारोपण कार्यक्रमों को समर्थन देना चाहिए जो जल, वायु और प्रदूषण को कम करने में मदद कर सकते हैं। कचरा प्रबंधन सही ढंग से कचरा प्रबंधन करना चाहिए।**

## समय रहते कुछ न कुछ करने की जरूरत, नहीं तो परिणाम गंभीर

प्रदूषण एक समस्या है जो विश्वभर में बढ़ रही है और इसका असर सभी क्षेत्रों में महसूस हो रहा है। भारत में भी प्रदूषण की स्थिति गंभीर है और इसे नियंत्रित करने के लिए कदम उठाना आवश्यक है।

**प्रदूषण के प्रकार**

प्रदूषण कई प्रकार का हो सकता है, जैसे कि वायु, जल, ध्वनि, भूमि, और अन्य। वायु प्रदूषण में उदाहरण के लिए उद्योगी उद्यमों से निकलने वाले वायुमंडल के अनैतिक अंशों का समाहित होना शामिल है, जबकि जल प्रदूषण में जल स्रोतों में आने वाले विभिन्न आपदाएं शामिल हैं।

**प्रदूषण के कारण**

प्रदूषण के कारणों में व्यक्तिगत उपयोग, उद्योग, वाहन, और अन्य शामिल हैं। बढ़ती जनसंख्या और अत्यधिक उपभोक्ता सामग्रियों का उपयोग भी महत्वपूर्ण कारक हैं।

**प्रदूषण के प्रभाव**

प्रदूषण के प्रभावों में स्वास्थ्य समस्याएं, जलवायु परिवर्तन, और वन्यजीव संरक्षण की समस्याएं शामिल हैं। यह समस्याएं समृद्धि की दिशा में बड़े आंकड़े हैं और समाधान की आवश्यकता है।

भारत में बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण को कम करने के लिए विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं। यहां सुझाव दिए जा रहे हैं जो लोग पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में योगदान कर सकते हैं-

**विद्युत स्रोतों का परिवर्तन**

अधिकतम विद्युत स्रोतों का उपयोग करना जैसे कि सौर ऊर्जा और वायु ऊर्जा को बढ़ावा देना प्रदूषण को कम करने में मदद कर सकता है।

मुख्य रूप से शीतकालीन मौसम में दिल्ली में बढ़ता प्रदूषण और प्रदूषण से जुड़े प्रॉब्लम्स में से एक है पाराली या पराली प्रदूषण। यह समस्या अक्टूबर और नवम्बर महीने में उत्तर भारत क्षेत्रों से आती है, जिसमें किसान अपने खेतों की फसल की शेषांशों को जला देते हैं। यह आमतौर पर उत्तर प्रदेश, हरियाणा, और पंजाब से आने वाली होती है।

पराली प्रदूषण के कारण दिल्ली में वायुमंडल में स्थानीय प्रदूषण की मात्रा में वृद्धि होती है, जिससे प्रदूषण का स्तर बहुत अधिक हो जाता है। यह प्रदूषण सांस लेने में कठिनाई, आंतरगत संघर्ष, और बच्चों और बूढ़ों के लिए स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न कर सकता है। सरकार और नागरिक समूह इस समस्या का हल निकालने के लिए कई कदम उठा रहे हैं, जैसे कि पराली जलाने



की प्रवृत्ति को कम करने के लिए किसानों को उत्तरदाताओं के साथ बातचीत करने के प्रेरित करना और पर्यावरण के लिए सही उपायों की ओर बढ़ना।

**पब्लिक परिवहन का उपयोग**

व्यक्तिगत वाहनों की तुलना में पब्लिक परिवहन का उपयोग करना प्रदूषण को कम कर सकता है।

**अपशिष्ट प्लास्टिक उपयोग को कम करें**

लोगों को अपशिष्ट प्लास्टिक उपयोग से बचने के लिए प्रेरित करना चाहिए और पुनः चक्रीय सामग्रियों का पुनर्चक्रण करने के लिए उत्साहित करना चाहिए।

**वृक्षारोपण**

वृक्षारोपण कार्यक्रमों को समर्थन देना चाहिए जो जल, वायु, और प्रदूषण को कम करने में मदद कर सकते हैं।

**कचरा प्रबंधन**

सही ढंग से कचरा प्रबंधन करना चाहिए, इसमें रीसाइक. लिंग और शुद्धिकरण के प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करना चाहिए।

**उचित जल संवेदनशीलता**

जल संवेदनशीलता बढ़ाना चाहिए, और उचित जल उपयोग करने के लिए समर्थन देना चाहिए।

**संगठनित प्रयास**

लोगों को सामूहिक रूप से पर्यावरण के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित करें, सामूहिक पर्यावरण संरक्षण परियोजनाओं में भाग लेने के लिए उत्साहित करना चाहिए।

# तेल की तलवार : पश्चिम एशिया संकट में भारत की अग्नि परीक्षा

दशकों पहले युद्ध केवल सीमाओं पर जमीन के टुकड़ों के लिए लड़े जाते थे लेकिन 2026 का यह दौर गवाह है कि आधुनिक युद्ध 'संप्रभुता' से ज्यादा 'संसाधनों' का है। युद्ध की गोलियां, मिसाइलें अब ऊर्जा की पाइपलाइनों और तेल के टैंकरों पर चलती है। पश्चिम एशिया में ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच छिड़ा यह त्रिकोणीय संघर्ष भी महज जमीन का विवाद नहीं है बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की जीवन. रेखा 'ऊर्जा आपूर्ति' पर नियंत्रण की जंग है। भारत के लिए यह संकट केवल पैट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों तक सीमित नहीं है बल्कि यह एक ऐसी राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौती है, जिसने देश के सामने एक अ. श्य 'ऊर्जा लॉकडाउन' का खतरा पैदा कर दिया है। जब संसद में प्रधानमंत्री ने इस संकट की तुलना 'कोरोना काल' की विभीषिका से की तो उनका आशय घर में बंद होने से नहीं बल्कि उस वैश्विक अनिश्चितता से था, जो किसी भी क्षण भारत की विकास दर के पहियों को जाम कर सकती है। यदि 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' पर ताला लगता है तो भारत की रगों में दौड़ने वाला 60 प्रतिशत तेल और एलएनजी का प्रवाह थम जाएगा, जो देश को एक भयावह 'ऊर्जा लॉकडाउन' की ओर धकेल सकता है।

**होर्मुज की घेराबंदी**

विश्व मानचित्र पर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज वह संकरा जलमार्ग है, जिससे दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत कच्चा तेल और भारी मात्रा में एलएनजी गुजरती है। ईरान द्वारा इस जलमार्ग को प्रभावित करने का अर्थ है, वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति की गर्दन दबाना। फरवरी 2026 के अंत से शुरू हुए इस युद्ध ने मात्र पांच हफ्तों में कच्चे तेल की कीमतों को 85 डॉलर से 110 डॉलर के पार पहुंचा दिया है। भारत अपनी एलपीजी जरूरतों का 40 प्रतिशत अकेले कतर से पूरा करता है। कतर के रास लाफान एलएनजी प्लांट पर हुए हमलों ने न केवल उत्पादन घटाया है बल्कि भारत के घरेलू चूल्हों तक पहुंचने वाली गैस की कीमतों में आग लगा दी है। युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक कच्चे तेल की कीमतें 85 डॉलर से उछलकर 110 डॉलर प्रति बैरल को छू रही हैं। भारत के लिए गणित सीधा और क्रूर है, कच्चे तेल में 10 डॉलर की हर बढ़ोतरी हमारे चालू खाता घाटे में लगभग 12-15 अरब डॉलर की वृद्धि करती है। यह स्थिति हमें दो टूक शब्दों में चेतावनी दे रही है कि पराई बैसाखियों पर टिकी ऊर्जा सुरक्षा कभी भी धराशाई हो सकती है।

**सामरिक पैट्रोलियम भंडार: क्या पर्याप्त है चंद दिनों की सुरक्षा?**

ऊर्जा सुरक्षा के मोर्चे पर भारत की सबसे बड़ी कमजोरी उसका सीमित सामरिक पैट्रोलियम भंडार है। दुनिया के विकसित देश जैसे अमेरिका, जापान और चीन अपनी ऊर्जा सुरक्षा के लिए 90 दिनों का 'स्ट्रैटिजिक पेट्रोलियम रिजर्व' रखते हैं, वहीं भारत की स्थिति चिंताजनक है। वर्तमान में हमारे पास विशाखापट्टनम, मंगलुरु और पाडुर में कुल 53।3 लाख टन का भंडार है, जो मुश्किल से 9 दिन की आपूर्ति कर सकता है। हालांकि दूसरे चरण में चंडीखोल और बीकानेर जैसे स्थानों पर भंडार क्षमता बढ़ाकर इसे 60-65 दिनों तक ले जाने की योजना है लेकिन इसकी गति 'युद्धस्तर' पर नहीं है। हमारे मौजूदा भंडार का करीब 36 प्रतिशत हिस्सा खाली पड़ा है। एक तरफ हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का स्वप्न देख रहे हैं और दूसरी तरफ हमारी ऊर्जा की 'लाइफलाइन' केवल कुछ दिनों के स्टॉक पर टिकी है। यदि आज हमारे पास 90 दिनों का सुरक्षित भंडार होता तो भारत को अपनी विदेश नीति में तटस्थता का नाटक नहीं करना पड़ता बल्कि वह एक सशक्त वैश्विक खिलाड़ी की तरह अपना पक्ष रख सकता था। यदि होर्मुज जलडमरूमध्य 30 दिनों के लिए बंद हो जाता है और भारत के लिए आपूर्ति बाधित होती है तो भारत की अर्थव्यवस्था 'वेंटिलेटर' पर आ जाएगी। इसलिए चंडीखोल और बीकानेर में प्रस्तावित दूसरे चरण के भंडारों का निर्माण युद्धस्तर पर होना अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता है।

**कूटनीतिक विवशता और स्वतंत्रा विदेश नीति का संकट**

भारत की रणनीतिक स्वायत्तता आज तेल की निर्भरता के कारण परीक्षा की घड़ी में है। तेल की निर्भरता केवल आर्थिक बोझ नहीं बल्कि कूटनीतिक बेड़ियां भी है। भारत को अपने पुराने और रणनीतिक मित्र ईरान का साथ छोड़कर इजरायल और अमेरिकी समर्थित खाड़ी देशों के पाले में खड़े होने पर मजबूर होना पड़ा है। यह बदलाव केवल नीतिगत नहीं बल्कि विवशतापूर्ण है। खाड़ी देशों में रहने वाले 90 लाख भारतीयों की सुरक्षा और वहां से आने वाला 'रेमिटेंस' भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इसलिए खाड़ी देशों में रहने वाले 90 लाख भारतीय प्रवासियों के हितों और तेल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ही भारत को अपनी स्वतंत्र विदेश नीति से समझौता करना पड़ रहा है। जब तक हम ऊर्जा के लिए आयात पर 85 प्रतिशत निर्भर रहेंगे, तब तक हमारी विदेश नीति की चाबी विदेशी राजधानियों के हाथों में रहेगी और वाशिंगटन या तेहरान में होने वाली हर हलचल नई दिल्ली के माथे पर चिंता की लकीरें खींचती रहेगी। यह युद्ध हमें सिखाता है कि सच्ची संप्रभुता केवल सीमाओं की रक्षा में नहीं बल्कि ऊर्जा की आत्मनिर्भरता में निहित है।

**अफवाहों का बाजार व डैमेज कंट्रोल**

युद्ध के बीच भारत में लॉकडाउन की अफवाहों ने पैनिक पैदा किया है। हालांकि, तीन मंत्रियों निर्मला सीतारमण, किरेन रिजिजू और हरदीप पुरी ने स्पष्ट किया कि देश सुरक्षित है। सरकार की ओर से दावा किया जा रहा है कि भारत के पास तेल और गैस की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विविधीकृत स्रोत हैं और पैनिक की कोई आवश्यकता नहीं है लेकिन सतर्कता और ऊर्जा संरक्षण हमारा सामूहिक धर्म है। सरकार का यह स्पष्टीकरण अल्पकालिक राहत तो देता है लेकिन एक दीर्घकालिक प्रश्न भी छोड़ता है कि क्या हम हर संकट के समय केवल डैमेज कंट्रोल ही करते रहेंगे या भविष्य की नींव रखेंगे? वैश्विक ऊर्जा संकट और बढ़ती आयात निर्भरता के इस दौर में वैकल्पिक ऊर्जा अब केवल एक विकल्प नहीं बल्कि राष्ट्रीय अनिवार्यता बन चुकी है। ऊर्जा आत्मनिर्भरता ही सच्ची स्वतंत्रता का आधार है और भारत को इस दिशा में निर्णायक कदम उठाने होंगे। प्रधानमंत्री की मुफ्त बिजली योजनाएं और रूफटॉप सोलर मिशन केवल नीतिगत पहल नहीं बल्कि आत्मनिर्भर भारत के सशक्त आधारस्तंभ हैं। भारत में 33 करोड़ एलपीजी उपभोक्ता हैं, जो बड़े पैमाने पर आयातित ईंधन पर निर्भर हैं। यदि रसोई को इंडक्शन कुकिंग और एथनॉल आधारित विकल्पों की ओर मोड़ा जाए तो न केवल खर्च कम होगा बल्कि ऊर्जा आयात का बोझ भी घटेगा। लगभग 8 रूपए प्रति यूनिट की दर से बिजली पर खाना बनाना एलपीजी की तुलना में किफायती है, वहीं कृषि अवशेषों से बनने वाला एथनॉल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे सकता है। इससे 'अन्नदाता' ही 'ऊर्जादाता' बन सकता है। परिवहन क्षेत्र में विद्युतीकरण भी उतना ही आवश्यक है। वर्तमान में तेल की सबसे अधिक खपत इसी क्षेत्र में होती है जबकि बिजली की हिस्सेदारी नगण्य है। यदि सार्वजनिक और वाणिज्यिक परिवहन को इलैक्ट्रिक किया जाए तो अरबों डॉलर की विदेशी मुद्रा बचाई जा सकती है। सौर ऊर्जा और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे विकल्प भारत को स्थाई, स्वच्छ और सुरक्षित ऊर्जा भविष्य की ओर ले जा सकते हैं। अब समय आ गया है कि भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में निर्णायक परिवर्तन करे।

**-योगेश कुमार गोयल**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### डब्ल्यूएचओ ने गाजा से मेडिकल निकासी रोकी

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने गाजा पट्टी से मरीजों की चिकित्सा निकासी अस्थाई रूप से रोक दी है। यह निर्णय संगठन से जुड़े एक कर्मचारी की मौत के बाद लिया गया। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेएसस ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि गाजा में संगठन के लिए कार्य कर रहे एक व्यक्ति की सुरक्षा से जुड़ी घटना में मृत्यु हो गई है और मामले की जांच संबंधित प्राधिकरणों द्वारा की जा रही है।

### विक्रम मिश्री आठ अप्रैल को अमेरिका की यात्रा पर जाएंगे

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विक्रम मिश्री से 10 अप्रैल तक अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। मिकी यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब वैश्विक अनिश्चितताएं बढ़ रही हैं। इस यात्रा का उद्देश्य प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करना और साथ ही महत्वपूर्ण क्षेत्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों का समाधान करना है। विदेश मंत्रालय के अनुसार विदेश सचिव की अमे. रिका यात्रा भारत-अमेरिका संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा करने और व्यापार, रक्षा तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगी।

### कैंसर से जूझ रहे लोगों ने श्रीनगर में बिताया उम्मीद भरा दिन

**श्रीनगर।** अस्पताल के माहौल से बाहर निकलकर कश्मीर के प्रसिद्ध ट्यूलिप गार्डन में पहुंचे कैंसर से जूझ रहे बच्चों के लिए मंगलवार का दिन खुशी और उम्मीद से भरा रहा। जबरवान पर्वत शृंखला की तलहटी में स्थित एशिया के सबसे बड़े ट्यूलिप उद्यान में आयोजित इस विशेष भ्रमण का उद्देश्य उपचार के बीच बच्चों का मनोबल बढ़ाना और उन्हें कुछ सुकून भरे पल देना था। शेर-ए-कश्मीर आयुर्विज्ञान संस्थान (स्किम्स) के चार से 18 वर्ष की उम्र के बच्चे इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

# ईरान समर्थित समूहों का अमेरिकी ठिकानों पर ड्रोन हमला

## हमलों को ईरान के खिलाफ जारी अमेरिका-इजरायल अभियानों के प्रतिशोध के रूप में देखा जा रहा

**बगदाद/दमिश्क।** इराक और सीरिया में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ईरान समर्थित समूहों ने ड्रोन हमले किए गए हैं। इस्लामिक रेजिस्टेंस इन इराक के बैनर तले सक्रिय इन समूहों द्वारा किए गए हमलों को पश्चिम एशिया में ईरान के खिलाफ जारी अमेरिका-इजरायल अभियानों और अन्य क्षेत्रीय संघर्षों के प्रतिशोध के रूप में देखा जा रहा है।

इराकी मीडिया के अनुसार, इराक के अर्ध-स्वायत्त कुर्दिस्तान क्षेत्र में स्थित 'हरीर एयरबेस' पर मंगलवार तड़के एक मानव रहित विमान (ड्रोन) से हमला किया गया। अधिकारियों ने अभी तक हताहतों की संख्या या क्षति के विस्तार के बारे में विवरण जारी नहीं किया है। किसी भी समूह ने आधिकारिक तौर पर इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि, 'इस्लामिक रेजिस्टेंस इन इराक' ने घोषणा की है कि उसने पिछले 24 घंटों के दौरान इराक और पूरे क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर आत्मघाती ड्रोनों से कम से कम 11 हमले किए हैं।

एक संबंधित घटना में, इराक-सीरिया सीमा के पास पूर्व अर्धसैनिक गठबंधन 'हशद अल-शाबी' (जिसे पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्सेज के रूप में भी जाना जाता है) का एक लड़ाका मारा गया। स्थानीय मीडिया के अनुसार, गठबंधन ने इस हमले के लिए अमेरिकी और इजरायली सेना को जिम्मेदार ठहराया है। स्थानीय मीडिया ने गठबंधन के हवाले से बताया कि आज सुबह 4 बजे अनबार प्रांत के कायम जिले में 45वें ब्रिगेड पर विश्वासघाती अमेरिकी-इजरायली हमला किया गया।



- अधिकारियों ने अभी तक हताहतों की संख्या या क्षति के विस्तार के बारे में विवरण जारी नहीं किया
- पिछले 24 घंटों के दौरान इराक और पूरे क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर आत्मघाती ड्रोनों से कम से कम 11 हमले किए हैं

### ईरान के पारदीस प्रांत में अमेरिका-इजरायल हमला, छह की मौत

**तेहरान।** ईरान के पूर्वी प्रांत पारदीस में अमेरिका और इजरायल के हमले में तीन बच्चों समेत कम से कम छह लोग मारे गए हैं। मेहर न्यूज एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस बीच सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसके वायु रक्षा बल ने सोमवार रात को देश के पूर्वी प्रांत में तेल इंडस्ट्री की जगहों के पास सात बैलिस्टिक मिसाइलों को रोक दिया। रक्षा मंत्रालय ने एक्स पर कहा कि पूर्वी प्रांत की ओर दागी गई सात बैलिस्टिक मिसाइलों को इंटरसेप्ट करके नष्ट कर दिया गया। मंत्रालय ने कहा कि बैलिस्टिक मिसाइलों के टुकड़े ऊर्जा स्थलों के पास गिरे हैं। नुकसान कितना हुआ है, इसका अंदाजा लगाया जा रहा है। पिछले कुछ घंटों में, वायु रक्षा प्रणाली ने देश के ऊपर 18 ड्रोन को रोका है। उल्लेखनीय है कि गत 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने तेहरान समेत ईरान के ठिकानों पर हमले किए, जिससे काफी जान माल का नुकसान हुआ। ईरान ने इसके जवाब में इजराइली इलाके और पश्चिम एशिया में अमरीकी सैन्य ठिकानों पर हमला किया।

### ईरान के लिए जासूसी करने के आरोप में दो हिरासत में

**दोहा।** बहरीन के लोक अभियोजक कार्यालय ने कहा कि ईरान के लिए जास. ूसी करने की कथित योजना में दो संदिग्धों को बहरीन के कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने हिरासत में लिया है। बहरीन में अभियोजक कार्यालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि जासूसी करने और खुफिया सेवाओं तथा आतंकवादी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के लिए काम करने के आरोप में दो संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। बयान में आगे कहा गया कि आरोपियों पर देश में संवेदनशील ठिकानों की निगरानी करने, उनके बारे में जानक. ारी एकत्रित करने और उसे ईरान को हस्तांतरित करने का संदेह है। पिछले सप्ताह बहरीन में ईरान के लिए जासूसी के आरोप में हिरासत में लिए गए 32 वर्षीय व्यक्ति की पुलिस हिरासत में मौत के बाद विरोध प्रदर्शन हुए। उनके परिवार ने पुलिस पर जांच के दौरान यातना देने का आरोप लगाया लेकिन बहरीन के अधिकारियों ने इससे इनकार कर दिया। स्थानीय मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के अनुसार, ईरान में संघर्ष शुरू होने के बाद से बहरीन के अधिकारियों ने कम से कम 250 लोगों को हिरासत में लिया है।

### युद्ध खत्म करने की कूटनीतिक कोशिशें 'निर्णयात्मक' चरण में: मोगादम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में ईरान के राजदूत रेजा अमीरी मोगादम ने कहा है कि उनके देश के साथ अमेरिका-इजरायल युद्ध को रोकने की चल रही कूटनीतिक कोशिशें 'निर्णयात्मक, नाजुक' चरण में है, हालांकि उन्होंने और जानकारी नहीं दी।ईरान के अमेरिकी सम्पतियों और इलाके के दूसरे लक्ष्यों पर जवाबी हमलों के बाद खाड़ी के कई पारंपरिक मध्यस्थों के इस लड़ाई में शामिल होने के बाद पाकिस्तान एक मध्यस्थ के तौर पर सामने आया है। एक्सियोस ने एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के हवाले से कहा कि अगर कोई कूटनीतिक समाधान जल्द ही होता दिखता है, तो अमेरिकी



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान के खिलाफ आगे की कार्रवाई में देरी कर सकते हैं।

### ईरान पर बातचीत अब भी जटिल, पक्ष बंटे हुए: रिपोर्ट

**अनताल्या।** ईरान युद्ध को खत्म करने से संबंधित बातचीत चुनौतीपूर्ण बनी हुई है और मूल मुद्दों पर दोनों पक्षों के बीच असहमति बरकरार है। तुर्की सरकार के एक सूत्र ने यह दावा किया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि अमेरिका-ईरान बातचीत सही दिशा में बढ़ रही हैं, हालांकि तुर्की सरकार के इस सूत्र ने ट्रम्प के दावे से बिल्कुल विप. रीत बयान दिया है। स्पूतनिक की एक रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से कहा गया कि ईरान वार्ता बेहद तनावपूर्ण माहौल में चल रही है। दोनों पक्ष कई अहम मुद्दों पर अब भी असहमत हैं। इसकी वजह से समझौता मुश्किल हो गया है और पहले से अधिक कूटनीतिक प्रयासों की जरूरत बढ़ गई है।

# चीन पर क्यों नहीं पड़ा तेल संकट का असर

## 20 साल पहले इमरजेंसी भंडार बनाए, नए तरीकों से बिजली, केमिकल के लिए भी निर्भर नहीं

**बीजिंग।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच जहां कई देश ऊर्जा संकट से जूझ रहे हैं, वहीं चीन पर इसका असर बाकी दुनिया के मुकाबले कम दिखाई दे रहा है।

इसकी वजह यह है कि चीन खुद को कई सालों से ऐसे हालात के लिए तैयार कर रहा था। चीन दुनिया का सबसे बड़ा तेल खरीदने वाला देश है, इसलिए अगर तेल की सप्लाई में रुकावट आती है तो उसे सबसे ज्यादा नुकसान होना चाहिए था। लेकिन चीन ने पहले से ही बड़ी मात्रा में तेल जमा करके रखा हुआ है। इसके अलावा चीन बिजली से चलने वाले सिस्टम पर शिफ्ट कर चुका है और कोयले से भी जरूरी चीजें बना रहा है। चीन ने धीरे-धीरे अपनी ऊर्जा पालिसी को इस तरह बदला कि वह वैश्विक सप्लाई शाक का सामना कर सके।



- चीन दुनिया का सबसे बड़ा तेल खरीदने वाला देश है, चीन ने पहले से ही बड़ी मात्रा में तेल जमा करके रखा हुआ है

सरकार ने अहम सेक्टर्स में निवेश बढ़ाया और इंडस्ट्रियल स्ट्रेंथ को राष्ट्रीय सुरक्षा का हिस्सा बनाया। इसके साथ-साथ उसने बिजली बनाने के दूसरे तरीकों पर भी तेजी से काम किया है, जैसे सौर ऊर्जा, हवा से बनने वाली ऊर्जा और पानी से बनने वाली बिजली। इसी कारण अब चीन में पेट्रोल और डीजल की मांग धीरे-धीरे कम होती जा रही है। चीन की सरकार लंबे समय से यह मानती है कि मजबूत इंडस्ट्री ही देश की असली ताकत होती है। इसी सोच के तहत उसने अपनी फैक्ट्रियों और उत्पादन क्षमता को इतना मजबूत बना लिया है कि उसे बाहर के देशों पर कम निर्भर रहना पड़े। खास तौर पर उसने उन सेक्टर पर ज्यादा ध्यान दिया, जो उसके लिए रणनीतिक रूप से जरूरी हैं। सरकार सीधे तौर पर दिशा देती रही कि किन क्षेत्रों को मजबूत करना है, ताकि चीन किसी भी पश्चिमी देश के दबाव में न आए। ऊर्जा इस पूरी रणनीति का सबसे अहम हिस्सा रही है। कुछ साल पहले तक चीन पेट्रोल-डीजल वाली गाड़ियों का सबसे बड़ा बाजार था, लेकिन अब वह इलेक्ट्रिक गाड़ियों का सबसे बड़ा बाजार बन चुका है। इसका मतलब यह है कि वहां अब बड़ी संख्या में गाड़ियां तेल की जगह बिजली से चल रही हैं, जिससे तेल पर निर्भरता कम हो रही है।

# सील टीम-6 ने पहाड़ों से अमेरिकी पायलट को बचाया

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान में लापता दोनों पायलट्स को 36 घंटे के भीतर रेस्क्यू कर लिया। ईरान में 3 अप्रैल को एक ऑपरेशन पर गए एम-15ई फाइटर जेट्स पर हमला हुआ था। विमान के क्रैश होने से पहले दोनों पायलट्स पैराशूट की मदद से इजेक्ट हो गए थे।

इसमें से एक पायलट को अमेरिकी सेना ने कुछ ही घंटे बाद ढूंढ लिया जबकि दूसरे के लिए एक बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। इसकी सफलता की तारीफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी की। उन्होंने इसे देश के इतिहास का सबसे खतरनाक रेस्क्यू मिशन बताया। एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि अमेरिकी नेवी की स्पेशल यूनिट 'सील टीम-6' ने इसे अंजाम दिया।

ग्राम के विकास के लिए समर्पित
फिरोज बेग
ग्राम प्रधान पद के युवा, शिक्षित व ईमानदार प्रत्याशी
ग्राम पंचायत रेहड़



# नेपाल की नई सरकार ने लिया बड़ा फैसला

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए भारत समेत छह देशों से अपने राजदूतों को वापस बुला लिया है। इन सभी राजदूतों की नियुक्ति पिछली के.पी. शर्मा ओली सरकार ने की थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लोक बहादुर क्षेत्री ने बताया कि कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया। जिन देशों से राजदूतों को वापस बुलाया गया है, उनमें भारत, आस्ट्रेलिया, श्रीलंका, डेनमार्क, दक्षिण कोरिया और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। नेपाल सरकार के इस फैसले के बाद अब भारत में नेपाल के राजदूत शंकर प्रसाद शर्मा को भी अब वापस लौटना होगा। इसके अलावा जिन राजदूतों को वापस बुलाया गया है उनमें- आस्ट्रेलिया से चित्रलेखा यादव, डेनमार्क से सुम्निमा तुलाधर, श्रीलंका से पूर्ण बहादुर नेपाली, दक्षिण कोरिया से शिवमाया तुम्बाहाम्फे और दक्षिण अफ्रीका से कपिलमान श्रेष्ठ को वापस बुलाया गया है। नेपाली विदेश मंत्रालय मुताबिक ने सोमवार को इन सभी राजदूतों को पत्र जारी कर दिए हैं। सरकार ने उन्हें एक महीने के भीतर नेपाल लौटने का निर्देश दिया है। इससे पहले, अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की के नेतृत्व वाली कार्यवाहक सरकार ने भी ओली प्रशासन के समय राजनीतिक कोटे के तहत नियुक्त 17 में से 11 राज. दूतों को वापस बुला लिया था।

आवश्यकता है
जामिया इस्लामिया अरबिया मुरादिया स्कूल, चरथावल रोड
(English Medium - कक्षा 1 से 5 तक)
विद्यालय हेतु एक योग्य एवं अनुभवी प्रधानाचार्य (Principal) तथा प्रशिक्षित अध्यापकों (Teachers) की आवश्यकता है।
प्रधानाचार्य के लिए योग्यता: स्नातक/स्नातकोत्तर (शिक्षा में वरीयता) B.Ed
अध्यापक के लिए योग्यता: स्नातक/स्नातकोत्तर (संबंधित विषय में) B.Ed/BTC
आकर्षक वेतन (योग्यता एंव अनुभव के अनुसार), अनुशासित एवं शैक्षणिक वातावरण
प्रवेश संबंधित सूचना: प्रवेश प्रारंभ (Admissions Open)
मासिक शुल्क: 50 रु. मात्र, प्रवेश नि:शुल्क (Free Admission)
स्थान: चरथावल रोड: इच्छुक अभ्यर्थी अपना Resume शीघ्र भेजें या संपर्क करें।
M. : 9368215210

NUTEMA HOSPITAL
Bringing New Hope To Life!
आरोग्यम् सुख सम्पदा
09 YEARS OF NURTURING SUPER-SPECIALITY EXCELLENCE
www.nutemahospital.com
Celebrating 9th year
सेवा, समर्पण और विश्वास के 9 वर्ष
FOUNDATION DAY
अपने 9वें स्थापना दिवस के अवसर पर हम अपने सभी Patients, their Families, Doctors, Staff और Meerut की जनता का दिल से धन्यवाद करते हैं।
हमारे सफर का एक और गर्वपूर्ण पड़ाव
इस विशेष अवसर पर Nutema Hospital, Meerut गर्व के साथ अपने 9वें स्थापना दिवस का उत्सव मना रहा है। यह दिन केवल एक वर्षगांठ नहीं, बल्कि उन हजारों patients के विश्वास, doctors की विशेषज्ञता और हमारी dedicated medical team के निरंतर प्रयासों का प्रतीक है।
हमारा उद्देश्य हमेशा से यही रहा है कि advanced medical technology, experienced doctors और compassionate patient care के साथ हर मरीज को सर्वोत्तम इलाज प्रदान किया जाए।
Ambulance No.: 70881 60666 / 70882 60666
Opp. L.L.R.M. Medical College, Garh Road, Meerut-250004
t: 0121-2600 666, 94126 00666, 99276 00666 | e: info@nutemahospital.com
for any enquiry 9675 600 666

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर... www.shahtimesnews.com

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्ड़ा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेड़िकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्म टैक), CHD(होम्योपैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:- Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

ADMISSION OPEN
Mom & Me
NURTURING WITH LOVE
PLAY | NURSERY | LKG | UKG | 1st to 4th
M.: 9997023008
Branch1- New Mandi, Near Bala ji Dham Chowk
Branch2- Circular Road, Opp. Canara Bank

जो माता-पिता अपने बच्चों की पढ़ाई से संतुष्ट नहीं हैं और अपने बच्चों को किसी भी क़ीमत पर होशियार और सफल बनाना चाहते हैं तो संपर्क करें!
ESTD. 1995
Unique COACHING CENTRE
UNIQUE SUCCESS POINT
पहले देखे! फिर विश्वास करें!
FREE 10 DAYS DEMO
आपकी एक मीटिंग हमारे साथ आपके बच्चों का जीवन बदल सकती है!
BOTH U.P. & C.B.S.E. BOARD STUDENTS CLASS I TO X
+91 7505612792 +91 9412507193
DIR- LOKESH CHAUHAN M.Sc (Phy.), B.Ed.